राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 157
लखनऊ, शनिवार 07 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विद्युत शिविर में 50 हजार जमा हुआ राजस्व, कटे 46 कनेक्शन 10

प्रदेश में 299 बसों का किया जा रहा संचालन : दयाशंकर 03

## -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,53,860/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,41,050/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,15,430/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,75,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या में 'रन फॉर राम' का चौथा संस्करण 22 फरवरी को

**नई दिल्ली।** आस्था, संस्कृति और विरासत से जुड़ी पावन नगरी अयोध्या 22 फरवरी को 'रन फॉर राम' के चौथे संस्करण की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। राम कथा पार्क में होने वाले इस भव्य मैराथन का आयोजन क्रीड़ा भारती की ओर से किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शन में स्थापित एक प्रमुख खेल संगठन है। यह आयोजन आध्यात्मिकता, शारीरिक फिटनेस और सामाजिक सहभागिता का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन, अनुशासन और मूल्यों से प्रेरित 'रन फॉर राम' अब केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक उद्देश्यपूर्ण जनआंदोलन बन चुका है। अयोध्या की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पृष्ठभूमि में आयोजित यह मैराथन प्राचीन 14-कोसी परिक्रमा से प्रेरणा लेती है, जो आधुनिक मैराथन से बहुत पहले ही सहनशक्ति, एकाग्रता और आंतरिक शक्ति का प्रतीक रही है। अपने चौथे संस्करण में 'रन फॉर राम' में देश-विदेश से 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। इस आयोजन में एथलीट्स, फिटनेस प्रेमी, परिवार, पहली बार दौड़ने वाले प्रतिभागी, वरिष्ठ नागरिक और श्रद्धालु सभी एक साझा मंच पर एकत्र होंगे।

### गो संरक्षण पर आधारित फिल्म 'गोदान' यूपी में टैक्स फ्री

**लखनऊ।** प्रदेश में गो संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित फिल्म गोदान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। राज्य सरकार के इस निर्णय को गो सेवा, गोरक्षा और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार का मानना है कि इस तरह की फिल्मों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और गो संरक्षण जैसे संवेदनशील विषय पर जनजागरूकता बढ़ती है। 'गोदान' फिल्म गोवंश संरक्षण, ग्रामीण जीवन, मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर आधारित है।

### न्यू ताज होटल में लगी भीषण आग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में न्यूज ताज होटल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। सीएनसी मशीन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। कुछ ही सेकंड में पूरा बेसमेंट आग की चपेट में आ गया। घटना के वक्त 300 मजदूर उस बिल्डिंग में काम कर रहे थे। उन्हें आनन-फानन में सुरक्षित निकाला गया। फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया था। इसकी वजह से रेस्क्यू करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बेसमेंट में बिजली के तार भी रखे हुए थे। आशंका है कि इन्हीं तारों के संपर्क में आने से आग और भड़की, जिसके बाद स्थिति गंभीर हो गई।

### घूसखोर पंडत फिल्म के निर्देशक व टीम के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रचारित-प्रसारित की जा रही फिल्म 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक के खिलाफ राजधानी की कोतवाली हजरतगंज में एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई समाज में वैमनस्य फैलाने, धार्मिक एवं जातिगत भावनाओं को आहत करने और शांति व्यवस्था को भंग करने के प्रयास के आरोप में की गई है। थाना हजरतगंज के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रचारित हो रही फिल्म तथा सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे इसके कंटेंट पर संज्ञान लिया। उनके अनुसार 'घूसखोर पंडत' फिल्म का शीर्षक और उसकी प्रचारित सामग्री प्रथम दृष्टया आपत्तिजनक पाई गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा 2026' के नौवें संस्करण में छात्रों से कहा-

# अंकों पर नहीं, जीवन को बेहतर बनाने पर दें ध्यान

**आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को अपने जीवन एवं शैक्षणिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित की सलाह देते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में डेटा सस्ता होने का मतलब यह नहीं है कि वे इंटरनेट पर समय बर्बाद करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के नौवें संस्करण में छात्रों से कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और सभी को पूरी लगन से पढ़ना चाहिए क्योंकि आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। उन्होंने यहां अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों के एक समूह से कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच के भीतर हो लेकिन आसानी से प्राप्त होने वाला न हो। पहले मन को साधो, फिर मन को जोड़ो और फिर जिन विषयों की पढ़ाई करनी है, उन्हें सामने रखो। तब आप हमेशा सफल हो पाएंगे। मोदी ने छात्रों को मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, आपकी गेमिंग में रुचि है लेकिन भारत में डेटा सस्ता है तो सिर्फ समय काटने के लिए इसमें लिप्त मत होइए। इसे मनोरंजन के लिए मत करिए। जो लोग पैसे कमाने के लिए गेमिंग में लिप्त होते हैं, उनका ही नुकसान होता है। हमें देश में जुए को बढ़ावा नहीं देना है।

मैंने ऑनलाइन जुए के खिलाफ कानून बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गेमिंग एक कौशल है क्योंकि इसमें काफी गति होती है और इसका उपयोग सतर्कता परखने तथा आत्म-विकास के लिए किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और हर किसी को पूरी लगन से इसमें जुटना चाहिए, क्योंकि आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। उन्होंने कहा, इसीलिए हमें सिर्फ अंकों पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि जीवन में सुधार पर ध्यान देना चाहिए। यह कक्षाओं और परीक्षाओं से आगे की बात है।



**मैं प्रधानमंत्री बन गया हूं, फिर भी, लोग मुझे सलाह देते हैं**

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हर किसी का कार्य करने का अपना अलग तरीका या शैली होती है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री बन गया हूं। फिर भी, लोग मुझे सलाह देते हैं कि अलग तरीके से काम करो लेकिन हर किसी की अपनी कार्य-शैली होती है। कुछ लोग सुबह बेहतर पढ़ते हैं, कुछ रात में। जो भी आपको सही लगे, उस पर विश्वास करें लेकिन सलाह भी लें और अगर उससे आपको फायदा हो, तो ही उसे अपनी जीवनशैली में शामिल करें। मोदी ने कहा कि उन्होंने भी परीक्षा पे चर्चा में कुछ बदलाव किए हैं, लेकिन अपनी मूल शैली को नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा, जब मैंने परीक्षा पे चर्चा शुरू की थी, तब एक तय तरीका था। अब धीरे-धीरे मैं इसे बदल रहा हूं। इस बार मैंने इसे अलग-अलग राज्यों में भी किया। मैंने अपना तरीका तो बदला, लेकिन मूल शैली को नहीं छोड़ा।

**अतीत के बारे में न सोचें**

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि शिक्षक का प्रयास यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि उसकी अपनी गति छात्र की गति से एक कदम आगे हो। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई, आराम, कौशल और शौक के बीच संतुलन बनाने की सलाह देते हुए कहा कि यही विकास की कुंजी है। उन्होंने कहा, दो तरह के कौशल होते हैं- जीवन कौशल और पेशेवर कौशल। मैं कहता हूं, दोनों साथ-साथ चलते हैं। इसलिए, कौशल की शुरुआत ज्ञान से होती है। मोदी ने बताया कि एक नेता ने उनके जन्मदिन पर उन्हें फोन कर कहा था, आपने 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं, 25 अभी शेष हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मैं अतीत नहीं गिनता। मैं यह गिनता हूं कि कितना शेष है। इसलिए मैं आपसे कहता हूं, अतीत के बारे में मत सोचें। जो सामने है, उसे जीने की कोशिश करें।

## मतदाता सूची में संशोधन की समय सीमा बढ़ी, 6 मार्च तक करें आवेदन : रिणवा

**अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल को जारी की जाएगी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के तहत मतदाता सूची में दावे और आपत्ति करने की अवधि एक माह बढ़ा दी गई है। अब मतदाता 6 मार्च तक सूची में संशोधन या नाम जोड़ सकते हैं।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 फरवरी तक प्राप्त फॉर्म 6 की संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सीईओ ने कहा कि मतदाताओं के लिए नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन करने का समय 6 मार्च तक रहेगा। नोटिसों का निपटारा 27 मार्च तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 10 अप्रैल को जारी की जाएगी। बीएलओ हर दिन सुबह 10 से 12 बजे तक मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। दूसरे मतदाताओं के नाम कटवाने की शिकायतों पर निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस तरह के मामले मीडिया में सामने आ रहे हैं। अधिकारियों को जागरूक किया गया है। यदि किसी को नाम कटवाना है, तो उसे अपना वोटर कार्ड प्रस्तुत करना होगा और कारण भी बताना होगा। एक साथ बड़ी संख्या में फॉर्म 7 स्वीकार नहीं किए जाएंगे। फॉर्म 6 की संख्या बढ़ रही है। 5 फरवरी को 3 लाख 51 हजार 745 फॉर्म 6 प्राप्त हुए। 6 जनवरी से दावे और आपत्ति के साथ ऐसे मतदाता जिनका नाम ड्राफ्ट में था लेकिन उनकी मैपिंग नहीं हुई थी, उनकी संख्या एक करोड़ से अधिक है। 2.22 करोड़ मतदाताओं ने मैपिंग कराई, कुछ तार्किक विसंगतियां थीं, जैसे पिता के नाम और आयु में 15 साल से कम का अंतर। ऐसे 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं। 2.37 करोड़ नोटिस जनरेट हो चुके हैं, जिनमें 86.27 लाख नोटिस सर्व किए जा चुके हैं और 30.30 लाख मामलों में सुनवाई हो चुकी है।



# न कर्फ्यू न दंगा, यूपी में अब सब चंगा : योगी

**लखनऊ/हरिद्वार, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरिद्वार के भारत माता मंदिर, सप्त सरोवर रोड के पास सप्तऋषि आश्रम ग्राउंड में संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी अब एक पिछड़ा राज्य नहीं वरन देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार बन गया है। यूपी की बेहतर कानून-व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब दंगों और कर्फ्यू से मुक्त होकर तेजी से विकास कर रहा है। सीएम ने कहा कि बद्री विशाल का बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ केवल आस्था के केंद्र नहीं हैं, ये राष्ट्र चेतना के केंद्र हैं। राष्ट्र यहां से शक्ति प्राप्त करता है। बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम सिर्फ आध्यात्मिक केंद्र नहीं हैं वरन् राष्ट्रीय चेतना के केंद्र बिंदु हैं। राष्ट्र को यहीं से शक्ति मिलती है। हमने इन केंद्र बिंदुओं को सम्मान के साथ आगे बढ़ाया है। हमने इसकी विरासत का सम्मान किया है। उसकी रक्षा की है। नतीजा है कि एक समय बीमारू राज्य रहा उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था में एक बड़ी सफलता बन रहा है। प्रगति के नए रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। अब यूपी में अराजकता नहीं है। अब दंगे फसाद नहीं हैं। गुंडागर्दी नहीं हैं। यानी न कफ्र्यू, न दंगा यूपी में अब सब चंगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज मेरा सौभाग्य है कि मुझे उत्तराखंड में यहां पर भागीदार बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और आध्यात्मिक गुरु स्वामी अवधेशानंद गिरि, सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हिस्सा लिया।



**उत्तर प्रदेश अब दंगों और कर्फ्यू से मुक्त होकर तेजी से कर रहा विकास**

**हरिद्वार तीर्थस्थल ही नहीं भारत की सांस्कृतिक चेतना का केन्द्र भी : राजनाथ सिंह**



केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गंगा तट पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हरिद्वार केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। यहीं से भारतीय संस्कृति की अखंड धारा प्रवाहित होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी सांस्कृतिक जड़ों की सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। यदि संस्कृति कमजोर होती है तो राष्ट्र भी कमजोर हो जाता है। उन्होंने सनातन संस्कृति, अद्वैत वेदांत, भक्ति परंपरा और गुरु-शिष्य संवाद को भारत की आत्मा बताया। रक्षा मंत्री हरिद्वार के सप्तऋषि क्षेत्र स्थित भारत माता मंदिर परिसर में ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की समाधि मंदिर में मूर्ति स्थापना के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। शुक्रवार को विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर समाधि मंदिर एवं प्रतिमा का विधिविधान से अनावरण किया गया।

# बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण

### मिसाइल की 3500 किमी. रेंज में है पूरा पाकिस्तान व चीन का लगभग आधा हिस्सा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने ओडिशा के तट से दूर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण करके अपनी मिसाइल शक्ति और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र में एक और कामयाबी हासिल की है। मिसाइल का परीक्षण पूरी तरह से सफल रहा और यह विभिन्न मानकों पर खरी उतरी। अग्नि-3 बैलिस्टिक मिसाइल 3500 किलोमीटर दूर तक दुश्मनों के ठिकानों पर सटीक निशाना लगाकर उसे तबाह करने की ताकत रखती है। इसकी जद में पूरा पाकिस्तान और चीन का लगभग आधा हिस्सा आता है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इंटरमीडिएट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि -3 का सफल प्रक्षेपण सामरिक बल कमांड के तत्वावधान में किए गए नियमित उपयोगकर्ता प्रशिक्षण का हिस्सा था। मिसाइल का प्रक्षेपण पूर्व निर्धारित सीमा के लिए किया गया था और सिस्टम के सभी परिचालन मापदंडों को मान्य किया गया। लॉन्च में सभी ऑपरेशनल और टेक्निकल पैरामीटर्स सही पाए गए।परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अग्नि-3 मिसाइल की लंबाई 17 मीटर और व्यास 2 मीटर है। इतना ही नहीं, यह मिसाइल एक सेकेंड में पांच किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है। मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 को 2011 में अग्नि-2 के उत्तराधिकारी के रूप में सेवा में शामिल किया गया था। अग्नि-3 की मारक क्षमता 3,000 से 5,000 किलोमीटर तक है। फायर के बाद यह मिसाइल पाकिस्तान और चीन सहित कई पड़ोसी देशों के अंदर तक जाकर टारगेट को हिट कर सकती है। अग्नि-3 दो चरणों वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो परमाणु हमला करने में सक्षम है। इसे डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) ने डिजाइन किया है। यह मिसाइल सॉफिस्टिकेटेड नेविगेशन, ऑनबोर्ड कंप्यूटर सिस्टम और गाइडेंस एवं कंट्रोल सिस्टम्स से लैस है।

भारत ने अपनी ताकत अग्नि-1 मिसाइल से शुरू करके अग्नि-5 मिसाइल तक पहुंचा दी है।



**भारत ने एक और कामयाबी की हासिल**

# पुलिस मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर, एक जवान बलिदान

**एजेंसी, मुंबई।**

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के फोदेवाडा इलाके स्थित अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ में शुक्रवार को तीन नक्सली मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में सी-60 का एक जवान का बलिदान हो गया है, जबकि दूसरा घायल है। घायल जवान का इलाज जारी है और उसकी तबीयत स्थिर बताई गई है।

गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बताया कि भामरागढ़ तहसील के फोदेवाडा इलाके के अबुझमाड़ जंगल में गोपनीय जानकारी के आधार पर सी-60 के जवानों ने गुरुवार से सर्च ऑपरेशन शुरु किया था। इसी दौरान जंगल में छिपे नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में कल एक नक्सली की मौत हो गई थी और एक जवान भी घायल हुआ था। लेकिन पुलिस टीम ने इस ऑपरेशन को आज सुबह फिर से शुरू किया, जो अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने नक्सलियों के दो अड्डों को ध्वस्त कर दिया है और उन अड्डों पर तलाशी के दौरान एक महिला माओवादी और एक पुरुष माओवादी के शव बरामद किए हैं। इस ऑपरेशन अब तक कुल 3 माओवादी मारे जा चुके हैं।

### क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक

**मोनेटाइजेशन की पूरी कमाई उड़ा ले गए ठग**

**अलीगढ़, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक हो गया है। पुलिस के अनुसार, अलीगढ़ निवासी रिंकू सिंह अपने व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम के कारण पिछले कई महीनों से अपने फेसबुक अकाउंट पर सक्रिय रूप से नजर नहीं रख रहे थे। जांच में सामने आया कि रिंकू की फेसबुक आईडी उनकी व्यक्तिगत मेल आईडी से जुड़ी थी, जिसे बदलकर हैकर्स ने नई कॉमर्शियल मेल आईडी से लिंक कर दिया। साथ ही मोनेटाइजेशन से जुड़ी बैंक डिटेल्स भी बदल दी गईं। अब हैकर्स खुद फोटो-वीडियो अपलोड कर विज्ञापन की पूरी कमाई अपने खातों में डाल रहे हैं। एसएसपी कुमार ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि फेसबुक अकाउंट कब हैक हुआ। साइबर अपराध शाखा ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# सिक्किम में महसूस किये गये भूकंप के 13 झटके

**एजेंसी, गंगटोक।**

सिक्किम के विभिन्न जिलों में भूकंप के असामान्य झटके महसूस किए गए। इन झटकों की तीव्रता हल्की से मध्यम रही। भूकंप से राज्य में जान-माल के किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

सिक्किम में गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। राज्य के छह में से चार जिले मंगन, नामची, गंगटोक और गेजिंग में भूकंप के झटके महसूस किए जाने की जानकारी मिली है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.2 से 4.5 के बीच दर्ज की गई।

केंद्र सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के आंकड़ों के अनुसार, सिक्किम के इन चार जिलों में कुल 13 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें सर्वाधिक सात झटके मंगन जिले में दर्ज किए गए। इसके बाद नामची जिले में चार बार तथा गंगटोक और गेजिंग जिलों में एक-एक बार झटके महसूस किए गए। भूकंप का पहला झटका गुरुवार देर रात 1:09 बजे गेजिंग जिले में महसूस किया गया, जबकि अंतिम झटका शुक्रवार सुबह 5:29 बजे नामची जिले में महसूस किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, गेजिंग जिले में पहला झटका 1:09 बजे महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 दर्ज की गई।



**तीव्रता 2.2 से 4.5 के बीच दर्ज**

**यूपी में भी हिली धरती**

गोंडा जिले में शुक्रवार सुबह 7 बजकर 32 मिनट 1 सेकंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र इटियाथोक थाना क्षेत्र का इटहिया नवजोत गांव रहा। हालांकि कम तीव्रता के कारण किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप का असर गोंडा के साथ-साथ लखनऊ तक भी महसूस किया गया। कई लोगों को झटके महसूस हुए, लेकिन इसकी तीव्रता कम होने के कारण अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी भी नहीं हो

### कर्ज वसूली एजेंटों पर लगाम की तैयारी, धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन पर 25 हजार तक का हर्जाना

**एजेंसी, मुंबई।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए कई उपायों की घोषणा की जिनके तहत कर्ज वसूली एजेंटों पर लगाम लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने और धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन के मामले में 25,000 रुपये तक का हर्जाना देने का प्रावधान शामिल है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद जारी बयान में इन उपायों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कम मूल्य के धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन के मामलों में 25,000 रुपये तक का हर्जाना देने के लिए एक फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा ऋण वसूली के लिए रिकवरी एजेंटों के इस्तेमाल से संबंधित एक प्रारूप दिशा-निर्देश जारी किया जायेगा।

# विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही नौ फरवरी तक स्थगित

**एजेंस, नई दिल्ली।**

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के लगातार हंगामे के चलते शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की अगली कार्यवाही अब सोमवार, 9 फरवरी को सुबह 11 बजे पुनः शुरू होगी।

सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होते ही प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी और हाथों में प्लेकार्ड लेकर सदन के बीचोंबीच आ गए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि बजट सत्र में अब तक सदन के 19 घंटे 13 मिनट हंगामे की भेंट चढ़ चुके हैं। अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल सभी सदस्यों का समय होता है और जनता ने सांसदों को चर्चा और संवाद के लिए भेजा है, न कि पोस्टर और नारेबाजी के लिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नियोजित तरीके से गतिरोध पैदा कर सदन की मर्यादा समाप्त की जाती है, तो ऐसे सदन को चलाना संभव नहीं है। अध्यक्ष के बार-बार आग्रह के बावजूद हंगामा नहीं थमने पर सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे तक स्थगित की गई। दोपहर में कार्यवाही पुनः शुरू होने पर भी विपक्ष का शोर-शराबा जारी रहा। पीठासीन सदस्य कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने बताया कि स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना को अध्यक्ष ने अनुमति नहीं दी है। नारेबाजी के बीच स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा सहित कई मंत्रियों ने सभा पटल पर प्रस्ताव रखे। पीठासीन अधिकारी ने विपक्षी सदस्यों से अपील की कि बजट पर चर्चा के दौरान वे अपने सभी विषय उठा सकते हैं और कार्यवाही को बाधित न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदन में प्लेकार्ड लाना नियमों के विरुद्ध है। लगातार व्यवधान के कारण अंततः लोकसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।



**तैयारी** — डॉग बाइट की घटनाओं पर यूपी सरकार गंभीर

# आवारा कुत्तों से निजात दिलाएंगे शेल्टर होम व एबीसी सेंटर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आवारा कुत्तों की समस्या और डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं को योगी सरकार ने गंभीरता से लिया है। जन सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर सख्त व ठोस कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने नगर निगमों एवं जनपद मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम व एनिमल बर्थ कंट्रोल एबीसी सेंटर की स्थापना प्रक्रिया तेज कर दी है।

शासन स्तर पर इसे प्राथमिकता देते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्यवाही एक साथ आगे बढ़ाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गाइडलाइंस जारी की थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान मानवीय, वैज्ञानिक व स्थायी तरीके से किया जाए। सरकार का मानना है कि डॉग शेल्टर होम और एबीसी सेंटर की प्रभावी व्यवस्था से जहां एक ओर आमजन की सुरक्षा होगी, दूसरी ओर पशु कल्याण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में पहले से संचालित अथवा प्रस्तावित एबीसी सेंटरों के साथ ही डॉग शेल्टर होम विकसित किए जाएंगे। प्रत्येक नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि वह उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करे।

शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस व पशु कल्याण से जुड़े मानकों के अनुरूप की जा रही है।योगी सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार प्रति शेल्टर होम 470 लाख रुपये से लेकर 531 लाख रुपये तक लागत आने का अनुमान है। डीपीआर में शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफकी तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है।

शासन स्तर पर इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अगले चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में डॉग शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है।

लखनऊ नगर निगम में भूमि की उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। अन्य नगर निगमों से भी सूचना प्राप्त की जा रही है ताकि पूरे प्रदेश में एक समान व्यवस्था लागू की जा सके। जनपद मुख्यालयों पर एबीसी सेंटर एवं शेल्टर होम की स्थापना को लेकर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। ललितपुर में 12.182 हेक्टेयर, हरदोई में 0.2 हेक्टेयर, बुलंदशहर में 2000 वर्ग मीटर तथा फतेहपुर में 0.769 हेक्टेयर भूमि एबीसी सेंटर एवं डॉग शेल्टर होम के लिए चिह्नित कर ली गई है। शेष जनपदों से सूचनाएं प्राप्त होते ही वहां भी भूमि चिह्नीकरण और परियोजना स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

**शेल्टर होम्स के लिए अलग डीपीआर तैयार, प्रति यूनिट 470 से 531 लाख रुपये तक लागत आने का अनुमान**



# सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर भर्ती तिथियां तय

*गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

जनपद में बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर पदों पर भर्ती हेतु ब्लॉक स्तर पर भर्ती कैंप आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी कंपनी के भर्ती अधिकारी करुणाकर त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद के सौजन्य से एसआईएस इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के समस्त विकास खण्ड मुख्यालयों पर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक भर्ती शिविर लगाए जाएंगे।

भर्ती अधिकारी ने बताया कि एसआईएस इंडिया एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जो भारत सहित विदेशों में भी सुरक्षा सेवाएं प्रदान कर रही है। यह कंपनी भारत सरकार की शीर्ष रोजगार प्रदाता कंपनियों में शामिल है। भर्ती शिविरों में ग्रामीण व शहरी शिक्षित

- जनपद में 9 फरवरी से ब्लॉक स्तर पर लगेंगे कैंप
- एसआईएस इंडिया के सहयोग से बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर, 10 मार्च तक चलेगी चयन प्रक्रिया
- ग्रामीण-शहरी युवाओं के लिए सुनहरा मौका, सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए तिथियां घोषित



बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर पदों के लिए किया जाएगा।

सुरक्षा सैनिक पद हेतु अभ्यर्थी का 10वीं पास होना अनिवार्य है। आयु सीमा 19 से 40 वर्ष तथा न्यूनतम लंबाई 168 सेंटीमीटर निर्धारित है। वहीं सुरक्षा सुपरवाइजर पद के लिए 12वीं पास, आयु 21 से 40 वर्ष एवं न्यूनतम लंबाई 170 सेंटीमीटर होनी चाहिए। अभ्यर्थियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, 10वीं की मार्कशीट एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को 350 रुपये शुल्क जमा करना होगा तथा प्रशिक्षण हेतु लखनऊ स्थित प्रशिक्षण केंद्र में रिपोर्ट करना होगा, जहां एनडीआरएफ के तहत सिविल डिफेंस का एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में 65 वर्ष तक की स्थायी नियुक्ति मिलेगी। नौकरी के दौरान पीएफ, ग्रेच्युटी, ईएसआई, बीमा, पेंशन सहित अनेक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। दुर्घटना की स्थिति में परिवार को एक लाख से छह लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया 9 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक निर्धारित है। जिला विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को कैंप के सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

## उपनिरीक्षकों सहित सात चौकी प्रभारी के कार्यक्षेत्र में बदलाव

गोंडा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने एक दर्जन उपनिरीक्षक सहित सात चौकी प्रभारी बदले गए। उपनिरीक्षक प्रशांत गुप्ता को चौकी प्रभारी पांडेय बाजार थाना नगर कोतवाली मनोज कुमार सिंह को नियावा चौकी प्रभारी थाना उमरी बेगम गंज मुकेश कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी पिपरा बाजार थाना खरगू कामेश्वर राउत चौकी प्रभारी जानकी नगर थाना खरगू पुर विनोद कुमार सिंह चौकी प्रभारी ढ़ेमवा घाट थाना नवाब गंज विवेक कुमार मौर्य बाल पुर चौकी प्रभारी थाना कर्नल गंज तेज नारायण गुप्ता चौकी प्रभारी कहोबा थाना मोती गंज उपनिरीक्षक गौरव सिंह को नवाब गंज गौरी शंकर मल्ल छपिया दुर्गविजय सिंह सहदेव दुबे कोतवाली देहात अरुण कुमार सिंह मुन्ना सिंह थाना तरब गंज पवन कुमार गिरी को थाना खरगू पुर धीरेन्द्र सिंह को इटिया थोक गंगा दिन यादव को थाना मोती गंज सत्येंद्र कुमार यादव को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना धाने पुर गजेंद्र पांडेय वरिष्ठ उपनिरीक्षक कटरा बाजार भेजा गया।

# लगातार चौथी बार बभनजोत ब्लॉक अध्यक्ष बने धर्मेंद्र वर्मा व महामंत्री राजेश प्रजापति

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अंतर्गत विकासखंड बभनजोत के ब्लाक कार्यकारिणी का चुनाव ब्लॉक मुख्यालय पर चुनाव अधिकारी अमीर अहमद व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी व जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला के देख रेख में संपन्न कराया गया 11:00 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई 12:00 बजे तक सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण ब्लॉक अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र वर्मा ब्लॉक महामंत्री राजेश प्रजापति ब्लॉक कोषाध्यक्ष हजारी प्रसाद वर्मा संगठन मंत्री रामपाल प्रजापति संप्रेक्षक चंद्रप्रकाश जायसवाल सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिला अध्यक्ष श्री तिवारी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करते रहें कर्मचारी की समस्याओं को लेकर जिला संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है महामंत्री शुक्ला जी ने कहा कि संगठन में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा लापरवाही बढ़ाने वाले पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई करते हुए सदस्यता समाप्त की जाएगी इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा सहायक विकास अधिकारी पंचायत बभनजोत एडीयो आईसबी बभनजोत मॉडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिंद्र मोहन श्रीवास्तव वैभव राज मिश्रा छपिया ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप वर्मा विनोद चौधरी आशा कुमारी यादव गीता देवी बसंती देवी रामकिशन सहदेव प्रसाद रामविलास राम बुझारत दिनेश कुमार वर्मा जुबेर अहमद कुरेशी जावेद अहमद जयप्रकाश करमचंद बच्चन लाल मोहम्मद हाफिज अब्दुल मोइन ध्रुव चंद मौर्य राजेश कुमार वर्मा सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबरें एक नजर में

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा तथा मुख्य बाल विकास परियोजना अधिकारी विमला देवी के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन हो गया। कार्यक्रम का आयोजन स्पेशल टीचर राजेश कुमार पटेल तथा आरती सिंह ने किया तथा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्र ने दिया। खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा ने बताया कि विकास क्षेत्र की 50 कार्यकत्रियों को तीन दिवसीय समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग तथा उनकी पहचान व उनका चिकित्सक की देखरेख में मदद करना इसके साथ ही साथ अपने केंद्र पर शिक्षा देने के बारे में विस्तार रूप से प्रशिक्षित किया गया है अब यह सभी कार्यकत्रियां अपने केंद्र पर जाकर के बच्चों का स्क्रीनिंग करेंगी तथा उन्हें यथोचित उनकी मदद करेंगी और अपने केंद्र पर शिक्षण व्यवस्था भी करेंगी। प्रशिक्षण के अंत में स्पेशल टीचर राजेश कुमार पटेल तथा आरती सिंह, मुख्य सेविका सपना मौर्या कार्यालय सहायक सुनील त्रिपाठी, प्रभुदयाल मिश्र, लिपिक राजेंद्र चक्रवर्ती, आशीष सिंह,रोहित शुक्ला, पंकज तिवारी, ने समावेशी शिक्षा का माड्यूल वितरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे मृणालिनी शुक्ला,आशा त्रिपाठी, उषा पाण्डेय, कमलेश कुमारी वर्मा, रीना, मीना, पुष्पा, ममता, पूनम सिंह आदि कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।

### सादुल्लाहनगर के मनुवागढ़ में बाग के पास निकला अजगर, ग्रामीणों में मचा हड़कंप



सादुल्लाहनगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। ग्राम पंचायत मनुवागढ़ में शुक्रवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के पश्चिमी हिस्से स्थित बाग के पास एक विशाल अजगर दिखाई दिया। खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने अचानक सरकते हुए अजगर को देखा तो शोर मचाकर लोगों को सतर्क किया। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। प्रत्यक्षदर्शी अकरम खान, अब्दुल रहमान, कपूर प्रधान, बुधराम, तुलाराम और शकील प्रधान ने बताया कि अजगर आकार में काफी बड़ा था और धीरे-धीरे बाग की ओर बढ़ रहा था। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र में घनी झाड़ियां होने के कारण सांप और अन्य जंगली जीवों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे लोगों और मवेशियों के लिए खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इलाके में सर्च अभियान चलाने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। कुछ देर की निगरानी के बाद अजगर झाड़ियों की ओर गायब हो गया, जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### अवैध क्लीनिक व पैथोलॉजी का फैला जाल जनस्वास्थ्य पर मंडराया रहा खतरा

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। तहसील क्षेत्र उतरौला में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और संभावित मिलीभगत के कारण बिना अनुमति और मान्यता के बड़ी संख्या में पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड सेंटर और क्लीनिक खुलेआम संचालित हो रहे हैं। इन प्रतिष्ठानों में न तो योग्य चिकित्सक हैं, न ही प्रशिक्षित तकनीशियन। बावजूद इसके, मरीजों की जांच और इलाज का दावा किया जा रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नगर के मुख्य मार्गों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कई ऐसे केंद्र संचालित हैं, जो बिना किसी विधिक अनुमति या पंजीकरण के कार्य कर रहे हैं। इनमें से कई केंद्र तो गैर-तकनीकी लोगों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं, जो चिकित्सा विज्ञान की बुनियादी समझ तक नहीं रखते। इन अवैध प्रतिष्ठानों पर जांच रिपोर्टों में लापरवाही, फर्जी रिपोर्टिंग, अनावश्यक जांच और गलत दवा लिखने जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। गरीब व अनजान मरीजों को झूठी जांच रिपोर्टों के आधार पर इलाज के नाम पर ठगा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से यह पूरा तंत्र वर्षों से फल-फूल रहा है। बताया जा रहा है कि मासिक सुविधा शुल्क के नाम पर कई ऐसे सेंटर विभाग की संरक्षण छाया में चल रहे हैं। जब भी कोई शिकायत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचती है, तो केवल कागजी कार्रवाई कर खानापूर्ति कर दी जाती है। कई बार सीएमओ या एसीएमओ स्तर के अधिकारी भी ऐसे मामलों को गंभीरता से लेने के बजाय औपचारिक जांच तक सीमित रहते हैं। नतीजतन, अवैध रूप से चल रहे इन स्वास्थ्य केंद्रों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। जनहित में कई जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने जिलाधिकारी बलरामपुर से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित सभी पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड सेंटर और क्लीनिकों की सूची बनाकर उनकी वैधता की जांच की जानी चाहिए। साथ ही, दोषी संचालकों व मिलीभगत करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में उतरौला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनस्वास्थ्य की स्थिति बेहद गंभीर हो सकती है।

# स्वयं सेवक संघ द्वारा लगाया गया निः शुल्क चिकित्सा शिविर

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।


आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सीमा जागरण मंच द्वारा जनपद के सीमावर्ती ग्रामों में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का ग्राम पंचायत चौधरीडीह, विनोहनी कला एवं रत्नवा में भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर तथा दीप जलाकर उदघाटन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री श्याम मनोहर तिवारी जी, वरिष्ठ कार्यकर्ता उमा कांत त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र उपाध्याय, वैभव मणि तिवारी, सिया राम यादव, दिनेश पांडेय आदि उपस्थित रहे। इस शिविर में के जी यम सी लखनऊ, डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान तथा अन्य कई चिकित्सालय के डॉक्टर लोगों की जांच एवं इलाज कर रहे हैं।



# गोआश्रय केद्र तो बनवा दिए गए किंतु उसमें तमाम गायें मर रही हैं : कौशिक जी महाराज

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

अस्पताल के लान में कौशिक जी महाराज के द्वारा पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गोआश्रय केद्र तो बनवा दिए गए किंतु उसमें तमाम गायें मर रही हैं गाय माता का पैसा कोई और खा रहा है इस प्रकार गाय माता की बेकद्री है उन्होंने कहा मेरा तो उत्तर प्रदेश सरकार से कहना है जब तक सरकार गोआश्रय की बागडोर अपने हाथ में नहीं लेगी तब तक हमारी गाय माताएं यूं ही मरती रहेगी उन्होंने आगे कहा कि आज का युवक भटक रहा है इसमें उनके मां बाबूजी को देखना होगा हमारे बच्चे किस रास्ते पर जा रहे हैं कब आते हैं इन बातों को उन्हें बराबर ध्यान देना होग उनसे यह पूछने पर की एक मुसलमान धर्म गुरु ने कहा की गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर देना चाहिए तो सारी मुसीबत अपने आप समाप्त हो जाएगी इस पर कौशिक जी महाराज ने कहा मैं ऐसे धर्म गुरु का मैं सम्मान करता हूं लेकिन गाय हमारी मैया है पशु की श्रेणी में तो गाय माता आती ही नहीं है उन्होंने कहा गोपालन से एक तो रोजगार बढ़ेगा उत्तर प्रदेश सरकार को चाहिए गोमूत्र भी खरीदे क्योंकि मैं स्वयं इस बात का प्रमाण हूं कि मुझमें कोई भी बीमारी नहीं हैं मैं स्वयं दूध और गौमूत्र का सेवन करता हूं किसी भी मशीन से हमारा परीक्षण कर सकते है।



# तेंदुए के हमले में महिला व युवक की मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नेपाल सीमा से सटे बर्दिया जिले के ताराताल में तेंदुए ने खेत में काम करते समय महिला व युवक पर हमला कर दिया। इसमें दोनों की मौत हो गई। तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत है। पुलिस व वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

सुजौली इलाके के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग जंगल से नेपाल का मधुबन नगर पालिका सटा हुआ है। नगर पालिका के वार्ड नंबर नौ निवासी 50 वर्षीय मैन सरा डांगी गुरुवार शाम घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान जंगल से निकल कर आए तेंदुए ने हमला कर दिया। महिला को तेंदुआ दबोच ले गया। कुछ दूरी पर उसका शव बरामद हुआ।इलाके से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुलरिया नगर पालिका के वार्ड नंबर चार तुलसीपुरवा निवासी 34 वर्षीय नंदू अपने खेत में खड़े थे। शाम को तेंदुए ने उन पर भी हमला कर मार डाला। इलाके में ताबड़तोड़ हुए तेंदुए के हमलों को लेकर गांव के लोगों में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन बाघ और तेंदुए हमले कर रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से बचाव के कोई उपाय नहीं किए जा रहे हैं। कतर्नियाघाट डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि सीमावर्ती इलाकों में गश्त बढ़ाई गई है।



# लेखा परीक्षा विभाग उ. प्र. का मनाया मनाया गया शताब्दी वर्ष समारोह

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष समारोह के रूप में प्रशासन के निर्देशन में संचालित बाल संरक्षण गृह, गोण्डा द्वारा संरक्षित अनाथ, लावारिस, परित्यक्त, दिव्यांग, व अन्य प्रकार से उपेक्षित बच्चों के शिक्षण व्यवस्था हेतु डेस्क/कुर्सी, भोजन एवं पुरस्कार वितरण कर दिनाँक 06.02.2026 को मनाया गया। इस समारोह में प्रतिष्ठित साहित्यकार/समाजसेवी डा0 सूर्यपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में तथा विभाग के सेवानिवृत्त जिला लेखा परीक्षा अधिकारी अवधेश कुमार पाण्डेय तथा वरिष्ठ लेखा परीक्षक आर. के. मिश्र व श्यामरंग विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन उप निदेशक, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा संजय वैश्य, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी गोण्डा अजय श्रीवास्तव, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी बहराइच आमोद शंकर शुक्ल, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी बलरामपुर नरेन्द्र कुमार पाठक एवं जिला लेखा परीक्षा अधिकारी श्रावस्ती अभय पासवान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखा परीक्षक श्रवण कुमार एवं कार्यालय के स्टाफ ने भी प्रतिभाग किया।



# महसी एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

- उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करने की चेतावनी

बहराइच समृद्धि न्यूज।

जिले की महसी तहसील में जॉइंट मजिस्ट्रेट व उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के खिलाफ अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। बार एसोसिएशन ने एसडीएम पर कथित जातिवादी मानसिकता और अनुचित कार्य व्यवहार का आरोप लगाया है। यह धरना 28 जनवरी से एसडीएम के तत्काल स्थानांतरण की मांग को लेकर शुरू किया गया है।

तहसील परिसर में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने एसडीएम वापस जाओ जैसे नारे लगाए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत प्रसाद मिश्र ने कहा कि जब तक शासन इस अधिकारी का तबादला नहीं करता, यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने एसडीएम पर भ्रष्ट और पक्षपाती मानसिकता का आरोप लगाया। एसोसिएशन के महामंत्री रामकर्ण त्रिपाठी और पूर्व अध्यक्ष राजवंत मिश्रा ने एसडीएम की कार्यशैली को नियमावली के विरुद्ध बताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि एसडीएम अधिवक्ताओं और सामान्य वादकारियों के प्रति दुर्भावनापूर्ण व्यवहार करते हैं। अधिवक्ता पिछले 10 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और 7 दिनों से कलमबंद हड़ताल पर हैं, जिससे तहसील का न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप है। इस विवाद के बीच जॉइंट मजिस्ट्रेट पिछले चार दिनों से तहसील नहीं आए हैं और उनका कार्यालय बंद है। अधिवक्ताओं ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि यदि सोमवार तक एसडीएम का स्थानांतरण नहीं हुआ, तो वे उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करेंगे। धरने में विमल श्रीवास्तव, आरडी बाजपेई, अखिलेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और वादकारी मौजूद रहे।




# राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए कृषक संजीव

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

राज भवन प्रांगण लखनऊ में 06 से 08 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दौरान आकांक्षी जनपद बहराइच के प्रगतिशील कृषक संजीव कुमार गौड़ को एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक से बिष मुक्त पपीता की खेती के लिए राज्यपाल आनंदीबेन मफतभाई पटेल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कृषक श्री गौड़ ने मौजूद कृषकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया तथा कृषि उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए आई.पी.एम. विधि से विषमुक्त खेती करने के लिए कृषकों को प्रेरित भी किया।

राज भवन प्रांगण में आयोजित 03 दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के प्रथम दिन निर्णायक कमेटी द्वारा जनपदों की ओर से लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया गया। निर्णायक मण्डल द्वारा जनपद बहराइच के कृषक रवि कुमार अग्रवाल को रंगीन शिमला मिर्च (लाल) एवं जरवेरा (लाल रंग) के लिए प्रथम पुरस्कार, कृषक लालता प्रसाद गुप्ता को केला (सब्जी) के लिए प्रथम एवं शहद के लिए शत्रोहन यादव व फूलचन्द्र गिरी को क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। इस प्रकार जनपद को 03 श्रेणियों में कुल 05 पुरस्कार प्राप्त हुए।

- राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में जनपद को 3 श्रेणियों में मिले 5 पुरस्कार



कृषकों द्वारा अर्जित की गई उपलब्धि के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि औद्यानिक फसलों में आकांक्षी जनपद के कृषकों को पुरस्कृत होना जनपदवासियों के लिए गौरव की बात है।

उल्लेखनीय है कि राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित होने वाली 03 दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी के नेतृत्व में वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा एवं जनपद के प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

## 7 साल के बच्चे पर गिरा खौलते दूध का भगोना, पेट-पैर और कंधा बुरी तरह झुलसा



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के नानपारा इलाके में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान खौलते दूध का भगोना गिरने से सात वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। बच्चे की पहचान हर्षित के रूप में हुई है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह घटना रूपईडीहा थाना क्षेत्र के निवासी शैलेंद्र वर्मा के बेटे हर्षित के साथ हुई। हर्षित अपने परिवार के साथ नानपारा कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। समारोह के दौरान ही उस पर खौलते दूध से भरा भगौना गिर गया।इस दुर्घटना में हर्षित का पेट और पैर बुरी तरह झुलस गए। परिवार के सदस्यों ने उसे तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में हर्षित को बर्न वॉर्ड में भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, बच्चे की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ चला अभियान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से नानपारा पुलिस ने कस्बे में एक सर्च ऑपरेशन चलाया। यह अभियान आज सीओ नानपारा पहुप सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। उनके साथ कोतवाल राजनाथ सिंह और भारी पुलिस बल भी मौजूद था।अभियान के दौरान कस्बे की कई दुकानों की गहनता से जांच की गई।

पुलिस टीम ने एक दुकान की पूरी तरह से चेकिंग की और दुकानदार को चाइनीज मांझा न बेचने की सख्त हिदायत दी।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री या भंडारण पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीओ नानपारा ने बताया कि चाइनीज मांझा जानलेवा है और इससे आमजन, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों व पक्षियों को गंभीर नुकसान पहुंचता है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस द्वारा ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। पुलिस की इस कार्रवाई से कस्बे के दुकानदारों में सतर्कता बढ़ी है और प्रशासन की सख्ती स्पष्ट रूप से दिखाई दी।



- सीओ के नेतृत्व में दुकानों की जांच, सख्त कार्रवाई की चेतावनी

## ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा महिला व मासूम समेत पांच घायल



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के रामगांव इलाके में एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में एक महिला और एक मासूम सहित पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां मासूम की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में रामगांव थाना क्षेत्र के नौवनपुरवा गांव की निवासी शशि, रमपता, जलवर्षा, कृष्णावती और 6 वर्षीय मासूम राजकुमार शामिल हैं। शशि अपने परिवार के साथ एक मांगलिक कार्यक्रम से ई-रिक्शा से वापस लौट रही थीं। यह हादसा झींगहा घाट के पास स्थित हनुमान मंदिर के करीब हुआ। तेज रफ्तार के कारण ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मासूम राजकुमार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल शशि ने बताया कि ई-रिक्शा चालक बहुत तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गया।

## सादुल्लानगर बाजार बाईपास पर कानून का मज़ाक

### श्मशान घाट के बगल खुलेआम हो रही बकरे की कटान



सादुल्लानगर/बलरामपुर। सादुल्लाह नगर बाजार बाईपास क्षेत्र में कानून, स्वच्छता और सामाजिक मर्यादा को खुलेआम रौंदते हुए शमशान घाट के ठीक बगल बकरे की कटान की जा रही है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन और संबंधित विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, शमशान घाट जैसी अत्यंत संवेदनशील और पवित्र जगह के पास खुले में बकरे को काटा जा रहा है। न कोई लाइसेंस, न स्वच्छता, न स्वास्थ्य मानकों का पालन—सब कुछ धड़ल्ले से और बेख़ौफ किया जा रहा है। इससे न केवल आसपास बदबू और गंदगी फैल रही है, बल्कि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों की भावनाओं को भी गहरी ठेस पहुँच रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह गतिविधि लंबे समय से चल रही है, इसके बावजूद नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की कोई ठोस कार्रवाई अब तक सामने नहीं आई। सवाल उठ रहा है कि क्या नियम केवल कागज़ों तक सीमित हैं? क्या शमशान घाट के पास अवैध कटान भी अब सामान्य मान लिया गया है? सरकारी नियम साफ़ कहते हैं कि पशु कटान केवल लाइसेंस प्राप्त कसाईखानों में ही हो सकता है। सार्वजनिक, धार्मिक या संवेदनशील स्थलों के आसपास इस प्रकार की गतिविधि सीधा कानून उल्लंघन है और दंडनीय अपराध की श्रेणी में आती है। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि तुरंत सख़्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे मजबूर होकर उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक शिकायत पहुँचाएंगे।

# तोतों की अवैध बिक्री वन्यजीव कानूनों को खुली चुनौती

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। नगर के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल तहसील मुख्य द्वार के सामने, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा और मुख्य बाजार के आसपास इन दिनों जो दृश्य सामने आ रहा है, वह न केवल चिंताजनक है बल्कि कानून, संवेदनशीलता और पर्यावरण तीनों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। खुलेआम हरे रंग के तोतों को लोहे के छोटे-छोटे पिंजरों में भरकर बाजार में लाया जा रहा है और ग्राहकों को आकर्षित कर उनका अवैध क्रय-विक्रय किया जा रहा है।

यह दृश्य केवल एक अवैध व्यापार का नहीं, बल्कि वन्यजीवों के प्रति मानवीय क्रूरता और कानून के प्रति उदासीनता का प्रतीक है। कई पिंजरों में एक साथ ठूंसे गए तोते न हवा पा रहे हैं, न दाना-पानी—जिससे उनका जीवन सीधा खतरे में पड़ जाता है। यह व्यवहार पशु क्रूरता का स्पष्ट उदाहरण है। भारतीय कानून में हरा तोता वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत संरक्षित प्रजाति में शामिल है। धारा 9 के अनुसार किसी भी संरक्षित वन्यजीव का पकड़ना, रखना या बेचना पूर्णतः प्रतिबंधित है। धारा 39 स्पष्ट करती है कि संरक्षित वन्यजीव राज्य की संपत्ति होते हैं, उन्हें निजी स्वामित्व में नहीं रखा जा सकता। धारा 49 के तहत वन्यजीवों का व्यापार, परिवहन और बिक्री अपराध है। धारा 51 के अंतर्गत दोष सिद्ध होने पर 3 से 7 वर्ष तक का कारावास और न्यूनतम रु. 10,000 स रु. 25,000 या उससे अधिक का जुर्माना तथा पुनरावृत्ति पर और कठोर सजा का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 के तहत किसी भी पशु या पक्षी को अनावश्यक पीड़ा देना दंडनीय अपराध है, जिसमें जुर्माना और कारावास दोनों का प्रावधान है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार का अवैध पक्षी व्यापार पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ता है, प्राकृतिक परागण और बीज प्रसार जैसी जैविक प्रक्रियाओं को प्रभावित करता है, पक्षियों की संख्या में गिरावट लाता है, और सबसे खतरनाक यह कि बच्चों और युवाओं में गलत संदेश देता है कि कानून तोड़ना सामान्य बात है। सबसे अहम प्रश्न यह है कि इतने व्यस्त और सार्वजनिक स्थानों पर यह अवैध व्यापार कैसे फल-फूल रहा है? क्या वन विभाग की निगरानी पर्याप्त है? क्या स्थानीय पुलिस और नगरपालिका की नियमित गशत प्रभावी है? क्या अब तक किसी भी अवैध कारोबारी पर ठोस कार्रवाई हुई है? इन सवालों का उत्तर न मिलना प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। वन्यजीव संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं है। जागरूक नागरिकों की भूमिका इसमें निर्णायक हो सकती है। समाज के लोगों को चाहिए कि कोई भी व्यक्ति पक्षी या वन्यजीव न खरीदे, ऐसे मामलों की सूचना तुरंत वन विभाग, स्थानीय पुलिस या प्रशासन को दे, और बच्चों को यह सिखाए कि पक्षी पिंजरे के लिए नहीं, आकाश के लिए बने हैं। उतरौला बाजार में पक्षियों का अवैध क्रय-विक्रय केवल कानून उल्लंघन नहीं, बल्कि प्रकृति के विरुद्ध अपराध है। यदि समय रहते कठोर कार्रवाई, निरंतर निगरानी और जन-जागरूकता नहीं हुई, तो इसका दुष्परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। अब जरूरत है कि प्रशासन शून्य सहनशीलता नीति अपनाए और समाज भी वन्यजीवों की रक्षा के लिए आगे आए, ताकि उन्हें उनका स्वाभाविक और सुरक्षित जीवन मिल सके।




## सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा-

# पीएम मोदी के शब्दों में हर चुनौती का सामना करने की प्रेरणा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों में सकारात्मक दृष्टि, लक्ष्य की स्पष्टता और हर चुनौती का मुस्कुराकर सामना करने की प्रेरणा समाहित है।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, परीक्षा आत्मविश्वास, अनुशासन और धैर्य की कसौटी होती है। ऐसे क्षणों में सही मार्गदर्शन विद्यार्थियों के मन से भय हटाकर उनमें विश्वास और ऊर्जा भर देता है। इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से छात्रों से आत्मीय संवाद किया। सीएम योगी ने आगे लिखा, प्रधानमंत्री ने छात्रों को यह संदेश दिया कि तनाव नहीं, संतुलन को अपनाइए। प्रतिस्पर्धा नहीं, आत्म-विकास पर ध्यान दीजिए और परिणाम नहीं, निरंतर प्रयास पर भरोसा रखिए। उनके शब्दों में सकारात्मक दृष्टि, लक्ष्य की स्पष्टता और हर चुनौती का मुस्कुराकर सामना करने की प्रेरणा समाहित है।

उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, यह संवाद केवल परीक्षा कक्ष तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में स्थिर रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने सामर्थ्य पर विश्वास बनाए रखने का संदेश देता है। निश्चय ही यह पहल करोड़ों विद्यार्थियों के मन में नई दिशा, नई ऊर्जा और नए विश्वास का संचार करेगी।

### मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया आभार

मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी आभार व्यक्त किया और सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य, आत्मविश्वासपूर्ण प्रयास और सफलता से भरे पथ की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का पहला एपिसोड शुक्रवार को जारी हुआ। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने आपका स्टाइल-आपकी गति से लेकर लक्ष्य के साथ तैयारी, कम प्रेशर-ज्यादा सीखना, शोर के बीच टिके रहना और बड़े सपने-बड़े काम तक अलग-अलग विषयों पर छात्रों से संवाद किया। इसी बीच, उन्होंने छात्रों के कई सवालों के भी जवाब दिए। पीएम मोदी ने मार्क्स, गेम्स और हंसी के बीच बैलेंस पर भी छात्रों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस कार्यक्रम के पहले एपिसोड में पीएम मोदी के सामने गीत और कविता से लेकर बांसुरी बजाने तक छात्रों ने भी कई एक्टिविटी कीं।

# प्रदेश में 299 बसों का किया जा रहा संचालन : दयाशंकर

- मुख्यमंत्री जनता सेवा बस संचालन के लिए मानदेय में 14 पैसे प्रति किमी की वृद्धि
- ग्रामीण अंचलों में संचालित बसों का किराया 20 प्रतिशत कम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा जनहित में संचालित मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में चल रही बसों के संचालन को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। योजना अंतर्गत बसों के संचालन हेतु चालकों परिचालकों को दिए जाने वाले मानदेय में 14 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है।यह वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू होगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जनता सेवा में अभी तक संविदा चालकों एवं परिचालकों को प्रति किलोमीटर 2.18 रुपए की दर से भुगतान किया जा रहा था। नए निर्णय के अनुसार अब उन्हें 2.32 रूपये प्रति किमी की दर से भुगतान किया जाएगा। परिवहन निगम द्वारा इस प्रकार उनके मानदेय में 14 पैसे प्रति किमी की वृद्धि की गई है। राज्य सरकार जनसाधारण को किफायती, सुरक्षित एवं सुलभ परिवहन सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस दिशा में आवश्यक कदम उठाती रहेगी। ग्रामीण अंचलों में संचालित मुख्यमंत्री जनता सेवा की बसों का किराया साधारण बसों की तुलना में 20 प्रतिशत कम है, इससे यात्रियों को कम किराए में अपने गंतव्य तक आवागमन की सुविधा मिल रही है। प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री जनता सेवा बस योजना ग्रामीण परिवहन को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनता सेवायोजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 20 क्षेत्रों में अनुमन्य 395 मार्गों पर 299 बसों का संचालन परिवहन निगम द्वारा किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### माघ मेला, 21 करोड़ लोगों ने किया पुण्य स्नान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संगम तट आयोजित माघ मेला 2026 ने अब तक के अपने सभी माघ मेलों के आयोजन को पीछे छोड़ दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता और सतत निगरानी के चलते इसे मिनी कुंभ जैसी पहचान ही हासिल नहीं हुई बल्कि संस्कृति, सुशासन, सामाजिक समरसता और आत्मानुशासन की अभिव्यक्ति का यह अद्भुत समागम बन गया। संगम नगरी प्रयागराज में पावन त्रिवेणी के तट पर आयोजित माघ मेला 2026 भारत की संस्कृति पर आधारित गवर्नेंस का ऐसा ब्लू प्रिंट बन रहा है जिसका अन्य कहीं कोई उदाहरण देखने को नहीं मिलता। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज के अनुसार पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ 3 जनवरी से शुरू हुए इस आयोजन के पांच प्रमुख स्नान पर्व सकुशल संपन्न हो जाने के बाद यहां 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती में पुण्य की डुबकी लगाकर अपना संकल्प पूरा कर चुके हैं। अभी आखिरी स्नान पर्व महा शिवरात्रि शेष है। मेला प्रशासन 15 फरवरी को इसके सकुशल समापन की तैयारी में लगा है। पूर्ण अनुशासन के साथ आस्था का जन सैलाब यहां आया और सनातन की बयार की झलक दिखाकर आगे बढ़ गया। कुंभ और महाकुंभ को यदि सनातन के 13 अखाड़ों के वैभव का महा आयोजन माना जाता है तो माघ मेला त्रिवेणी की रेती पर एक महीने तक प्रवास करने वाले कल्पवासियों का समागम। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज के अनुसार माघ मेले का इस बार 800 हेक्टेयर तक विस्तार किया गया। मेला क्षेत्र में पहली बार सात सेक्टर और 9 पांटून पुल बनवाए गए।

### यूपी में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड, 16 लाख निराश्रित गोवंश संरक्षित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। योगी सरकार ने अब तक देश में सबसे अधिक रिकॉर्ड 16.35 लाख निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया है। इससे पहले किसी भी राज्य में गोवंश संरक्षण को लेकर इतनी व्यापक, संगठित और प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई।योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक प्रदेशभर में 7500 से अधिक गोआश्रय स्थलों का निर्माण कराया गया। जहां निराश्रित गोवंश के लिए चारा, पानी, इलाज और देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। सरकार ने हर जिले में गो संरक्षण समितियों का गठन करते हुए डीएम और एसएसपी को नोडल अधिकारी बनाया, जिससे निगरानी और जवाबदेही मजबूत हुई।मुख्यमंत्री सहभागिता योजना और पोषण मिशन के अंतर्गत अब तक 1,13,534 पशुपालकों को 1,81,339 गोवंश उपलब्ध कराए गए, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और पशुपालकों की आय में वृद्धि हुई। गो तस्करी के खिलाफसख्त अभियान चलाया गया। बड़े पैमाने पर गो तस्करों की गिरफ्तारी, वाहनों की जब्ती और नेटवर्क तोड़ने की कार्रवाई से गोतस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ। इससे न केवल गोवंश सुरक्षित हुआ, बल्कि कानून-व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि धरती, कृषि, प्रकृति और मानव जीवन सभी के लिए गोमाता सबसे बड़ा आशीर्वाद हैं। योगी सरकार ने गोवंश संरक्षण को केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और मानवीय दायित्व के रूप में आगे बढ़ाया।

### किराए पर थार लेकर लूटपाट करने वाले सात बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने थार में लिफ्ट देने के बहाने लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। बीकेटी पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने अलग-अलग स्थानों पर 3 लोगों से लूटपाट की थी। गिरफ्तार किए गए 2 बदमाश के खिलाफ पहले से ही लूट सहित अन्य आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी सैरपुर को आज, 6 फरवरी को सूचना मिली कि एक बिना नंबर की थार गाड़ी इंदौरा बाग अंडरपास से रैथा रोड होते हुए लोधमऊ किसान पथ की ओर जा रही है। सूचना पर उन्होंने घेराबंदी करके लोध मऊ अंडरपास की सर्विस रोड पर थार रोकवाई। उसमें 4 युवक सवार थे। पुलिस टीम ने जांच की तो उनके पास से 2 तमंचा, कारतूस, 3 मोबाइल और 40,130 रुपये नकद बरामद किए। उनकी पहचान ऋषभ गोस्वामी (23), अक्षय कुमार (25), आलोक (19) और शुभम पांडेय (20) के रूप में हुई। पूछताछ में चारों ने बताया कि वे किराए पर थार लेकर लिफ्ट देने के बहाने लोगों से लूटपाट करते थे। उन लोगों ने अपने 2 अन्य साथियों ज्ञानी (20) और राम सफल (30) के साथ मिलकर 3 लोगों को अलग-अलग स्थानों पर लूटा है। पुलिस ने ज्ञानी और रामसफल को भी गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों ने बताया कि आज, 6 फरवरी की सुबह चिनहट इलाके लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बैठाकर बहराइच में जा रहे अध्यापक बलराम पटेल से मोबाइल फोन और 500 रुपए लूटा था। 3 फरवरी को सरोजनीनगर क्षेत्र में कानपुर के रावतपुर निवासी हुसैन से 5400 रुपये, घड़ी लूटी थी। जन सेवा केंद्र पर रोका ओर धमकाते हुए एक लाख रुपये गूगल पे पर ट्रांसफर कराए थे। 1 फरवरी को घाटमपुर, कानपुर निवासी हृदय नारायण को सैरपुर थाना क्षेत्र में लूटा था। एडीसीपी नॉर्थ ने बताया कि बदमाश महंगे शौक पूरा करने के लिए लूटपाट करते थे।

# योगी मंत्रिमंडल विस्तार से पहले हो सकता है यूपी भाजपा में बड़ा बदलाव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले अपने मोर्चो को अभेद्य बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। योगी मंत्रिमंडल विस्तार से पहले पार्टी के संगठन में व्यापक बदलाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है।माना जा रहा है कि अगले एक माह के भीतर जिला कमेटियों के गठन से लेकर क्षेत्रीय अध्यक्षों के नामों और प्रदेश की नई टीम की घोषणा कर दी जाएगी।

विभिन्न आयोगों, निगमों और बोर्डों के खाली पड़े पदों पर भी नियुक्तियों की प्रक्रिया तेज हो गई है।विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने से पहले भगवा खेमा सांगठनिक ढांचे को पूरी तरह दुरुस्त करना चाहता है।

प्रदेश में भाजपा के कुल 98 संगठनात्मक जिले हैं, जिनमें से अभी 84 जिलों में ही अध्यक्षों की घोषणा हुई है। शेष 14 जिलों में जल्द ही नए चेहरों की ताजपोशी होगी। पहले संगठन विस्तार का काम शुरू किया गया था, लेकिन मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के चलते इसे रोक दिया गया था। अब एसआईआर का काम पूरा होते ही नई नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है। ज्यादा चर्चा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की नई टीम को लेकर है।

पूर्व अध्यक्षों के कार्यकाल में टीम में व्यापक बदलाव नहीं हुए थे, केवल चेहरों को एक पद से दूसरे पद पर स्थानांतरित किया गया था। लेकिन इस बार चर्चा है कि प्रदेश टीम में कई नए और युवा चेहरों को जगह मिलेगी। संगठन के साथ सरकार में भी बदलाव की तैयारी है।

योगी कैबिनेट में फेरबदल का काम मार्च में किया जा सकता है। कैबिनेट



- पंकज चौधरी की टीम में शामिल होंगे कुछ नए तो कुछ हो सकते हैं शिफ्ट

विस्तार के जरिए क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों को साधने की कोशिश होगी। इस संभावित फेरबदल को लेकर लखनऊ के गलियारों में दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है। जहां नए नेता मंत्री पद के लिए लॉबिंग कर रहे हैं, वहीं मौजूदा मंत्रियों ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए कवायद तेज कर दी है।इन बदलावों को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के बीच लखनऊ में लंबी मंत्रणा हो चुकी है। हाल ही में दोनों नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व के साथ भी अहम बैठक की है।

पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि 2027 की लड़ाई के लिए टीम ऐसी हो जो न केवल अनुभवी हो, बल्कि जिसमें भविष्य की चुनौतियों से निपटने का उत्साह भी हो। इसके साथ ही, लंबे समय से खाली पड़े आयोगों और बोर्डों के पदों पर भी कार्यकर्ताओं को समायोजित करने की तैयारी है ताकि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं का उत्साह बना रहे।

# अग्निवीर भर्ती रैली में पहुंचे 265 उम्मीदवार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आगाज शुक्रवार से लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में हो गया। रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तत्वावधान में रिक्रूटिंग ऑफिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित यह भर्ती रैली 06 फरवरी से शुरू की गई है। भर्ती रैली के पहले दिन सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत आने वाले उत्तर प्रदेश के 13 जिलों की सभी तहसीलों से अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं पास) श्रेणी के अभ्यर्थियों को बुलाया गया। इस श्रेणी के लिए कुल 370 उम्मीदवारों को कॉल लेटर जारी किए गए थे, जिनमें से 265 अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। पहले दिन मेजर जनरल मनीष कुमार, जेडआरओ (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) ने भर्ती रैली को हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने अभ्यर्थियों को अनुशासन, ईमानदारी और मेहनत के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का संदेश दिया। 07 फरवरी को इन्हीं 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर क्लर्क,स्टोर कीपर टेक्निकल श्रेणी की भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इसमें लिखित योग्यता के साथ शारीरिक और तकनीकी मानकों की भी कड़ी जांच की जाएगी। आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस लखनऊ के तहत औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ जिलों से करीब 13,000 अभ्यर्थियों को इस भर्ती रैली के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। सेना की ओर से अभ्यर्थियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि वे किसी भी दलाल या बिचौलिए के झांसे में न आएं।

# मंत्री का घेराव करने वाले भाजपा विधायक बृजभूषण से जवाब तलब

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का महोबा में सरेआम घेराव करना भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक को भारी पड़ता दिख रहा है। मामले में भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी इसे खुली अनुशासनहीनता मान रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने चरखारी से भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब तलब किया है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, विधायक द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ कैबिनेट मंत्री का काफिला रोकना और कथित रूप से उन्हें बंधक जैसी स्थिति में डालना पार्टी नेतृत्व को नागवार गुजरा है। यह मामला केवल असंतोष तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे सरकार और संगठन दोनों की छवि पर सवाल खड़े हुए हैं। यही कारण है कि प्रदेश नेतृत्व ने बिना देरी किए अनुशासनात्मक कार्रवाई की दिशा में कदम बढ़ाया है। पूरा मामला 30 जनवरी का है, जब महोबा जिले में जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला सड़क पर रोक लिया गया। चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत उर्फगुड्डू अपने क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों और समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और मंत्री से सीधे बातचीत की मांग करने लगे। इस दौरान सड़क पर ही लंबी बहस और हंगामे की स्थिति बन गई।

# फिल्म विवाद में ब्राह्मणों के साथ खुलकर आई मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- यूपी की पूर्व सीएम ने भी फिल्म पर दर्ज कराई आपत्ति
- जातिसूचक फिल्म पर केन्द्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए : मायावती



फिल्म घूसखोर पंडत रिलीज से पहले ही विवादों में घिर चुकी है। फिल्म का नाम सामने आने के बाद से ही इसका जमकर विरोध हो रहा है। फिल्म के टाइटल को लेकर ब्राह्मण समाज ने आपत्ति जताई है।

लखनऊ में मामला भी दर्ज कर लिया गया है। मामले पर फिल्म डायरेक्टर नीरज पांडेय की सफाई भी सामने आई है। अब यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने भी इस फिल्म पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म पर बैन लगाने की भी मांग की है। पूर्व सीएम मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि यह बड़े दुख व चिन्ता की बात है कि पिछले कुछ समय से अकेले यूपी में ही नहीं बल्कि अब तो फिल्मों में भी पंडित को घुसपैठिया बताकर पूरे देश में जो उनका अपमान व अनादर किया जा रहा है तथा जिससे समूचे ब्राह्मण समाज में इस समय जबरदस्त रोष व्याप्त है। इसकी हमारी पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। जातिसूचक फिल्म पर केन्द्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए। सोशल मीडिया समेत जमीन पर भी इस फिल्म का जमकर विरोध देखने को मिल रहा है। भोपाल से लेकर लखनऊ तक लोग अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं।

दूसरी तरफफिल्म डायरेक्टर नीरज पांडेय की सफाई भी सामने आ चुकी है। नीरज ने कहा कि हमारी फिल्म एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है और इसमें पंडत शब्द का इस्तेमाल सिर्फ एक काल्पनिक किरदार के लिए आम बोलचाल के नाम के तौर पर किया गया है। कहानी का फोकस एक व्यक्ति के काम और उसके फैसलों पर है,इसका किसी भी जाति, धर्म या समुदाय से कोई संबंध नहीं है और न ही यह किसी का प्रतिनिधित्व करती है।फिल्म के नाम को लेकर ब्राह्मण समाज विरोध जता रहा है।

देश के कई हिस्सों में इसको लेकर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कई जगहों पर मामला भी दर्ज कराया गया है।शिकायत में मांग की गई है कि फिल्म का टाइटल आपत्तिजनक है और इसकी तुरंत जांच होनी चाहिए। लखनऊ के हजरतगंज थाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिल्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# एनसीसी कैडेट्स को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

एन.सी.सी निदेशालय (उत्तर प्रदेश) द्वारा जन भवन में एक भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया गया। कुल 11 एन.सी.सी ग्रुपों से 127 कैडेटों ने कर्नल अमिताभ कुमार, कंटिंजेंट कमांडर के नेतृत्व में आर.डी.सी-2026 में अनुशासन, समन्वय, नेतृत्व तथा सांस्कृतिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों का



प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

इस अवसर पर मेजर जनरल गौरव गौतम, वीएसएम, अपर महानिदेशक, एन.सी.सी निदेशालय (उ.प्र.) ने संबोधित करते हुए कैडेटों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा निदेशालय के अंतर्गत निरंतर बनाए रखे जा रहे उच्च प्रशिक्षण मानकों की सराहना की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल रहीं।

उन्होंने मेधावी कैडेटों को स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान किए तथा उनके समर्पण, लगन और राष्ट्र सेवा की भावना की प्रशंसा की।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS
(Government of India)
Skill India
Telecommunications Consultants India Limited
(A Government of India Enterprise)

EMPOWERING MINORITIES THROUGH SKILL DEVELOPMENT

JOIN PRADHAN MANTRI VIRASAT KA SAMVARDHAN (PM VIKAS) SCHEME

COURSES OFFERED



MULTI SKILL TECHNICIAN
Consumer Durables
Duration: 09 Month
Eligibility: 8th Pass

Sponsored free Skill Development Training Program under PM-VIKAS Scheme for all Minority Communities (Muslim, Christians, Boudh, Sikh, Parsi and Jain, economically weak candidates, 15% non-minority candidates)

Male and Female
Age: 18 to 35

- Stipend with Certification to trainees.
- Placement support in relevant field.

Documet Required
Passport Size Photo
Aadhar Card
All Marksheet
Bank Passbook (DBT Account)
Income Certificate
Caste certificate

Telecommunications Consultants India Limited
(A Government of India Enterprise)
Centre Address
TCIL Shahjahanpur, Plot No. 53/2, 0 Moh Ram Nagar, Powayan, Shahjahanpur-242401
Contact details
+91-9695071282

**फरमान** | पंचायत चुनाव, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत के आंकड़ों में गड़बड़ी

# उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव से पहले सुधारनी होगी त्रुटियां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- जिला अधिकारियों को सूचनाओं में विसंगतियों को जल्द दूर करने के निर्देश




उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव से पहले गड़बड़ी सुधारनी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग को ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत से जुड़े आंकड़ों में गड़बड़ी मिली है, जिसके बाद आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

ग्राम पंचायत सदस्यों, ब्लाक पंचायत व जिला पंचायत सदस्यों के पदों का वार्डवार परिसीमन करने के बाद उनकी पोर्टल पर फीडिंग की गई। कई जिलों ने ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की गलत संख्या भर दी है। जिसे अब ठीक कराया जाएगा।

जिला अधिकारियों को सूचनाओं में विसंगतियों को जल्द दूर करने के लिए कहा गया है। आयोग के आदेश के बाद प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट और जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय को सूचित किया है कि पंचायती राज विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए सदस्य ग्राम पंचायत और सदस्य क्षेत्र पंचायत के आंकड़ों में अंतर पाया गया है। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि आंकड़ों को आयोग के पोर्टल पर दुरुस्त किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारियों को ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत के विवरण का आपसी मिलान कर सही जानकारी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।आयोग के आदेश में कहा गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 को लेकर सदस्य ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के परिसीमन के बाद जो सूचनाएं उपलब्ध कराई हैं, उनमें भिन्नता सामने आई है। पंचायती राज विभाग की जानकारी से मिलान करते हुए आयोग के पोर्टल पर फीड किए गए डाटा को शुद्ध किया जाना जरूरी है। डाटा की शुद्धता निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुचारू संचालन के लिए बेहद आवश्यक है। सभी जिलों को जल्द से जल्द सूचनाओं का सत्यापन कर सही विवरण पोर्टल पर दर्ज कराने को कहा गया है। उत्तर प्रदेश में जल्द ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रस्तावित हैं, जिसे लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि ये चुनाव अप्रैल-मई में कराए जा सकते हैं और पूरी प्रक्रिया करीब दो महीने में पूरी होगी।

## मेयर की गाड़ी के सामने लेटे प्रदर्शनकारी बोले- बाबा साहब की होर्डिंग तोड़ी गई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। मौके पर मेयर सुषमा खर्कवाल नगर निगम से अपनी गाड़ी से निकल रही थीं। तभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। उनकी गाड़ी के सामने लेट गए और निगम मुख्यालय से निकलने नहीं दिया। इस दौरान मेयर नगर निगम से निकल नहीं पाई।

आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि सीतापुर रोड स्थित डॉ. आंबेडकर की होर्डिंग तोड़ी गई। इससे नाराजगी है। मौके पर पार्टी के कार्यकर्ता मेयर सुषमा खर्कवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## खबरें एक नजर में

### सांसद ने राज्यसभा में उठायी छुट्टा पशुओं की समस्या



शाहजहांपुर। राज्यसभा में शून्य काल के दौरान सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने उत्तर प्रदेश के अति गम्भीर और जनहित से जुड़े विषय सड़कों, खेतों और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में घूम रहे छुट्टा पशुओं की समस्या पर आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की। सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने राज्यसभा में शून्य काल में कहा कि उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है। आज उत्तर प्रदेश के अनेक जनपदों में छुट्टा गोवंश किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। केवल कृषि ही नहीं बल्कि यह समस्या अब सड़क सुरक्षा से भी जुड़ चुकी है। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर छुट्टा पशुओं के कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। जिनमें निर्दोष नागरिकों की जान जा रही है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गौ संरक्षण एवं गौ कल्याण की दिशा में अनेक सराहनीय प्रयास किए गए हैं। प्रदेश में गौ आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं तथा उनके संचालन हेतु धनराशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इस समस्या का पूर्ण समाधान अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि यह केवल एक राज्य का नहीं बल्कि पूरे देश के ग्रामीण समाज और कृषि व्यवस्था से जुड़ा हुआ विषय है मुझे आशा है कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाएगी।

### सांड से टकराई बाइक, एक की मौत, दो घायल

मिर्जापुर, शाहजहांपुर। गुरुवार को बदायूं फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे उस समय खून से लाल हो गया जब सांड से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई और उसकी पत्नी और बेटी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की खबर मिलते ही दुर्घटना का शिकार हुए लोगों के परिजनों में चीत्कार मच गया। बीती रात कस्बा कलान निवासी पैतालिस वर्षीय सब्बू रात करीब 11 बजे के लगभग बाइक पर सवार होकर बदायूं से बापस घर लौट रहे थे ।इस दौरान बाइक पर उनकी पत्नी सारजहां और 14 वर्षीय पुत्री अलीशा भी सवार थीं। जैसे ही उनकी बाइक बदायूं फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर भार्रामईदृकुदरासी मोड़ के नजदीक पहुंची ही थी तभी अचानक सड़क पार कर रहे एक सांड से बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए ।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सरकारी अस्पताल कलान लाया गया जहां चिकित्सकों ने देखते ही सब्बू को मृत घोषित कर दिया ।वहीं उनकी पत्नी और पुत्री का उपचार किया गया। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी



शाहजहांपुर। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में शाहीन कैम्ब्रिज एकेडमी गोमती नगर द्वारा बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की गई है। योजना के अंतर्गत मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र–छात्राओं को 50 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति का लाभ देकर नामांकन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी हैं परीक्षा ऑफ़ लाइन और ऑन लाइन देने की सुविधा दी गई है। एकेडमी प्रबंध निदेशक डा. अलीशा सिद्दीकी ने इस छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना तथा आर्थिक कारणों से उनकी पढ़ाई बाधित न होने देना है। छात्रवृत्ति के माध्यम से विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी माध्यम की आधुनिक शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन और बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। शाहीन कैम्ब्रिज एकेडमी में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां पढ़ाई के साथ–साथ नैतिक शिक्षा, अनुशासन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाया जाता है। छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एकेडमी की प्रबन्ध निदेशक डा. अलीशा सिद्दीकी ने अभिभावकों से अपील की है कि जो बच्चे नीट, इंजीनियर, की तैयारी करना चाहते हैं वे छात्र इस छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाते हुए अपने बच्चों का भविष्य संवार सकते हैं अभिभावक एवं छात्र–छात्राएं एकेडमी परिसर में संपर्क कर छात्रवृत्ति योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त पहल से क्षेत्र के गरीब एवं मेधावी बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का मौक़ा मिलेगा।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




जलालाबाद, शाहजहांपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शाहजहांपुर जिले की जलालाबाद नगर इकाई के द्वारा नगर खेल कुंभ के तहत खेलो भारत आयाम के उपलक्ष में सरस्वती विद्या मंदीर में बैडमिंटन प्रतियोगिता कराई गई जिसमें महाराणा प्रताप टीम विजयी हुई मुख्य अतिथि के रूप में जलालाबाद के तहसीलदार अनुराग दुबे अबम वशिष्ठ अतिथि के रूप मे नगर उपाध्यक्ष भाजपा केशव मिश्रा कालेज प्रबंधक कृष्ण पाल सिंह एवं प्रदेश सह मंत्री संजय गुप्ता, मुख्य रूप से उपस्थित रहे मंचशील अतिथियों ने रिविन काट कर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया जिसमे जिला में डिवीजन संयोजक जितेंद्र पाल, नगर मंत्री शिव सक्सेना, जिला मीडिया संयोजक जयश्री वास्तव, नगर सह मंत्री बाबू टाटा, नगर सह मंत्री शिवांश श्रीवास्तव, नगर सोशल मीडिया संयोजक अंकुश गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीनियर सिटीजन ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



शाहजहांपुर। सीनियर सिटीजन सोसाइटी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक ज्ञापन उमेश चंद्र पाठक संस्थापक जिला अध्यक्ष द्वारा दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर के साथ प्रेषित किया गया। ज्ञापन सिटी अस्पताल सरकारी के स्थापना हेतु हम सभी हैं कि वर्ष 1999 में नगर के मध्य स्थित जिला अस्पताल लगभग 3 किलोमीटर दूर हस्तांतरित मेडिकल कॉलेज की स्थिति में है। नगर की उत्तरी सीमा से यह दूरी 5 से 6 किलोमीटर दूर हो जाती है। नगर में निरंतर जाम की स्थिति में यह अवधि घंटे भर हो जाती है और मरीज नाजुक स्थिति में पहुंच जाता है, या तो ईश्वर की चरण में चला जाता है या फिर घर बार बेचकर निजी चिकित्सालय में इलाज करने को विवश हो जाता है। इस भयावह स्थिति से निकलने का केवल एक ही उपाय है, जिस मांग हेतु ज्ञापन दिया गया है। ऐसा भी समझा जाता है की निजी चिकित्सालय इसका प्रबल विरोध करेंगे, परंतु जनता की आवाज एक दिन सब पर भारी पड़ेगी। ज्ञापन देने में सत्य प्रकाश तिवारी, अनिल दीक्षित, राजेश शुक्ला, चंद्र प्रकाश मिश्रा, भूप सिंह, मोहम्मद अमिल खान, मुरलीधर भोजवाल, अशोक मिश्रा, मोहम्मद सईद खान, केएम वर्मा, सावित्री शर्मा, नीलम पाण्डेय, राजेश्वर तिवारी, हर्षित मिश्रा, सुशील प्रकाश शर्मा, राम रक्षपाल, मीनू मिश्रा, सत्य पाल मिश्रा आदि शामिल रहे।

### राष्ट्रीय कथावाचक साध्वी सरस्वती पूरनपुर पहुंचीं, विराट हिंदू सम्मेलन में हिंदुओं को जगाने पर दिया जोर



पूरनपुर, पीलीभीत। पुरनपुर के सिरसा चौराहा स्थित मैदान में शुक्रवार प्रातः10 बजे विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया इसमें राष्ट्रीय कथावाचक साध्वी सरस्वती देवी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुईं विधायक बाबूराम पासवान, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता और संघ के स्वयंसेवक विभाग प्रचारक सहित कई अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस आयोजन में उपस्थित थीं कथावाचक सरस्वती ने विराट हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है और इसी के तहत ये हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं इन आयोजनों का मुख्य लक्ष्य हिंदुओं को जागृत करना और उन्हें राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों से अवगत कराना है हिंदुओं को आपस में बंटना नहीं चाहिए, हालांकि कुछ लोग उन्हें बांटने का प्रयास कर रहे हैं उन्होंने जोर दिया कि निर्णय, सरकार या जनता गलत हो सकती है, लेकिन सही समय पर सभी चीजों में सुधार आवश्यक है आज की हिंदू समाज की प्रत्येक माता–बहन को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहना होगा उन्होंने कहा कि खाना बनाना याद हो या न हो, मेकअप करना आए या न आए, लेकिन तलवार चलाना हर स्त्री को अवश्य आना चाहिए साध्वी सरस्वती ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस तरह पुरुषों के लिए शस्त्र चलाना आवश्यक माना जाता है, उसी तरह महिलाओं के लिए भी यह समय की मांग है हर स्त्री को शास्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा मिलनी चाहिए, ताकि संकट या युद्ध की स्थिति में महिलाएं पीछे न रहें समाज और राष्ट्र की रक्षा में अग्रिम पंक्ति में खड़ी हों उक्त हिन्दू सम्मेलनों में न केवल मातृशक्ति सहित सकल हिन्दू समाज की उत्साहपूर्वक भागीदारी हो रही है।

# जदुनाथ सिंह जनपद ही नहीं संपूर्ण राष्ट्र के गौरवः डीएम

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



जनपद में अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में नायक जदुनाथ सिंह का बलिदान दिवस जिला मुख्यालय स्थित सैनिक कल्याण बोर्ड परिसर में नायकजी की प्रतिमा के समक्ष मनाया गया। मुख्य अतिथि डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में आज के दिन छुट्टी मनाई जाने के स्थान पर नायक जी का बलिदान दिवस मनाया जा रहा है। जिससे कि जनपद के बच्चे नायक जदुनाथ के बलिदान से प्रेरणा लें। नायक जदुनाथ सिंह जनपद ही नहीं संपूर्ण राष्ट्र के गौरव हैं। इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के प्रभारी अध्यक्ष रामऔतार त्रिपाठी ने कहा कि नायक जी ने अपने जीवन का बलिदान देकर हमारे देश की सीमाओं के अंदर दुश्मन की सेना को घुसने नहीं दिया और देश की सीमा पर शहीद हो गए। नायक जी का बलिदान हम सभी जनपदवासियों के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह देश की सीमाओं के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले देश के अमर शहीदों के परिजनों को भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को मिलने वाली सुविधाएं दी जाएं.परिजनो के रोजी व रोटी की व्यवस्था की जाए। संस्था अध्यक्ष के नेतृत्व में डीएम के द्वारा जनपद के समस्त स्कूल कॉलेज आंगनबाड़ी केंद्रों में नायक जी का बलिदान दिवस मनाए जाने के आदेश के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर सभी ने गर्मजोशी व गगनभेदी जयकारों के बीच नायक जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रूप कैप्टन पीके गुप्ता, परामर्शदाता परिवार न्यायालय मुकेश सिंह परिहार, राष्ट्रवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, धर्मेंद्र,अरविंद मिश्रा सदस्य-मजिस्ट्रेट न्यायपीठ बाल कल्याण समिति, समाजसेवी अमित श्रीवास्तव, अमित शर्मा, रोहित सिंह, अमित बाजपेई, अनिल सिंह राठौर,रामकिशोर भदौरिया, अभय प्रताप सिंह, धर्मवीर सिंह, विजय वीर सिंह, शीशराम यादव, जावेद खान, देवेंद्र मिश्रा, वीरेश सिंह चौहान, हर्ष त्रिपाठी, प्रांजल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में भाई बहन घायल

सिधौली, शाहजहांपुर। शाहजहांपुर पुवाया हाईवे पर महुआपाठक गांव के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा दोपहर लगभग 1:30 बजे हो गया। तेज रफ्तार चार पहिया ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी के थाना पसगवां क्षेत्र के गांव छपौरा निवासी रोशनी (25) अपने भाई संतोष के साथ बाइक से पुवाया से सिधौली क्षेत्र के गांव चकझाऊ जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों हाईवे पर जा गिरे। हादसे में रोशनी को गंभीर चोटें आईं, जबकि भाई संतोष को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। पुलिस ने वाहन की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

सिधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस को सूचना दी की एक व्यक्ति कच्ची देसी शराब लेकर गांव ढकिया रनवास जा रहा है। यदि जल्दी की जाए तो उसको पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की बात पर पुलिस ने विश्वास करते हुए गांव ढकिया रनवास में झोपड़ी दार मकान से बिना भागने का मौका दिए आंगन से एक व्यक्ति को पकड़ लिया ।जामा तलाशी लेने पर उसके हाथ में एक प्लास्टिक की पिपिया जिसमें कच्ची देसी शराब भरी हुई थी। पकड़े गए व्यक्ति से लाइसेंस पूछने पर वह सकपकाने लगा पूछने पर उसने अपना नाम गजोधर पुत्र मैंकू निवासी ग्राम ढकिया रनवास थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर बताया पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्रवाई की।

# सीडीओ ने ब्लाक कांट में विकास कार्यों का किया निरीक्षण, गंदगी देख बिफरीं

▸ हरिशंकर पौधों के उचित रख-रखाव के दिए निर्देश

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



सीडीओ डॉ.अपराजिता सिंह ने ब्लाक कांट में निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय कक्षों का अवलोकन कर कर्मचारियों से कार्य प्रगति की समीक्षा की तथा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टरों की जांच की। परिसर में पेयजल व्यवस्था के अभाव एवं सीसीटीवी कैमरे संचालित न होने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त करने, हरिशंकर पौधों के उचित रख-रखाव एवं कर्मचारियों को आईडी कार्ड सहित समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सालय में गंदगी पाए जाने पर तत्काल साफ-सफाई कराकर जियो-टैग सहित फोटोग्राफ उपलब्ध कराने वमहिला शौचालय का निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। ब्लाक कांट की ग्राम पंचायत टांडा पर्वतपुर के पंचायत भवन में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामवासियों ने पेंशन व आवास से जुड़ी कई शिकायतें सीडीओ के समक्ष रखीं। सीडीओ ने पंचायत सहायक को पेंशन एवं आवास से संबंधित प्रकरणों को ऑनलाइन कराने के निर्देश दिए। वहीं बुजुर्ग मनसुख द्वारा आवास न मिलने की शिकायत पर सीडीओ स्वयं उनके घर पहुंचीं और मौके पर स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत अरविंद शर्मा, अजय भदोरिया, ग्राम विकास अधिकारी संजीव भारद्वाज, अनामिका गौतम, अनिल कुमार वर्मा, शिवानंद सिंह राठौड़, विनीत चौधरी, विनेश कुमार, शिवओम अग्निहोत्री, एपीओ ज्ञाप प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अलमारियों में पत्रावलियों को सुव्यवस्थित रखा जाएः सीडीओ

▸ सामग्री एवं ईसीसी किट का वितरण न होने पर सीडीओ ने डीपीओ की लगाई क्लास



शाहजहांपुर। सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने ब्लॉक कार्यालय ददरौल का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कक्षों में उपस्थित कर्मचारियों के कार्यों का विवरण लिया एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। कार्यालय कक्षों में रखी अलमारियों एवं पत्रावलियों को सुव्यवस्थित रखने तथा कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में स्थित प्रेरणा कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कराए जाने के निर्देश प्रदान किए। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित रहने के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही सीडीओ ने ददरौ स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी ददरौल के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए। कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा पत्रावलियों के समुचित रख–रखाव के निर्देश दिए। साथ ही सीडीओ ने खाद्य सामग्री एवं ईसीसी किट आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित न किए जाने की जानकारी ली। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि खाद्य सामग्री एवं ईसीसी किट का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करें, जिससे लाभार्थियों को समय पर लाभ प्राप्त हो सके।

# एसपी ने कटरा थाने का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सराहा

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

▸ थाने में अभिलेखों, रजिस्टरों और पत्रावलियों का बारीकी से परीक्षण किया



जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को थाना कटरा का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एसपी ग्रामीण दीक्षा भँवरे, एसपी सिटी, क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने थाने में संधारित अभिलेखों, रजिस्टरों और पत्रावलियों का बारीकी से परीक्षण किया। अपराध रजिस्टर, मालखाना, विवेचना प्रगति रजिस्टर, बीट व्यवस्था, जनसुनवाई रजिस्टर तथा महिला एवं बाल अपराध से जुड़े अभिलेखों की समीक्षा की गई। सभी अभिलेख अद्यतन एवं सुव्यवस्थित पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने साइबर हेल्प डेस्क का विशेष निरीक्षण कर साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण और पीड़ितों की सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करना भी पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर स्थित बाल मित्र केंद्र (शिशु गृह) का भी अवलोकन किया गया। बच्चों के अनुकूल वातावरण और सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखते हुए एसपी ने बच्चों से जुड़े मामलों में संवेदनशील व मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। समस्त व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर एसपी ने थाना प्रभारी व पूरी टीम की सराहना की और कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

### 14 फरवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

सिंधौली, शाहजहांपुर। सिधौली के ब्लॉक परिसर में 14 फरवरी 2026 को शनिवार सुबह 11 बजे विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आरएसएस के जिला सह प्रचारक चंदन चौहान ने यह जानकारी दी। चौहान ने बताया कि सम्मेलन में श्री श्री 108 बच्चा स्वामी जी महाराज, अग्नि अखाड़ा अध्यक्ष संत समिति मेला रामनगरिया पांचाल घाट फर्रुखाबाद से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सिख संगत के प्रचारक सरदार रजविंदर सिंह मौजूद रहेंगे। हिंदू सम्मेलन समिति सिधौली के उपाध्यक्ष रज्जन मिश्रा ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम अध्यक्ष रणधीर सिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सक्सेना, रोहित सिंह चौहान और गौरव गुप्ता लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

# पुलिस ने प्रतिबंधित मांझे के विरुद्ध की छापेमारी

▸ भारी मात्रा में मांझा बरामद, आरोपी गिरफ्तार



रोजा,शाहजहांपुर। रोजा पुलिस ने प्रतिबंधित मांझे के विरूद्ध बड़ी छापेमारी करते हुए एक घर प्रतिबंधित मांझा बरामद कर लिया। पुलिस ने प्रतिबंधित मांझा की बिक्री करने वाले को गिरफ्तार कर लिया हैं। शुक्रवार को रोजा पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के लोदीपुर में एक मकान में प्रतिबंधित मांझे की बिक्री की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर लोदीपुर निवासी अफजल के घर की तलाशी ली गई। जहां पर प्रतिबंधित मांझे की लगभग छह चरखी पुलिस ने बरामद की। बताते है कि अफजल अपने घर से ही प्रतिबंधित मांझे की बिक्री कर रहा था। पुलिस ने अफजल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया। वही रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया लोदीपुर निवासी अफजल के घर प्रतिबंधित मांझा बरामद हुआ है। मांझा बेंचने वाले के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

# नौसेना में भर्ती हुए विपिन का किया स्वागत



शाहजहांपुर। जीएफ कॉलेज ग्राउंड में कोच सुरजीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के फाइनल सिलेक्शन लेने वाले विपिन कुमार पुत्र रामदास निवासी ग्राम व पोस्ट गोला रायपुर का ठाकुर आनंदपाल सिंह चौहान व छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार ने फूलों की माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनको जीएफ कॉलेज ग्राउंड में पुलिस व आर्मी में भर्ती होने की तैयारी करने वाले बच्चों के सामने ही सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विपिन कुमार ने सभी को मिठाई खिलाकर अभिनंदन करने वालों का स्वागत किया।

# चाइनीज मंझे के खिलाफ पुलिस का अभियान, किया जागरूक

▸ सीओ के नेतृत्व में दुकानों पर की गई छापेमार कार्रवाई

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में ज्योति यादव क्षेत्राधिकारी तिलहर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने थाना कटरा क्षेत्र में शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना कटरा पुलिस ने बाजार व विभिन्न दुकानों की जांच कर यह सुनिश्चित किया कि कहीं प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री तो नहीं हो रही। साथ ही आमजन को चाइनीज मांझे से होने वाले जान-माल के नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह मांझा बेहद खतरनाक होता है, जिससे राहगीरों, बाइक सवारों और पक्षियों को गंभीर चोट लगने की घटनाएं सामने आती रही हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित चाइनीज मंझे का क्रय-विक्रय और उपयोग दंडनीय अपराध है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जनपद पुलिस ने ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रखने की बात कही है।

### आयुक्त ने किया नाला निर्माण का निरीक्षण

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा आज वार्ड संख्या लोधीपुर में नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा निर्माण कार्य की स्थिति को देखा, सम्बंधित को निर्देशित किया कि नाला निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराये, जिससे महानगर वासियों को सुगम यातायात में सुविधा हो सके। निरीक्षण के समय निर्माण विभाग से अवर अभियंता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0860333 का अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। अवनीश कुमार पुत्र पप्पू नि.ग्रा. उमरसंडा,थाना-पुवायां, शाहजहांपुर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मकान के चैन के मूल बैनामे का आखिरी पेज फोटो स्टेट कराते वक्त कचहरी में किसी फोटो स्टेट की दुकान पर यह गया, जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर में दिनांक 08-07-2012 पुस्तक संख्या 1 खंड संख्या 7647 पेज संख्या 329-352 क्रमांक संख्या 8000 के पर दर्ज है, उक्त मकान मोहल्ला बाडूजई प्रथम में स्थित हैं। जिस किसी व्यक्ति को उपरोक्त बैनामा का आखिरी पेज प्राप्त हो, वह कृपया 15 दिवस के अंदर मुझे (श्रीमती संजू पत्नी संजय) को मो.नं. 9250244071 पर सूचित करे।

# एसएस कालेज में क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

▸ राज्य ललित कला अकादमी और एसएस कालेज के संयुक्त तत्वावधान में हुई आयोजित

राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश तथा स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 2 फरवरी से 6 फरवरी 2026 तक आयोजित क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी में महाविद्यालय के उप-प्राचार्य प्रो. डॉ. अनुराग अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस क्षेत्रीय कला प्रदर्शनी में बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर, मुरादाबाद, रामपुर आदि जनपदों के अनेक कलाकारों ने सहभागिता की। प्रदर्शनी में लगभग 100 चित्रों का प्रदर्शन किया गया, जिन्हें दर्शकों एवं अतिथियों द्वारा अत्यंत सराहा गया। अतिथियों ने कलाकारों के सृजनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की कला प्रदर्शनों के आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दीं। अपरिहार्य कारणों से प्रदर्शनी को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया है। प्रदर्शनी के पुनः आरंभ होने की सूचना दर्शकों को समयानुसार प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र सिंह पुंडीर पूर्व अध्यक्ष, ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश, डॉ. मंजू सिंह पूर्व अध्यक्ष, चित्रकला विभाग, बरेली कॉलेज, डॉ. संजय जौहरी हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद, डॉ. विधि रस्तोगी बरेली सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में यशी गुप्ता, शुभम राठौर, विकास प्रजापति, अंशुल वर्मा, निखिल बंसल, रुचि, आदित्य, शशांक मिश्रा, आशीष अग्रवाल, शिल्पी खान, दिव्यांशी तोमर, अजय रघुवंशी, प्रगति अग्रवाल, शुभम सक्सेना, तरुण, अंशिका, चित्रा शर्मा, डॉ. कृष्ण, डॉ. अर्चना सक्सेना, वाणी शुक्ला, वांचा दीक्षित, आशीष अवस्थी आदि कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट कृतियों का प्रदर्शन किया। डॉ. अवनीश मिश्रा सचिव, प्रबंध समिति ने प्रदर्शनी की सराहना की, जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आज़ाद ने सुंदर संयोजन एवं सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उप-प्राचार्य प्रो. डॉ. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शित सभी चित्र जीवंत प्रतीत होते हैं, जिनमें कलाकारों की भावनाएँ, विचार, व्यक्तित्व और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट समन्वय दृष्टिगोचर होता है। प्रो. डॉ. आदित्य कुमार सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चित्रकला विभाग द्वारा प्रस्तुत पेंटिंग्स उच्च स्तरीय हैं तथा प्रत्येक चित्र अपने भीतर कोई न कोई सार्थक संदेश समेटे हुए है। प्रो. शालीन कुमार सिंह ने कहा कि यह प्रदर्शनी एक आनंददायक और प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करती है, जहाँ विद्यार्थियों को अपने कौशल में निपुण होते देख एक शिक्षक को अपने प्रयासों की सार्थकता का अनुभव होता है। डॉ. रमेश चंद्र ने कहा कि यह क्षेत्रीय कला का एक अनूठा संगम है, जहाँ रंगों के माध्यम से जीवन के विविध आयामों को सजीव रूप में अभिव्यक्त किया गया है। डॉ. पवन गुप्ता ने विशेष रूप से धागे से निर्मित श्री गणेश की प्रतिमा की सराहना करते हुए कलाकार शुभम राठौर के नवाचारी सृजन की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रज्वल पुंडीर ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो. आलोक मिश्रा, प्रो. प्रभात शुक्ला, प्रो. मीना शर्मा, प्रो. पूनम, प्रो. अजीत सिंह चारग, डॉ. सुयश सिन्हा, डॉ. अर्चना गर्ग, मोहम्मद कमर, डॉ. कविता भटनागर, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. रेनू बहुखंडी, डॉ. शिवांगी शुक्ला, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, डॉ. चंद्रशंकर मिश्रा, वीरज देवी, रश्मि राठौर, काजल आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## खबरें एक नजर में

### 17वें दिन सीएमओ के आश्वाशन पर आशा कार्यकर्त्रियों का धरना समाप्त



**सिधौली, शाहजहांपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली परिसर में धरने पर बैठी आशा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आश्वासन के बाद 17वें दिन अपना धरना समाप्त कर दिया। आपको बतादें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली में लंबे समय से मानदेय व अन्य बकाया भुगतान को लेकर आशा कार्यकर्ता आंदोलनरत थीं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ रहा था। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर आशा कार्यकर्ताओं से बातचीत की और उन्हें आश्वासन दिया कि उनका बकाया भुगतान शीघ्र ही खातों में भेज दिया जाएगा। साथ ही उनसे कार्य पर वापस लौटने की अपील की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आश्वासन पर भरोसा जताते हुए आशा कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान आशा विमला देवी, प्रिया देवी, कुसुमलता, उषा देवी, रुचिदेवी, मनोरमा, आलिया बेगम, आइसा बेगम, रीता देवी, मनोरमा देवी, मिथिलेश कुमारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्हें 15 दिनों का समय दिया गया है। यदि इस अवधि में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता और भुगतान नहीं किया जाता है, तो वे पुनः धरना शुरू करने को मजबूर होंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की अहम कड़ी हैं और परिवार का हिस्सा हैं। विभाग उनकी समस्याओं को लेकर गंभीर है और जल्द समाधान किया जाएगा। धरना समाप्त होने के बाद आशा कार्यकर्ता पुनः अपने कार्यों पर लौट गई।

### सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव, बाइक नंबर से हुई शिनाख्त



**तिलहर – शाहजहांपुर।** बुलेट मोटरसाइकिल सवार एक युवक का खून से लथपथ शव सड़क किनारे खेत में पड़ा पाए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजवाया। बुलेट के नम्बर से उसके मालिक की पहचान के जरिए मृतक की बमुश्किल शिनाख्त हो सकी। जानकारी के मुताबिक तिलहर बंधा मार्ग पर स्थित मोड़ के किनारे खेत में एक युवक का शव व बुलेट मोटरसाइकिल पड़े होने की सूचना पर देर रात पुलिस मौके पर पहुंची। मोटरसाइकिल के नम्बर से उसके मालिक का पता चलने पर उससे मृतक युवक की जलालाबाद के धिन्यारा गांव निवासी ब्रजेश सागर पुत्र जगपाल 26 के रूप शिनाख्त हो सकी। जलालाबाद पुलिस के जरिए मृतक के रिश्तेदार व पानीपत में मजदूरी करने गए उसके भाई अवधेश को सूचना दी गई। प्रभारी कोतवाल प्रमोद कुमार ने बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल स्वामी मदनापुर क्षेत्र के गांव दयोतरा निवासी गौरव यादव पुत्र कल्याण यादव के मुताबिक उसकी बुलेट ब्रजेश मांगकर ले गया था । जो कि सड़क किनारे लगे बिजली पोल से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। उधर मृतक के भाई अवधेश ने बताया कि वह चार भाइयों में अब अकेला ही बचा है । उसके पिता व दो भाइयों की पहले ही दुर्घटना में मौत हो चुकी है । आज उसके तीसरे भाई की मौत भी सड़क दुर्घटना में होना पुलिस द्वारा बताई गई है। जिससे वह बदकिस्मती से अब अकेला ही रह गया है।

# मंडलायुक्त ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और विधायकों के साथ की बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस चौधरी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत गतिमान कार्यों के संबंध में जनपद के सांसद, विधायक तथा राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बिस्मिल सभागार, कलेक्ट्रेट में बैठक कर पुनरीक्षण संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत अब तक किए गए कार्यों तथा वर्तमान में नोटिसों की सुनवाई से सम्बन्धित कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। जनप्रतिनिधियों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराये जाने के लिए उनके फार्म-6 भरवाने में अपना सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। साथ ही राजनैतिक दलों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे अपने बूथ लेविल एजेन्ट के माध्यम से बीएलओ के कार्यों में सहयोग प्रदान करे। बैठक में जनपद के समस्त सक्रिय मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि तथा विधायकगण के साथ-साथ समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने कलेक्ट्रेट में निरीक्षण कर सरकारी कामकाजों, फाइलों, जनता से जुड़ी योजनाओं का अवलोकन किया। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट में दफ्तरों में जाकर पटलों का निरीक्षण भी किया। नजारत, भूलेख, रिकार्ड रूम, पुस्तकालय आदि को भी देखा। जहां पर रिकॉर्ड रजिस्टर, फाइलों को अवलोकन किया। वही मंडलायुक्त ने निरीक्षण से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का जाना और शिकायतों को नोट कराकर निस्तारण के लिए डीएम को दिशा निर्देश दिए।

# बैंकों की लापरवाही से खुदागंज में पार्किंग बनी सिरदर्द, खाताधारक परेशान

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर में संचालित बैंकों की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली आम जनता के लिए भारी परेशानी का कारण बनती जा रही है। नगर में स्थित विभिन्न बैंकों में वाहन पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था न होने से खाताधारकों को रोज़ाना गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक परिसरों के बाहर सड़कों पर खड़े वाहनों के कारण लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम राहगीर भी परेशान हैं। नगर में संचालित भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यह दोनों बैंक किराए के भवनों में कार्यरत हैं। किराए के भवनों में संचालित होने के चलते इन बैंकों ने उपभोक्ताओं के लिए वाहन पार्किंग की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है। स्थिति यह है कि दो प्रमुख बैंक मुख्य मार्ग पर ही संचालित हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद पार्किंग की अनदेखी की जा रही है। मजबूरी में खाताधारकों को अपने दोपहिया व चारपहिया वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़ते हैं, जिससे न सिर्फ यातायात बाधित होता है बल्कि वाहनों के क्षतिग्रस्त होने और चोरी का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बैंक में थोड़ी देर के काम के लिए जाने पर भी वाहन की सुरक्षा को लेकर चिंता सताती रहती है। नगरवासियों और बैंक उपभोक्ताओं ने प्रशासन और बैंक प्रबंधन से इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले समय में हालात और भी बदतर हो सकते हैं। अब सवाल यह है कि क्या बैंक प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारी जनता की इस जायज़ परेशानी पर ध्यान देंगे, या फिर खाताधारक यूं ही अव्यवस्था की मार झेलते रहेंगे।

### हाइटेंशन लाइन की चपेट में आई महिला, मौत

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** तहसील कलान के परौर थाना क्षेत्र के गांव कौमी में हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला सीमा पत्नी गुड्डू की मौत हो गई है अचानक हुए हादसे में गांव में मातम छा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि महिला सीमा छत पर बने शौचालय में टायलेट करने गई थी तभी छत के पास से गुजर रही हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला सीमा की मौत हो गई है। मृतक सीमा के चार पुत्र व दो पुत्रियां हैं। दो पुत्र व दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड इकट्ठा हो गई है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो सीमा मृत अवस्था में पड़ी मिली और कपड़े भी अधजले हो गए थे। परिजनों ने बताया कि कई बार हाइटेंशन लाइन छत पर हटाने की मांग की लेकिन हटाई नहीं गई है।

# वन विभाग ने मनाया वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह

- विभिन्न विद्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर हुई संगोष्ठियां
- वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह अन्तर्गत वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण हेतु हुई चर्चा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार के निर्देशन में जनपद की विभिन्न रेन्जों में वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सदर क्षेत्र अन्तर्गत क्षेत्रीय वनाधिकारी शत्रुध्न प्रसाद की अध्यक्षता में विकास खण्ड कांट के राजकीय उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में संगोष्ठी कर वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी ने बताया कि वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह प्रत्येक वर्ष 1 से 7 फरवरी तक मनाया जाता है जिसके उद्देश्य आम जनता को ग्रीष्मकाल में वनों में लगने वाली आग से सुरक्षा एवं बचाव हेतु जागरूक करना होता है। इस अवसर पर राहागीरों को पम्फलेट वितरित कर जागरूक भी किया गया। जलालाबाद क्षेत्र अन्तर्गत क्षेत्रीय वनाधिकारी विशाल रावत की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालय नगरिया बुजुर्ग प्रांगण अन्तर्गत संगोष्ठी कर युवाओं को जागरूक किया साथ ही प्राथमिक बचाव के तरीकों के बारे में बताया। पुवायां क्षेत्र अन्तर्गत खुटार रेन्ज के गंगसरा एवं मंडनपुर बीट में स्थानीय लोगों के साथ जंगल में लगने वाली आग, सुरक्षा, बचाव व पर्यावरण की रक्षा करने हेतु विचार-विमर्श किया साथ ही वन्यजीवों को संरक्षित करने के उपाय बताये तथा समस्त आम जनता को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुये अवगत कराया गया कि वन क्षेत्र में कही भी आग लगी हुई दिखाई पड़ने पर तत्काल निकटतम वन चौकी अथवा वन्यकर्मी को सूचित करें ताकि वनों में अग्नि से होने वाली क्षति को तत्काल रूप से रोका जा सके। सिंधौली क्षेत्र अन्तर्गत क्षेत्रीय वनाधिकारी वीरेश राव की अध्यक्षता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढकिया हमीदनगर के छात्र-छात्राओं को सजगता और सूझ-बूझ के साथ वनों में लगने वाली आग से बचने के तरीकों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थिति समस्त छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, स्थानीय नागरिकों ने वनों के संरक्षण की शपथ ग्रहण की।

# बच्चों के समग्र विकास का माध्यम है संगीतः नीता श्रीवास्तव

- साई शिक्षायतन में तीन दिवसीय संगीत कार्यशाला का किया गया आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



महानगर के साई शिक्षायतन विद्यालय में तीन दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस संगीत कार्यशाला में बच्चों ने सुरों से दोस्ती की, ताल से संवाद किया और संगीत के माध्यम से अपने भीतर छिपी संवेदनाओं को स्वर दिया। बच्चों को संगीत का प्रशिक्षण एसएस कालेज की संगीत विभागाध्यक्ष डा. कविता भटनागर ने दिया । कार्यशाला के समापन समारोह का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक नीता श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक डा. कविता भटनागर ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम का अंत नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरुआत है। यह कार्यशाला केवल गायन या वादन सिखाने का माध्यम नहीं रही, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास और अनुशासन का भी सुंदर मंच बनी। उन्होंने कहा कि संगीत केवल कला नहीं, साधना है और संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। विद्यालय की निदेशक नीता श्रीवास्तव ने कहा कि कम समय में बच्चों ने संगीत की बारीकियों के साथ-साथ प्रेम, धैर्य और साधना का अर्थ भी सीखा। उन्होंने बच्चों से अपील की कि कार्यशाला में उन्होंने जो सीखा है उसका निरंतर अभ्यास करते रहें। इस मौके पर प्रशिक्षक डा कविता भटनागर ने बच्चों को संगीत विषय की स्व लिखित पुस्तक भेंट की। विद्यालय की निदेशक नीता श्रीवास्तव ने उनका अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।अंत में सभी का आभार प्रधानाचार्य रचना बुद्धवार ने व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकायें और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# पांच दिनों में तड़फते हुए मर गए दर्जनभर गौवंश

- गोरक्षक संघ ने जताया आक्रोश
- पुलिस व पशु चिकित्सा अधिकारी ने मौके पर की पड़ताल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में गोवंश की हो रही मौतों के मामले में राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी मौकेपर पहुंचे। सूचना पर कोतवाली पुलिस और पशु चिकित्सा विभाग के सीबीओ भी पड़ताल के लिए पहुंचे हैं। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला निजामगंज और आंबेडकर गांव मौजमपुर क्षेत्र में गौवंश के तड़पने की सूचना पर राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के सचिन राठौर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे । घटनाक्रम की जानकारी पर बिरियागंज चौकी प्रभारी नितिन मलिक दी। तत्काल श्री मालिक तुम के साथ जांच के लिए मौके पर पहुंचे । इस दौरान दो फरवरी से शुक्रवार तक अर्थात मात्र पांच दिनों में प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक दर्जन भर से ज्यादा गौवंश की तड़फ तड़फ कर मरने पर आक्रोशित राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन पर जमकर भड़ास निकाली। इसी दौरान पशु चिकित्सा विभाग के सीबीओ दिनेश कठेरिया। मौके पर पहुंचे और अधीनस्थ से तड़फ रहे एक गौवंश को इंजेक्शन लगवाया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया सबसे पहले दो फरवरी को दो गौवंश तड़फते हुए मर गए। तीन फरवरी को तीन गौवंश की मौत हो गई। इसी दौरान दो गौवंश बिरया बाबा मेला स्थल की ओर दो मृत गौवंश को कुत्ते नोचते नजर आए। चार फरवरी हो दो गौवंश ने दम तोड़ दिया और शुक्रवार को भी दो गौवंश तड़फते हुए काल के गाल में समा गए। विडंबना यह है सभी मरने वाले गौवंशों के मुंह से झाग निकलते देख गया। यहां पहुंचे प्रधान अरविंद कुमार ने बताया कि वह तीन दिन में आधा दर्जन मृत गौवंश की दफनबा चुके है। फिलहाल गौवंश की निरंतर हो रही मौतों पर सवालिया निशान लग गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मृत गोवंश का पोस्टमार्टम करा कर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा क्योंकि संदेह है कि गोवंश को जहर देकर मारा जा रहा है। इस दौरान अभिजीत सिंह,राजीव गंगवार,कृष्णा गंगवार आदि मौजूद रहे।

# सीएम की तर्ज पर डीएम का जनता दरबार, सीधा संवादः त्वरित न्याय

- कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में शुरू किया गया जनता दर्शन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर में लगने वाले जनता दरबार की तर्ज पर जनपद में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जनता की सुनवाई के लिए कलेक्ट्रेट में स्थित पार्क में जनता दरबार लगाने की मुहिम शुरू की है। उनकी पहल का उद्देश्य है कि जनता बगैर रोक टोक के सीधे उनसे मिल सके और अपनी समस्याओं को रख सके। इससे जनता को सुलभ, त्वरित न्याय मिलेगा और अधिकारी-जनता के बीच सीधा संवाद हो सकेगा। इसके साथ ही डीएम द्वारा सुबह 10 से 12 बजे तक सभी जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों को वीसी के माध्यम से जोड़कर आने वाली शिकायतों का निस्तारण कराया जाता है। जोकि पब्लिक के बीच एक अच्छा मैसेज बना हुआ है। डीएम के कामकाजों को लेकर शासन स्तर तक जिला की एक अलग पहचान बनी हुई है। इसके साथ ही डीएम द्वारा आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। फरियादियों की शिकायतों पर डीएम द्वारा संबधित अधिकारियों को फोन करके उनका निस्तारण त्वरित कराया जा रहा है। जिससे कि फरियादी को बार बार सरकारी दफ्तरों में चक्कर न काटने पड़े। उनका बेशकीमती समय, आने जाने के लिए लगने वाला किराया भी बचे। डीएम की पहल की जनपदवासियों द्वारा सराहा भी जा रहा है।

# गौरक्ष दल ने गौवंशों से भरी डीसीएम पकड़ी

- 13 गौवंश बरामद, एक बछड़े की मौत, पुलिस ने गौवंशों को गौशाला भेज दर्ज की रिपोर्ट

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज**



शुक्रवार की दोपहर गौरक्षा दल टीम के कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद बार्डर के पास गौ वंश से भरी डीसीएम पकड़ी है। डीसीएम में 11 गौवंश व 3 बच्चे ठूंस-ठूंसकर भरे हुए थे। इसमें बछड़े की मौत हो गई हैं। जिन्हें पुलिस टीम ने मुक्त कराकर गौशाला भेज दिया हैं ।

गौरक्ष अतुल कुमार रस्तोगी ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर सूचना मिली थी कि पंजाब से गौ वंश को एकत्रित कर गोकशी के लिये डीसीएम से जा रही हैं। जिस सूचना को सही मानते हुए गौ रक्षा दल के राहुल शुक्ला, विवेक गुप्ता, अंकित अवस्थी, अंशुल यादव, कृष्णा रस्तोगी व दीपक गुप्ता द्वारा अटसलिया से घेराबंदी कर बनतारा के पास डीसीएम को पकड़ लिया। गौ रक्षा दल के सदस्यों ने मामले की सूचना रोजा पुलिस को दी। जिस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम में ठूंस ठूंस कर भरे हुए 11 गौवंश व तीन बछड़ो को बरामद कर लिया। इसमें एक बछड़े की मौत हो गई। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि डीसीएम से बरामद सभी गौवंशो को गौशाला भेज दिया गया हैं, जबकि मृत गौवंश को दफनाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया हैं। मामले में गौरक्षा दल की ओर से तहरीर मिल गई हैं। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# बरामद हुई दलित नाबालिग बहनों के मामले में आया नया मोड़

- जालंधर में अपने घर संरक्षण देने वाले पर लगाया दोनों ने बंधक बनाकर दुष्कर्म का आरोप, आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस की मुहिम शुरू

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर से लापता हुई दलित नाबालिग चेचेरी तहेरी वहनों की बरामदगी के बाद घटनाक्रम में नया मोड आने से पुलिस की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। लड़कियों ने उन्हें संरक्षण देने वाले जालंधर के व्यक्ति पर बंधक बनाकर दुष्कर्म लगाने का आरोप लगाया है। आरोपों का खुलासा दिए गए बयानों के अवलोकन में हुआ है। गौरतलब है कि 29 दिसंबर को सुबह नौ बजे नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी दलित परिवार की नाबालिग चचेरी तहेरी बहने स्कूल ड्रेस में निकली थीं। जो लापता हो गई। जिन्हें नगर के मुख्य चौराहे के समीप एक ई रिक्शा पर बैठकर स्टेशन रोड की ओर जाते सीसीटीवी कैमरे में देखा गया था। उक्त मामले में दर्जन भर से ज्यादा युवकों व युवतियों से पूंछताछ की गई , पुलिस ने 21 वें दिन वेहद नाटकीय ढंग से उन्हें बरामद कर लिया गया। कानूनी प्रक्रिया के चलते दोनों किशोरियों को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। जिनका मेडिकल कराए जाने के साथ ही कोर्ट में कलमबंद बयान कराए गए। विवेचक एसआई नैपाल सिंह ने बताया कि बयानों का अवलोकन किए जाने पर उक्त दोनों ने जालंधर में अपने घर में संरक्षण देने वाले किसी शनि नामक व्यक्ति पर उन्हें बंधक बनाए रखने और दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया गया है। फिलहाल इस घृणित आरोप लगाए जाने से पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई है । आरोपी को गिरफ्तार किए जाने की मुहिम शुरू हो गई है।

# आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू, पांच हजार सीटों पर निः शुल्क प्रवेश

- तीन चरणों में जनपद में अलाभित एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए योजना

**प्रभाकर मिश्रा**




**शाहजहांपुर।** जनपद में शासन की मंशानुरूप आरटीई शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बीएसए ने इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। तीनों चरणों में प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पात्र बच्चों को लॉटरी पद्धति के माध्यम से निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा अभिभावकों से निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है, ताकि उनके बच्चों को शिक्षा का लाभ मिल सके। बता दें कि योजना में विद्यालय आवंटन, प्रवेश, कक्षा 8 तक की शिक्षण में किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। अभिभावकों को पाठ्यक्रम की पुस्तकें, जूता, मोजा आदि क्रय किए जाने के लिए धनराशि 5 हजार रुपए वार्षिक दिया जाता है।

> बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि जनपद में आरटीई के अंतर्गत बच्चों का नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है। जोकि तीन चरणों में चल रही है। जिले में 5001 सीटों पर आवेदन मांगे गए हैं। किसी तरह की कोई समस्या होने पर बीईओ या बीएसए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

**आवदेन की समयसारिणीः प्रथम चरणः-** आनलाइन आवदेन की तिथियां एवं बीएसए द्वारा आवदेनों का सत्यापन 2 फरवरी से 16 फरवरी, लाटरी निकालने की तिथि 18 फरवरी, बच्चों के लिए प्रवेश के लिए सूची जारी 20 फरवरी।

**द्वितीय चरणः-** आनलाइन आवदेन की तिथियां एवं बीएसए द्वारा आवदेनों का सत्यापन 21 फरवरी से 07 मार्च , लाटरी निकालने की तिथि 9 मार्च , बच्चों के लिए प्रवेश के लिए सूची जारी 11 मार्च।

**तृतीय चरणः-** आनलाइन आवदेन की तिथियां एवं बीएसए द्वारा आवदेनों का सत्यापन 12 मार्च से 26 मार्च, लाटरी निकालने की तिथि 27 मार्च , बच्चों के लिए प्रवेश के लिए सूची जारी 29 मार्च।

**पात्रता श्रेणीः** अलाभित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग एवं निशक्त बच्चा,अनाथ बच्चा, गंभीर बीमारी से पीड़ित माता पिता के बच्चे। दुर्बल वर्ग में अंतोदय कार्डधारक का बच्चा, जिनके माता पिता दिव्यांग, वृध्दावस्था पेंशन, जिस माता पिता की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक हो।

**जरूरी डाक्यूमेंट्सः** माता पिता का आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र अन्य प्रपत्र।

### बाड़ीगांव में बच्चों की संख्या कम, पूरे स्टाफ का स्पष्टीकरण

**शाहजहांपुर।** सीडीओ के दिशा निर्देश पर बीएसए दिव्या गुप्ता द्वारा सरकारी स्कूलों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को बीएसए द्वाया भावलखेड़ा ब्लाक के बाड़ीगांव में प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जहां पर पंजीकृत 450 बच्चों के सापेक्ष 70 बच्चे उपस्थित पाए गए, जिस पर बीएसए ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए पूरे स्टाफ का स्पष्टीकरण मांगा। भविष्य में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए स्कूल इंचार्ज को दिशा निर्देश दिए।

## अमरीका में 'मेड इन इंडिया'

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने न तो टैरिफ 50 फीसदी से घटा कर 18 फीसदी करने का निर्णय अचानक लिया और न ही भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा एकदम की। ट्रंप प्रशासन तब से विमर्श और मंथन कर रहा था, जब भारत ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ 'मुक्त व्यापार समझौते' करने में सफल रहा। राष्ट्रपति ट्रंप अपने कुछ नीतिगत फैसलों और 'दादागीरी' के कारण भी घरेलू स्तर पर और वैश्विक संदर्भों में विरोध झेल रहे थे, लिहाजा अकेले पड़ते जा रहे थे। भारत-अमरीका के रणनीतिक संबंध किसी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के मोहताज नहीं हैं। वे निरंतर और स्वाभाविक हैं, क्योंकि वैश्विक समीकरण ही ऐसे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने व्यापार समझौते की घोषणा की और फोन पर प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत की। दोनों नेताओं के संबंध 'प्यारे दोस्त' वाले भी हैं, दोनों एक-दूसरे को 'ताकतवर' भी मानते हैं, लेकिन परस्पर-विरोधी फैसले भी लेते हैं, अंततः रणनीतिक साझेदार मानने लगते हैं। बहरहाल भारत-अमरीका के बीच व्यापार समझौता हुआ है। इसकी बातचीत बड़ी लंबी चली है, समझौता खटाई में भी पड़ता गया है, तीखे विरोधाभास रहे हैं, अंततः समझौते की घोषणा की गई है। हालांकि समझौते का पूरा मसविदा, तमाम ब्यौरे अभी तक सार्वजनिक नहीं हैं, क्योंकि समझौते पर अभी हस्ताक्षर किए जाने हैं और दोनों देशों का 'साझा बयान' भी प्रतीक्षित है। संभवतः इसी सप्ताह यह औपचारिकता भी निपटा ली जाएगी, भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ऐसा बयान दिया है। व्यापार समझौता हुआ है, तो जाहिर है कि अब 30 ट्रिलियन डॉलर वाली दुनिया की सबसे बड़ी, ताकतवर अर्थव्यवस्था के बाजार में 'मेड इन इंडिया' सामान और उत्पादों के बिकने का रास्ता साफ हो गया है। भारत को वस्त्र, रेडिमेड कपड़े, रसायन, ऑटो, कालीन, आईटी हार्डवेयर, फार्मा, रत्न-आभूषण, पेट्रो उत्पाद, लोहा-इस्पात, प्लास्टिक, एल्यूमीनियम, तांबा, चमड़ा-जूते और फर्नीचर आदि के क्षेत्र में फायदा होगा। 'व्यापार समझौता' कितना सकारात्मक और फलदायक है, वह इसी से स्पष्ट है कि 8 सालों में 'रुपया' पहली बार 122 पैसे चढ़ा है और अब एक डॉलर 90.27 रुपए तक लुढ़क आया है। शेयर बाजार में निवेशकों ने एक ही दिन में 12 लाख करोड़ रुपए कमाए हैं। विदेशी निवेशक और एफआईआई एक बार फिर भारत में अपने निवेश बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के निर्णय और घोषणा का हम भी स्वागत करते हैं, लेकिन उन्हें 'वाचाल दावों' से परहेज करना चाहिए। मसलन-उन्होंने दावा किया है कि भारत ने 500 अरब डॉलर (करीब 45.15 लाख करोड़ रुपए) के अमरीकी उत्पादों की खरीद का संकल्प लिया है। इनमें ऊर्जा, अत्याधुनिक तकनीक-प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य उत्पाद शामिल हैं। दरअसल भारत का कुल वैश्विक आयात 721 अरब डॉलर का है। भारत का आम बजट भी 53.47 लाख करोड़ रुपए का है। उसमें से 45 लाख करोड़ रुपए अकेले अमरीकी उत्पादों पर कैसे खर्च किए जा सकते हैं? राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी दावा किया है कि भारत टैरिफ, नॉन टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए अमरीकी उत्पादों पर 'शून्य' टैरिफ को भी सहमत हो गया है। यदि भारत 'शून्य' टैरिफ लगाएगा, तो उसकी कंपनियों का तो भट्ठा ही बैठ जाएगा। हकीकत यह है कि भारत ने 'शून्य' टैरिफ पर सहमति ही नहीं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी 'धन्यवाद' की जो पोस्ट लिखी है, उसमें भी सहमति का जिक्र नहीं है। सबसे संवेदनशील यह है कि भारत ने गेहूं, मक्का, सोयाबीन और डेयरी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार नहीं खोला है। फिर अमरीका की कृषि मंत्री ब्रूक रोलिन्स क्यों उछल रही हैं कि अब अमरीका के कृषि उत्पाद भी भारत जैसे विशाल बाजार में बिकेंगे? रूसी तेल के मुद्दे पर भी ट्रंप ने गलतबयानी की है। बेशक भारत ने रूसी तेल खरीदना कम किया है, क्योंकि वह उतना सस्ता नहीं पड़ रहा है, लेकिन फिर भी भारत ने 13 जनवरी, 2026 तक 11.4 लाख बैरल तेल प्रतिदिन रूस से खरीदा है। मार्च में भी यह मात्रा 8-9 लाख बैरल प्रतिदिन की रहेगी। बहरहाल भारत-अमरीका के बीच एक नया अध्याय शुरू हो रहा है, लेकिन अभी यह जश्न मनाने का वक्त नहीं है।

# भारत टैक्सी का भविष्य

गौरव अवस्थी

दिल्ली एनसीआर और गुजरात में दो महीने के सफल ट्रायल के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सहकारिता क्षेत्र की 8 बड़ी संस्थाओं के संयुक्त उपक्रम के रूप में सहकारिता आधारित टैक्सी सर्विस भारत टैक्सी को आधिकारिक रूप से कल नई दिल्ली में लॉन्च कर दिया। दो साल में इस सेवा को पूरे देश में लागू करने का भी ऐलान हुआ है।

भारत टैक्सी बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत भारत का पहला सहकारिता-नेतृत्व वाला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। इसकी स्थापना 6 जून 2025 को की गई। दावा है कि अपनी स्थापना के बाद से भारत टैक्सी दुनिया का पहला और सबसे बड़ा सहकारिता-आधारित राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म तथा विश्व का सबसे बड़ा ड्राइवर-स्वामित्व वाला मोबिलिटी प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। अब तक लगभग चार लाख ड्राइवर भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं और दस लाख से अधिक उपयोगकर्ता पंजीकृत हो चुके हैं। लगभग 10 करोड़ की राशि अब तक सीधे ड्राइवरों में वितरित की जा चुकी है।

सहकारिता क्षेत्र की संस्थाओं का सर्विस सेक्टर में उतरना स्वागत योग्य कदम माना जाना चाहिए लेकिन सरकारी दखल और सरकारी बैसाखी सहकारिता आधारित इस सेवा को भी कहीं अन्य सेवाओं की तरह प्रभावित न करे, इसके पुख्ता प्रबंध शुरुआती चरण से ही सुनिश्चित किए जाने जरूरी हैं। यह बात इसलिए कि भारत टैक्सी सेवा को ओला, उबर एवं रैपीडो जैसी प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों टक्कर लेनी है और बेहतर सेवा देते हुए उपभोक्ता का भरोसा भी अर्जित करना है।

निजी क्षेत्र की कंपनियां जब सेवा या किसी भी क्षेत्र में अपनी सेवा या उत्पाद लेकर उतरती हैं तो मजबूत नेटवर्क का निर्माण अपनी लुभावनी योजनाओं के माध्यम से करती हैं। जैसे, राइड सर्विस को ही लें तो (जैसा-एक कैब ओनर ने बताया) ओला ने भारत में अपनी लॉन्चिंग के प्रारंभिक चरण में कैब मालिकों को 1 दिन में पांच राइड पर 1500 रुपये का अतिरिक्त बोनस देना शुरू किया। इस लालच में कैब मालिक ऑनलाइन राइड सर्विस से जुड़ते चले गए और भारत भर में इस सेवा का विस्तार होता गया। आज छोटे शहरों में भी बाइक राइड सर्विस मिलने लगी हैं। हालांकि अब बोनस बंद और कमीशन भी 15-20 फीसदी है लेकिन राइड बढ़ीं हैं। रेट कंपटीशन का असर कैबवालों की इनकम पर पड़ा है।

निजी क्षेत्र की कंपनियों की बढ़ती उपलब्धियों को देखते हुए ही प्रधानमंत्री मोदी के सहकार से समृद्धि मंत्र को आत्मसात करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस




**प्राइवेट सेक्टर को चुनौती देने उतरी भारत टैक्सी सर्विस का ऐप भी अभी पूरी तरह डेवलप नहीं है। गुरुग्राम से दिल्ली तक की राइड लेने के दौरान एक बात और सामने आई कि भारत टैक्सी की ऑनलाइन बुकिंग में एमसीडी का प्रवेश शुल्क जुड़ा नहीं होता। कैब मालिक ग्राहक से उसकी अलग से डिमांड करता है। यह स्थिति कैब ओनर और ग्राहक दोनों को असहज करती है। कोई भी ग्राहक यात्रा में असहज नहीं होना चाहता। हां, भारत टैक्सी के ऐप में ओला-उबर से एक अलग फीचर है। वह है, ग्राहक को स्टॉप की सुविधा- जो गुरुग्राम में तो है पर दिल्ली के लिए नहीं। इसका विस्तार ग्राहकों को आकर्षित करेगा। जबकि निजी कंपनियां अपने ऐप में यह सुविधा नहीं दे रहीं। जरूरी है कि भारत टैक्सी एप भी समय-समय पर अपडेट कर ट्रैवलर फ्रेंडली बनाया जाए। आज जब ऐसे भी ऐप हैं जो राइड सर्विस के प्राइस कंपेयर करके तुरंत उपभोक्ता को सजग कर देते हैं। ऐसे में भारत टैक्सी सर्विस को सफल बनाने के लिए बैसाखी के बजाय ग्राहक की उम्मीद के अनुरूप तैयार किया जाए। अगर सरकारी क्षेत्र की शीर्ष संस्थाएं ऐसा कर पाईं तो भारत टैक्सी का भविष्य वास्तव में उज्ज्वल होगा। नहीं तो दूसरी अन्य सेवाओं और उत्पादों की तरह सरकार के सहारे पर निर्भर रहकर बस नाम की रह जाएगी।**

क्षेत्र में सहकारी सेवा शुरू कराई है। इसे एक अच्छा कदम माना जाना चाहिए लेकिन सरकार को बैसाखी के बजाय सहकारी संस्थाओं को अपने दम पर इस सेवा को स्थापित करने का अवसर देना चाहिए। यह बात इसलिए कि बैसाखी चलने की हिम्मत तो देती है लेकिन सहारे की गलत आदत भी डेवलप कर सकती है। ट्रायल पीरियड में ही भारत टैक्सी को बैसाखी थमा देने को किस रूप में देखा जाए, आप ही तय करें।

उदाहरण के लिए यहां एक ग्राहक के रूप में अपनी आपबीती बताना जरूरी है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से हजारों लोगों की रोज आवाजाही होती है। भारत टैक्सी सर्विस को सफल बनाने के लिए सरकार ने जानबूझकर आईजीआई एयरपोर्ट पर ओला-उबर-रैपीडो के पिकअप पॉइंट कुछ दूर बनवा दिए ताकि ग्राहक भारत टैक्सी राइड लेने को मजबूर हो। ट्रायल के दौरान ही भारत के इस सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डे पर सरकार की तरफ से बैसाखी के रूप में एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी की सुविधा दिल्ली पुलिस से लेकर भारत टैक्सी को दे दी गई। इसके पीछे शायद सोच यही होगी कि पिकअप पॉइंट दूर होगा तो मजबूर होकर लोग भारत टैक्सी का सहारा लेंगे और ऐसा हो भी रहा। आमतौर पर ऑनलाइन राइड बुक करने के अधिकतम पांच मिनट में टैक्सी पिकअप पॉइंट पर पहुंच जाती थी लेकिन भारत टैक्सी सर्विस लॉन्च होने के बाद ऐसा नहीं है। एयरपोर्ट के बाहर अब ओला, उबर और रैपीडो की बुकिंग पर टैक्सी में औसत 20 से 25 मिनट लग रहे हैं। कभी-कभी तो जाम की समस्या बता कर निजी कंपनियां ग्राहक को तीन-चार सौ मीटर आगे धौलाकुआं चौराहे तक सामान लेकर आने को कहती हैं। अब आप समझ सकते हैं कि लगेज के साथ इतनी दूर कौन पैदल जाएगा?

मेरी समझ में ऐसा सिर्फ इसलिए कि उपभोक्ता मजबूर होकर भारत टैक्सी बुक कराए। उपभोक्ता को ट्रायल पीरियड में ही मजबूर करना कहीं से भी सही नहीं माना जा सकता। यह इसका एक पहलू है। दूसरा पहलू भी काबिलेगौर है। अभी हाल में ही एयरपोर्ट से गुरुग्राम के लिए उबर ऐप पर टैक्सी बुक करने के दौरान 650 रुपए किराया शो कर रहा था लेकिन भारत टैक्सी ने उसी डेस्टिनेशन का 900 रुपये चार्ज किया। खेल इसी बढ़े हुए किराए का है। मौज सहकारिता की और भरण उपभोक्ता-सारथी दोनों का। नई दिल्ली में लांचिंग के दौरान यह दावा किया गया कि सारथी से मालिक से कमीशन नहीं कटेगा लेकिन हकीकत यह नहीं है। एयरपोर्ट से होने वाली हर बुकिंग पर कैब मलिक को 10 प्रतिशत कमीशन काटकर ही भुगतान मिलना है और एयरपोर्ट का पार्किंग शुल्क उपभोक्ता की जेब से जाना है। यह बात भारत टैक्सी सर्विस देने वाले ड्राइवर ने हमसे खुद साझा की। एमसीडी का प्रवेश शुल्क भी सारथी के हिस्से। हमें गंतव्य तक ले जाने वाले ड्राइवर का यह दर्द सरकार को जरूर सुनना चाहिए। ड्राइवर के कथनानुसार, एयरपोर्ट पर टैक्सी बुकिंग राशि काउंटर पर कैश जमा कराई जाती है और कैब मालिक को 10-15 दिन बाद भुगतान की व्यवस्था। यह मेरी नहीं, कैब मलिक की ही आशंका है कि सहकारी संस्थाएं भुगतान में जानबूझकर विलंब कर रहीं होंगी ताकि इतने दिनों के ब्याज की रकम भी उनकी आय बने। इस आशंका को निर्मूल करना भी अच्छी सर्विस के लिए जरूरी है। इसके अलावा कैब ओनर के सामने अपने दिन-प्रतिदिन के खर्चे पूरे करने में दिक्कतें भी हैं। जबकि दावा यह है कि सहकारिता आधारित मोबिलिटी इकोसिस्टम में उत्कृष्ट में सारथी ही मालिक के मूल सिद्धांत को और अधिक मजबूती मिलेगी। कैब मालिक पहले ही घटती आय और बढ़ते खर्च को लेकर चिंतित हैं। उनकी इस चिंता पर भी गौर किया जाना चाहिए।

प्राइवेट सेक्टर को चुनौती देने उतरी भारत टैक्सी सर्विस का ऐप भी अभी पूरी तरह डेवलप नहीं है। गुरुग्राम से दिल्ली तक की राइड लेने के दौरान एक बात और सामने आई कि भारत टैक्सी की ऑनलाइन बुकिंग में एमसीडी का प्रवेश शुल्क जुड़ा नहीं होता। कैब मालिक ग्राहक से उसकी अलग से डिमांड करता है। यह स्थिति कैब ओनर और ग्राहक दोनों को असहज करती है। कोई भी ग्राहक यात्रा में असहज नहीं होना चाहता। हां, भारत टैक्सी के ऐप में ओला-उबर से एक अलग फीचर है। वह है, ग्राहक को स्टॉप की सुविधा- जो गुरुग्राम में तो है पर दिल्ली के लिए नहीं। इसका विस्तार ग्राहकों को आकर्षित करेगा। जबकि निजी कंपनियां अपने ऐप में यह सुविधा नहीं दे रहीं।

जरूरी है कि भारत टैक्सी एप भी समय-समय पर अपडेट कर ट्रैवलर फ्रेंडली बनाया जाए। आज जब ऐसे भी ऐप हैं जो राइड सर्विस के प्राइस कंपेयर करके तुरंत उपभोक्ता को सजग कर देते हैं। ऐसे में भारत टैक्सी सर्विस को सफल बनाने के लिए बैसाखी के बजाय ग्राहक की उम्मीद के अनुरूप तैयार किया जाए। अगर सरकारी क्षेत्र की शीर्ष संस्थाएं ऐसा कर पाईं तो भारत टैक्सी का भविष्य वास्तव में उज्ज्वल होगा। नहीं तो दूसरी अन्य सेवाओं और उत्पादों की तरह सरकार के सहारे पर निर्भर रहकर बस नाम की रह जाएगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# पाक सैन्य अधिकारी बोला, हिन्दुस्तान खत्म तो दुनिया से हिन्दू समाप्त



अजय कुमार

पाकिस्तानी सेना का वह जहरीला बयान फिर सामने आया है, जहां उनका एक बड़ा अधिकारी परमाणु शक्ति का राग अलापते हुए भारत को मिटाने की धमकी दे रहा है। यह वही पुरानी सोच है, जो हिंदुओं को दुनिया से उखाड़ फेंकने का खुला इरादा जाहिर करती है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसकी पोल खोलें और पाकिस्तान की इस कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दें।

पाकिस्तानी अधिकारी की जुबान से निकला वह जहर भरा बयान सुनकर खून खौल उठता है। वह चिल्ला रहा है कि हमारे पास परमाणु ताकत है, हम भारत को नेस्तनाबूद कर देंगे। जब संवाददाता ने सवाल किया कि इससे तो पाकिस्तान खुद भी मिट जाएगा, तो उसका जवाब और भी खतरनाक था। बोला, पाकिस्तान मिट जाए तो क्या, 56 इस्लामी देश तो बचेंगे, जो इस्लाम को हमेशा जिंदा रखेंगे। लेकिन अगर भारत गया, तो दुनिया से हिंदू भी खत्म हो जाएंगे, क्योंकि हिंदुओं का तो बस यही एक देश है। यह बयान कोई नया नहीं, बल्कि पाकिस्तानी फौज की जन्मजात दुश्मनी का नंगा रूप है। 2020 में भी उनके एक ब्रिगेडियर ने यही बात कही थी कि मुसलमानों के 50 से ज्यादा देश हैं, हिंदुओं का तो सिर्फ भारत। परमाणु जंग में हिंदू सफाए हो जाएंगे, लेकिन इस्लाम बचेगा। यह सोच भारत को हिंदू राष्ट्र मानकर उसे निशाना बनाने की साजिश है।

इस बयान का मतलब साफ है, पाकिस्तान की फौज हिंदू-विरोधी जिहाद की भाषा बोल रही है। वे जानते हैं कि भारत दुनिया का एकमात्र हिंदू बहुल देश है, जहां करोड़ों हिंदू अपनी संस्कृति, मंदिरों

**पाकिस्तान की सोच नई नहीं, बल्कि उनकी पूरी इतिहास पुरानी दुश्मनी की गवाही देती है। 1971 की जंग में हमने उन्हें दो टुकड़ों में बांट दिया, बांग्लादेश बन गया। तब भी वे परमाणु का ढोंग करते रहे। अब 2025 में सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिका की जमीन से चिल्ला रहे हैं कि अगर पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को ले डूबेंगे। भारत के पूर्व अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों ने साफ कहा, पाकिस्तान परमाणु इस्तेमाल करेगा तो खुद मिट जाएगा, भारत इतना बड़ा है कि झेल लेगा और जवाब में उसे नेस्तनाबूद कर देगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी परमाणु जंग की धमकी देते हैं, लेकिन यह सब गीदड़ भभकी है। उनकी अर्थव्यवस्था डूब चुकी, आंतरिक विद्रोह बलूचिस्तान में फैला हुआ, और फौज सिर्फ आतंकवाद पर टिकी है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर जैसे हमलों से साबित कर दिया कि हमारी ताकत अटल है। इस बयान से पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। वे 56 इस्लामी देशों का सहारा लेते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि उनमें से ज्यादातर अपनी मुश्किलों में डूबे हैं। सऊदी, ईरान आपस में लड़ रहे, तुर्की सपनों में जी रहा। ओआईसी नाम का संगठन भारत विरोधी प्रस्ताव लाता है, लेकिन व्यावहारिक मदद कभी नहीं करता। पाकिस्तान अकेला है, सिर्फ परमाणु का भूत दिखाकर दुनिया को डराता है। लेकिन भारत ने विदेश मंत्रालय के जरिए कड़ा जवाब दिया कि हम ब्लैकमेल नहीं झुकेंगे। हमारी परमाणु नीति साफ है पहले इस्तेमाल नहीं करेंगे, लेकिन जवाब में अस्वीकार्य क्षति देंगे। पाकिस्तानी फौज की कमान कट्टरपंथियों के हाथ में है, जो परमाणु को इस्लामी बम मानते हैं। पूर्व सीआईए अधिकारी ने खुलासा किया कि पाकिस्तान ने परमाणु भारत विरोध के लिए बनाया, लेकिन उसे मुस्लिम बम बनाकर दूसरे देशों को बेचने की साजिश रची।**

और परंपराओं के साथ जी रहे हैं। अगर भारत को मिटा दिया गया, तो वैश्विक हिंदू समाज का केंद्र खत्म हो जाएगा। लेकिन ये भूल जाते हैं कि हिंदू सिर्फ जमीन पर नहीं, बल्कि दिलों में बसते हैं। नेपाल, बाली, मॉरीशस जैसे देशों में भी हिंदू मजबूत हैं, और दुनिया भर में करोड़ों हिंदू फैले हुए हैं। फिर भी पाकिस्तानी फौज का लक्ष्य साफ है भारत को हिंदुओं का किला मानकर उसे तोड़ना। यह वही मानसिकता है, जो 1947 के बंटवारे के समय जिन्ना ने बोई थी, दो राष्ट्र सिद्धांत के नाम पर हिंदुओं को कमजोर करने की। आज भी वही जहर फैला रहे हैं।

पाकिस्तान की यह सोच नई नहीं, बल्कि उनकी पूरी इतिहास पुरानी दुश्मनी की गवाही देती है। 1971 की जंग में हमने उन्हें दो टुकड़ों में बांट दिया, बांग्लादेश बन गया। तब भी वे परमाणु का ढोंग करते रहे। अब 2025 में सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिका की जमीन से चिल्ला रहे हैं कि अगर पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को ले डूबेंगे। भारत के पूर्व अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों ने साफ कहा, पाकिस्तान परमाणु इस्तेमाल करेगा तो खुद मिट जाएगा, भारत इतना बड़ा है कि झेल लेगा और जवाब में उसे नेस्तनाबूद कर देगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी परमाणु जंग की धमकी देते हैं, लेकिन यह सब गीदड़ भभकी है। उनकी अर्थव्यवस्था डूब चुकी, आंतरिक विद्रोह बलूचिस्तान में फैला हुआ, और फौज सिर्फ आतंकवाद पर टिकी है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर जैसे हमलों से साबित कर दिया कि हमारी ताकत अटल है।

इस बयान से पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। वे 56 इस्लामी देशों का सहारा लेते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि उनमें से ज्यादातर अपनी मुश्किलों में डूबे हैं। सऊदी, ईरान आपस में लड़ रहे, तुर्की सपनों में जी रहा। ओआईसी नाम का संगठन भारत विरोधी प्रस्ताव लाता है, लेकिन व्यावहारिक मदद कभी नहीं करता। पाकिस्तान अकेला है, सिर्फ परमाणु का भूत दिखाकर दुनिया को डराता है। लेकिन भारत ने विदेश मंत्रालय के जरिए कड़ा जवाब दिया कि हम ब्लैकमेल नहीं झुकेंगे। हमारी परमाणु नीति साफ है पहले इस्तेमाल नहीं करेंगे, लेकिन जवाब में अस्वीकार्य क्षति देंगे। पाकिस्तानी फौज की कमान कट्टरपंथियों के हाथ में है, जो परमाणु को इस्लामी बम मानते हैं। पूर्व सीआईए अधिकारी ने खुलासा किया कि पाकिस्तान ने परमाणु भारत विरोध के लिए बनाया, लेकिन उसे मुस्लिम बम बनाकर दूसरे देशों को बेचने की साजिश रची।

अब भारत को जागना होगा। यह बयान सिर्फ शब्द नहीं, युद्ध की घोषणा है। हमारी फौज दुनिया की सबसे मजबूत है, मिसाइलें, विमान, पनडुब्बियां सब तैयार। लाखों जवान हिंदुस्तान की रक्षा को तत्पर। सरकार को चाहिए कि ऐसे बयानों पर कूटनीतिक, सैन्य और आर्थिक जवाब दे। पाकिस्तान को अलग-थलग करो, आतंकवाद के अड्डों पर लगातार प्रहार करो। हिंदू समाज एकजुट हो, दुनिया को बताओ कि भारत हिंदुओं का किला है, इसे कोई नहीं हिला सकता। पाकिस्तानी फौज की यह जहर उगलने वाली सोच उन्हें ही निगल जाएगी। हम 140 करोड़ हिंदुओं की ताकत से खड़े हैं, जो कभी नहीं झुकेंगे। यह समय है बदले का, जहां पाकिस्तान अपनी हरकतों का खामियाजा भुगते। भारत जिंदा रहेगा, हिंदू धर्म अमर रहेगा, और पाकिस्तान की साजिशें धूल चाटेंगी।

**लेखकर वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

साहित्य

## मैं बेचारा तन्हा अकेला



**बाल कृष्ण मिश्रा**

मैं बेचारा तन्हा अकेला
भीगी राहों पर
ढूँढ रहा, खुद को, कहीं।


सड़कें भीगीं, शहर धुंधला,
आसमान में घना कोहरा।

भीगे आँखों से छलके
यादों की धार,
हर बूँद में गूँजे तेरा प्यार।

शहर की भीड़ में, मैं खुद से पूछता,
अपनी परछाई से ही अब मैं रूठता।

पत्थरों में चमक, पर दिल में अँधेरा,
टूटे सपनों सा लगता जीवन।
खोया है कुछ, या पाया सवेरा?

मैं मुस्कुराता नहीं मगर,
हार भी मानता नहीं।
सपनों की राख से,
गढ़ता कोई सितारा।



## राशिफल

**मेषः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**वृषभः-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। तामसी व गैर कार्य पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा।


**धनुः-** सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# लखनऊ में मौत का तांडव और हत्यारे पतंगबाज



संजय सक्सेना

लखनऊ के सर्द मौसम में सूर्योदय के साथ ही आसमान में पतंगों की सरसराहट और घरों की छतों व मैदानों में पतंगबाज़ों की चिल्ल-पों की आवाज़ आम बात है। आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से पट जाता है। लेकिन इस उत्साह के बीच खतरा भी छिपा था। बरेली से लेकर लखनऊ तक चीनी मांझे और लोहे के कटीले तारों से पतंग उड़ाने वाले कब किसी राहगीर या फिर घर के आंगन में बैठे व्यक्ति के लिए जानलेवा साबित हो जाएं, कोई नहीं जानता।जब पतंग कटती है तो यह मांझा सड़क या पुल से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालक के गले में आकर इस तरह फंस जाता है कि उसे अपनी जान तक गंवानी पड़ जाती है। दरअसल, यह चीनी मांझा बाहर से चमकदार लगता है, लेकिन इसकी धार जानलेवा होती है।योगी सरकार अब इस चीनी मांझे के गले में फंसकर वाहन चालक की मौत को हत्या की श्रेणी में शामिल करने जा रही है, मगर सवाल वही है इन्हें रोका कैसे जाए?

शहर के एक कोने में रहने वाले युवक शोएब (28) की मौत इसी खतरे की गवाह बनी। लखनऊ के हैदरगंज इलाके में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव शोएब की चाइनीज मांझे से गला कटने से मौत हो गई। बीती 11 जनवरी को शाहजहांपुर में सिपाही शाहरुख की भी इसी तरह चाइनीज मांझे से घायल होने के बाद मौत किसी से छिपी नहीं है।शोएब अपने दोपहिया वाहन से पुल से गुजर रहा था, तभी चीनी मांझा उसकी गर्दन में आकर फंस गया। कुछ ही देर में गर्दन कटने से शोएब की मौत हो गई। यह पहली बार नहीं हुआ। लखनऊ में चीनी मांझा अक्सर किसी की मौत का तो किसी को घायल करने की वजह बनता रहा है।सबसे दुखद यह है कि यह पतंगबाज़ कोई छोटे बच्चे नहीं होते।

अक्सर युवा और 40-45 साल के लोग भी चीनी मांझे से पतंगबाजी करते हैं, यह जानते हुए भी कि यह किसी के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए ऐसे पतंगबाज़ों को हत्यारा कहना गलत नहीं होगा। युवा शोएब की मौत पर डॉक्टरों ने बताया कि मांझा ग्लास के टुकड़ों से बना था, जो धमनियों को काट देता है और यही मौत का कारण बनता है। ऐसी घटनाएं यूपी के कई जिलों में हो रही हैं। बरेली के कारखानों में बड़े पैमाने पर यह मांझा बनता है। कच्चे माल में चीनी पाउडर और कांच मिलाया जाता है। लखनऊ के बाजारों में यह सस्ते दाम पर बिकता है। पतंगबाज़ शर्तों के चक्कर में इसे चुनते हैं। ऊंची छतों या खुले मैदानों से उड़ाते हैं।पुलिस को मुखबिरों की जरूरत है। वे बताएं कि कौन सा इलाका खतरे में है। पतंग उड़ते ही छापा मारें और मांझा जब्त करें। योगी सरकार की सख्ती से कई दुकानें बंद हुईं, लेकिन कारखाने अभी भी चल रहे हैं। सरकार को नियम बनाना चाहिए कि मांझे की चरखी पर मांझा बनाने वाली कंपनी का नाम और पता जरूर छपा हो।चूंकि 12 जुलाई 2017 को ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया था। एनजीटी के जस्टिस स्वतंत्र कुमार की बेंच ने पूरे देश में सभी तरह के सिंथेटिक और नायलॉन से बने मांझे पर पूरी तरह बैन लगाने का आदेश दिया था। यह आदेश अगस्त 2016 में पेटा द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के बाद आया था। आदेश के पालन की जिम्मेदारी राज्य सरकार की थी, लेकिन जिस तरह यह मांझा आज भी आसानी से उपलब्ध है, उससे स्पष्ट है कि आदेश का पालन कराने के लिए कोई निगरानी तंत्र विकसित नहीं किया गया। यहां यह बताना जरूरी है कि एनजीटी के आदेश अदालत के आदेश की तरह होते हैं, जो कानूनन बाध्यकारी हैं।

आदेशों का पालन नहीं करने पर तीन वर्ष तक की कैद या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।सवाल यह है कि चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? इस पर जिला प्रशासन का कहना है कि इसके लिए ट्रेड टैक्स विभाग जिम्मेदार है, जो प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री और उपयोग की निगरानी करता है। ट्रेड टैक्स विभाग को इस बारे में निर्देश हैं। पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है।चूंकि कई अवसरों पर लखनऊ में पतंगबाज़ी की परंपरा है, इसलिए लोगों से अपील भी की जाती है कि वे पूरे उत्साह से पर्व मनाएं, लेकिन चाइनीज मांझे का प्रयोग न करें।

लखनऊ के पुराने इलाकों में क्रिकेट मैच पर सट्टेबाजी की तरह ही पतंगबाजी में भी सट्टा लगाया जाता है। चौक, बाजार वाला, सहादतगंज, ठाकुरगंज और फैजुल्लागंज के आसपास खुले मैदानों और छतों पर टीम बनाकर पतंगबाजी होती है और पांच से 25 हजार रुपये तक की बोली लगती है। पतंगबाज़ी खत्म होने के बाद हार-जीत के अनुसार रकम का बंटवारा किया जाता है। पतंगबाज़ी की आड़ में लाखों रुपये का खेल चल रहा है, जो बेगुनाहों की मौत की वजह भी बन रहा है।मांझा इतना तेज होता है कि कई बार पतंगबाज़ों की उंगलियां भी कट जाती हैं। लखनऊ के कुण्डरी रकाबगंज क्षेत्र में रहने वाले पतंगबाज़ संदीप कश्यप का कहना है कि पतंगबाज़ों द्वारा मानवर, लच्छेदार, तौकिया, दो पन्नी चरखानिया, आड़ी, मझोली, सवातीन, पौना व गेंददार जैसी सदियों पुरानी पतंगों को चाइनीज मांझे से उड़ाकर परंपरा को बदनाम किया जा रहा है। पहले ऐसी घटनाएं नहीं होती थीं, लेकिन अब आए दिन हादसे हो रहे हैं।

चीनी मांझा ही नहीं, लखनऊ में लोहे के पतले तार से बंधी पतंगें भी कम खतरनाक नहीं हैं। ये तार बिजली के तारों से टकराते हैं तो करंट उतर आता है। एक बार नवाबगंज में ऐसा ही हुआ। युवक की पतंग तार में फंसी और करंट ने उसे झुलसा दिया। अस्पताल पहुंचने पर उसकी जान मुश्किल से बची। ये तार बाजारों में आसानी से मिल जाते हैं। पतंगबाज़ इन्हें मजबूत मानते हैं, लेकिन ये भी मौत बांटते हैं।सरकार को अब इच्छाशक्ति दिखानी होगी। पतंग उत्सव के दिनों में ड्रोन से निगरानी करनी होगी। मुखबिरों का जाल बिछाना होगा। स्कूलों में बच्चों को सुरक्षित मांझे के इस्तेमाल के बारे में बताना होगा और बाजारों पर सख्त नजर रखनी होगी।

**लेखकर वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पतंग डोरी एवं चाईनीज मांझे पर रोक के लिए एसपी ने चलाया चेकिंग अभियान

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान पतंग डोरी एंव चाइनीज मांझे के निर्माण, भण्डारण, उपयोग एंव बिक्री पर रोक लगाये जाने के अनुपालन मे दौराने चेकिंग कस्बा मौदहा मे 1. रुकमद्दीन पुत्र छिद्दू निवासी उपरौस कस्बा मौदहा हमीरपुर 2. अमित कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी मुहल्ला कजियाना कस्बा व थाना मौदहा हमीरपुर की दुकान से प्रतिबन्धित मांझा मिलने पर आरोपीगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर चालान अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे न्यायालय किया गया गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता 1. रुकमद्दीन पुत्र छिद्दू निवासी उपरौस कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर 2. अमित कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी मुहल्ला कजियाना कस्बा व थाना मौदहा हमीरपुर। बरामद मांझे की मात्रा 18 बण्डल (वजन लगभग 3 किलोग्राम) गिरफ्तारी टीम उ.नि. अभिषेक त्रिवेदी, उ.नि. विनेश गौतम मु.आ. सूर्यप्रताप सिंह, कां. धर्मेन्द्र कुमार कां. संदीप कुमार शामिल रहे।

### कृषि विज्ञान केंद्र में डॉ. सालिनी ने किसानों को जायद की फसल करने की सलाह दी



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के भौली रोड स्थित राजकीय कृषि विज्ञान केंद्र को कृषि वैज्ञानिक डॉ शालिनी ने किसानो को जायद की फसल का उत्पादन करने के लिए सलाह दी है। कृषि विज्ञान केंद्र की विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि वैज्ञानिक डॉ शालिनी ने किसानो सलाह देते हुए बताया कि फरवरी माह में जायद की फसल का सीजन शुरू हो जाता है। इसमें किसान मक्का की फसल, उन्नत मूंग की फसल, उड़द की फसल, तथा तिल की फसल की खेती करके आमदनी कर सकते है। उन्होंने बताया कि किसान की रबी फसलों की नुकसान की भरपाई जायद की फसल का उत्पादन कर पूरा कर सकते है।

### एसडीएम सदर की न्यायालय में बंधी में काबिज लोगों ने दाखिल किए अभिलेख

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** सदर एसडीएम की अदालत से सिंचाई विभाग महोबा की बंधी में कब्जा जमाने वालों को दी गई नोटिस की सुनवाई शुक्रवार को पूर्ण हो गई। सदर एसडीएम के न्यायालय से बंधी में मकान बनाने वाले 75 लोगों को नोटिस देकर सभी पक्षों के साथ जवाब मांगा था। इन लोगों को नोटिस का जवाब 5 और 6 फरवरी को देना था। लोगों ने पहुंचकर अभिलेखों के साथ जरिया वकील जवाब दाखिल किए हैं। अब इन जवाबों का परीक्षण करके आगे की कार्यवाही तय की जाएगी। प्रशासन क्या कार्यवाही करेगी फिलहाल यह पता नहीं है। लेकिन नोटिस मिलने के बाद बंधी को ध्वस्त करके मकान बनाने वालों की धड़कन तेज हो गई है। सभी की निगाहें प्रशासन की कार्यवाही की वह टिकी हुई है बता दे कि कस्बे में गत माह हुए लव जिहाद,दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दवाब के मुख्य आरोपी के परिजनों का इंडियन लाज सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके बनाया गया है। इस घटना के बाद हिंदूवादी संगठन इस लाज को ढहाने की मांग लगातार कर रहे हैं। क्योंकि घटना को अंजाम इसी लॉज में दिया गया है। पुलिस जांच में इसको घटनास्थल के रूप में शामिल करके इसे खाली कराकर ताला बंद कर दिया है और यहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर कब्जे में ले ली है। बता दे कि सिंचाई विभाग की इस बंधी पर बने मकानों को ढहाने का एक आदेश हाईकोर्ट ने 2021 में किया था। इस आदेश पर जिलाधिकारी ने हलफनामा दाखिल करके 6 माह का समय मांग लिया था। इसके बाद इस आदेश पर आज तक अमल नहीं किया गया है। सूत्र बताते हैं कि इसी आदेश का अमल करने की प्रशासन में प्रक्रिया शुरू किया है। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ध्वस्तीकरण के कार्यवाही को अमल में लाया जा सकता है। प्रशासन के इस कदम से बंधी की जमीन में आलीशान मकान दुकान बनाने वाले की रातों की नींद गायब हो गई है। लोग प्रशासन के अगले कदम की ओर नजरें लगाएं हुए है।

### आगामी 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अर्जी लेकर खाटूश्याम के लिए पैदल यात्रा पर निकला युवक



**महोबा।** आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर महोबा का एक युवक अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनने की अर्जी लेकर पैदल खाटूश्याम के लिए जा रहा है। बता दें की महोबा जनपद के पहरा गांव के रहने वाले समाजवादी पार्टी के नगर सचिव अभिषेक शिवहरे बाबा खाटूश्याम की पैदल यात्रा पर अकेले जा रहे है महोबा के चंद्रा विला से शुरू हुई खाटूश्याम की यह यात्रा कुलपहाड़, बेलाताल, नौगांव, झांसी होते हुए आगरा खाटूश्याम पहुंचेगी। यह यात्रा करीब 700 किलोमीटर की होने वाली है अभिषेक शिवहरे का कहना है कि बाबा श्याम के दर से कोई खाली हाथ नहीं आता और उनका विश्वास है की आगामी 2027 में सपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी और एक बार फिर से यूपी की कमान अखिलेश यादव के हाथ में होगी। यही अर्जी लेकर वह पैदल खाटूश्याम जा रहे है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अंशु रमेश चंद्रा शिवहरे, पूर्व जिलाध्यक्ष कुंभकरण यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्राण सिंह यादव, कैलाश कुशवाहा, मनोज श्रीवास, लोकेश राजपूत, राजा सिंह राजपूत, भानू बर्मा, डॉक्टर दिलीप सिंह, रंगीला शिवहरे, कादरी अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### लेनदेन के विवाद में पत्रकार पर प्राण घातक हमला, बाल-बाल बचा



**पनवाड़ी/महोबा।** थाना क्षेत्र के अलीपुर मे स्थित दुकान पर पत्रकार बैठा था उसी समय पिता-पुत्र लेनदेन का हिसाब करने आये। किसी बात को लेकर कहासुनी होकर गाली-गलौज तक होने लगी दोनों ने पत्रकार के ऊपर धारदार हथियार से प्राण घातक हमला किया। पास में खड़े व्यक्ति के साथ भी मारपीट कर की। दोनों ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी दी। भीड़ एकत्रित देख भाग निकले। कानपुर से प्रकाशित एक समाचार पत्र का पत्रकार रामजी अग्रवाल उर्फ मोनू अग्रवाल ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाते कहा कि दोपहर मैं अपनी मारवल की दुकान पर बैठा था उसी समय पिता पुत्र जिसका उल्लेख तहरीर मे नामजद किया है पैसे के लेनदेन में वाद विवाद करने लगे साथ ही गली गलोज करने मना करने पर नहीं माने, आरोप है कि दोनों ने धारदार हथियार से मेरे ऊपर हमलावर होते हुए पास में खड़े मेरे परचित ने उपरोक्तो को पकड़ लिया जिससे मैं बाल-बाल बच गया। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना स्थल पर पहुँच मामले की तहकीकात कर पुलिस ने अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की।

### अपर आयुक्त चित्रकूट धाम ने तहसील व नगर पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण

**कुलपहाड़/महोबा।** अपर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा भगवान शरण द्वारा तहसील कुलपहाड़ का निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने एस आई आर सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं इस दौरान कुलपहाड़ मौजे की कंप्यूटरीकृत खतौनी दिलाने हेतु अधिवक्ताओं द्वारा आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद लखनऊ को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। अपर आयुक्त चित्रकूट मंडल बांदा ने कुलपहाड़ नगर का दौरा किया। सर्वप्रथम उन्होंने नगर पंचायत में जाकर वहां हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की एवं अन्य कार्य योजनाओं की जानकारी ली। जन्म, मृत्यु, भवन दर्ज आदि के बारे में अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार से पूछताछ की। जिसपर उन्होंने क्रमबद्ध तरीके से पूरी जानकारी दी।

# कलेक्ट्रेट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक आयोजित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी हमीरपुर घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में आगामी 22 फरवरी 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आयोजित किये जाने वाले मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ शासन द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को चिन्हित किये जाने तथा कैम्प मे स्टाल लगाकर वितरित किये जाने के बिन्दु पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को अधिक से अधिक लाभार्थीगण को चिन्हित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में महेन्द्र कुमार पाण्डेय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा व महत्व के बारे में बताया गया तथा सभी अधिकारियों से कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक सहयोग किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनजीटी ने मांगी गायत्री गंगा के पानी की रिपोर्ट

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** एनजीटी ने कस्बे में बहने वाली गायत्री गंगा के जल की रिपोर्ट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से तलब की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गायत्री गंगा के पानी के नमूने लेकर रिपोर्ट भेजने की कार्यवाही की है कस्बे के समाजसेवी राजेश शिवहरे ने कस्बे से गुजरने वाली गायत्री गंगा के अतिक्रमण एवं प्रदूषण की मांग करके याचिका एनजीटी के समक्ष दाखिल की थी। एनजीटी ने मामले की सुनवाई करते हुए दो सदस्यीय टीम को मौके पर भेजकर रिपोर्ट तलब की थी। गत 4 फरवरी को एनजीटी के सदस्य हरीश कुमार महावर एवं डॉ कीर्ति वर्मा ने गायत्री गंगा का मौके पर निरीक्षण किया था। टीम ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बांदा से गायत्री गंगा के पानी के प्रदूषण की रिपोर्ट मांगी है। गुरुवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक वैज्ञानिक रामनरेश ने गायत्री गंगा के पानी के नमूने लिए है।

# पंचायत भवन में जन चौपाल का किया गया आयोजन



**खढेही लोधन मुस्करा (हमीरपुर)।** जनचौपाल का हुआ आयोजन अधिकारी रहे नदारद कस्बा के पंचायत भवन में जनचौपाल लगाकर कस्बा वासियों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय अधिकारियों को सूचित किया गया। कस्बा प्रधान महेंद्र प्रताप अहिरवार ने बताया कि शासनादेश अनुसार जनचौपाल का आयोजन करके फैमिली आईडी, जाब कार्ड केवाईसी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन योजना सहित प्रधान मंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सचिव सुनील कुमार ने बताया कि परिवार रजिस्टर और फैमिली आईडी से जुड़ी पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया है। वहीं कस्बा निवासी राजेंद्र कुमार व्यास ने बताया कि पेयजल संबंधित उनकी शिकायत सुनने को चौपाल में कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। और आज की चौपाल समाप्त होने तक प्रधान और सचिव के सिवाय जनचौपाल में अधिकारी नदारद रहे।

### विराट हिन्दू सम्मेलन का किया गया आयोजन

**मौदहा, हमीरपुर।** हिन्दु जगेगा, देश जगेगा को लेकर संघ की शताब्दी वर्ष के अवसर पर समस्त देश विराट हिन्दू सम्मेलन के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी उपलक्ष्य पर मौदहा खण्ड के ग्राम छिरका में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रामलीला मैदान में हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष कबीरी आश्रम छिरका के महन्त सेवादास एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक धनंजय रहे। कार्यक्रम में ग्राम छिरका की भजन मण्डली द्वारा आकर्षक भजन प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक धनंजय ने कहा कि आज की स्थिति को देखते हुए हिन्दू समाज को जागृत होने की विशेष आवश्यकता है, हम देख रहे हैं कि समाज में मतांतरण, धर्मांतरण जैसी अनेक घटनाएं घटित हो रही हैं, इन घटनाओं को रोकने के लिए जाति के विघटन को छोड़कर हिन्दू समाज को एक होना पड़ेगा तभी हिन्दू समाज को बचाया जा सकता है। हिन्दू समाज को एकजुट होकर सनातन संस्कृति को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ही हमारे देश की मूल संस्कृति है, सभी हिन्दुओं को धर्म जाति के भाव को भूलकर हम सब हिन्दू भाई भाई हैं, जब ऐसा मानकर चलेंगे तभी सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन के कार्य पूरे होंगे। कार्यक्रम का संचालन सुनील त्रिपाठी डण्डा गुरु ने किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। इस मौके पर देवी मंदिर भवानी के महन्त रामबालक बाबा, मुन्नीलाल निषाद, राजाराम कुशवाहा, ग्राम प्रधान मुकेश प्रजापति, भुवनेश शुक्ला, मातृशक्ति ज्ञानदेवी वर्मा, बलराम सिंह, मुकेश सिंह सहित हजारों की संख्या में हिन्दू समाज एकत्र हुआ।

# विकसित भारत 2047 की गूंज, विजन वर्कशॉप में ग्राम प्रधानों ने लिया विकास का संकल्प

**खढेही लोधन मुस्कुरा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के सपने को धरातल पर उतारने के लिए मुस्कुरा ब्लॉक मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। Transforming Rural India (TRI) और NRLM के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम प्रधानों हेतु एक दिवसीय विजन वर्कशॉप का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मुस्कुरा ब्लॉक को दीर्घकालिक रूप से समावेशी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार करना रहा कार्यशाला में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य करण सिंह दद्दू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रधानों को प्रेरित करते हुए कहा ग्राम पंचायतें केवल प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की धुरी हैं। यदि प्रधान तकनीकी नवाचार और सामुदायिक भागीदारी को अपना लें, तो मुस्कुरा ब्लॉक पूरे जिले के लिए एक मॉडल बन सकता है कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा ग्राम पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए निम्नलिखित 5 स्तंभों पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया पंचायतों के विकास कार्यों को केवल अनुमान पर नहीं, बल्कि सटीक आंकड़ों और परिणामों के आधार पर तय करना NRLM के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करना और आजीविका के नए अवसर पैदा करना ग्राम पंचायतों द्वारा स्वयं की आय के स्रोत बढ़ाने की संभावनाओं पर मंथन पंचायतों को डिजिटल गवर्नेंस से जोड़कर पारदर्शी और त्वरित सेवा केंद्र के रूप में विकसित करना देश की बेहतरीन पंचायतों की सफलता की कहानियों को साझा कर स्थानीय स्तर पर लागू करना कार्यशाला का सबसे भावनात्मक और निर्णायक क्षण वह रहा, जब मुस्कुरा ब्लॉक के सभी ग्राम प्रधानों ने एक संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए। प्रधानों ने प्रतिबद्धता जताई कि आगामी दो वर्षों के भीतर वे अपनी पंचायतों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्वरोजगार के मानकों पर जिले में शीर्ष स्थान पर लाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे इस विजन वर्कशॉप के परिणामों को आगामी GPDP (ग्राम पंचायत विकास योजना) और VPRP से जोड़ा जाएगा, ताकि ब्लॉक का विकास केवल कागजों तक सीमित न रहकर एक जन-आंदोलन बन सके।

### दलित वृद्ध के साथ डायल 112 के कर्मियों ने की मारपीट

**भरुआ सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के भौनिया गांव के एक दलित वृद्ध ने शिकायत की जांच को पहुंचे डायल 112 के सिपाही और दरोगा ने मारपीट करके चालान कराने का आरोप लगाकर शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। भौनिया निवासी दलित हरिकिशन ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि भौनिया निवासी रामदास कुशवाहा उसकी पक्की दीवार ढहा रहा था। इसकी शिकायत उसने 2 फरवरी को डायल 112 से की थी। सूचना पाकर पहुंची डायल 112 की टीम ने विपक्षी से मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट करके थाने ले आए और शांति भंग में चालान कर दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# लव जिहाद के मुख्य आरोपी के बंद घर से लाइसेंसी बंदूक, नकदी व जेवर चोरी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- पुलिस को नहीं दी गई चोरी की तहरीर



कस्बे में हुए लवजिहाद, गैंगरेप, धर्मांतरण के दबाव के आरोपी के बंद रिहायशी घर से अज्ञात चोर लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक, नगदी, सोने के जेवरात, कपड़े आदि चोरी करके फरार हो गये। बंद मकान की लाइट जलता देखकर लोगों ने आरोपी की बहन को सूचना दी। सूचना पाकर बहन अन्य रिश्तेदारों के साथ शुक्रवार को कस्बे में आई और चोरी होने की सूचना मीडिया को दी। शाम तक चोरी की तहरीर पुलिस को नहीं दी गई थी कस्बे में गत 15 जनवरी को लवजिहाद, गैंगरेप, धर्मांतरण की घटना के बाद मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफान खान और उसके पिता मौलाना खान की गिरफ्तार होते ही पूरा परिवार मकान में ताला बंद करके भूमिगत हो गया था। घटना के बाद इस मकान में हिंदूवादी संगठनों ने तोड़फोड़ भी की थी। इसी बंद मकान से अज्ञात चोर लाइसेंसी दोनाली बंदूक, सोने की जेवरात के साथ नगदी एवं कपड़े ले गए हैं। गुरुवार को बंद मकान की लाइट जलती देखकर पड़ोसियों ने मौलाना खान की बहन शबनम को सूचना दी। सूचना पाकर शबनम अन्य रिश्तेदारों के साथ शुक्रवार को कस्बे में आई और मीडिया को बुलाकर मकान का नजारा दिखाया। शबनम ने बताया कि चोर उसके पिता की लाइसेंसी बंदूक के साथ सोने के जेवरात नगदी और कपड़े आदि ले गए हैं थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है क्योंकि चोरी की जानकारी होने के 24 घंटे बाद तहरीर नहीं दी है। लाइसेंसी बंदूक चोरी होने की बात समझ में नहीं आ रही है अगर तहरीर मिलेगी तो जांच करके विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### एसपी ने निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए मनोज कुमार तिवारी को प्रतीक चिन्ह लगाकर दी शुभकामनाएं



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद पुलिस कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय समारोह के दौरान उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए मनोज कुमार तिवारी के कंधों पर प्रतीक चिन्ह/स्टार लगाकर उन्हें विधिवत पदोन्नति प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा मनोज कुमार तिवारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं, ऐसे में कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाना अपेक्षित है। उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग को और अधिक सशक्त बनाने, आमजन से मधुर एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पदोन्नत अधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### हिन्दू सम्मेलन में दिया एकजुट रहने का संदेश

**अजनर ,महोबा।** अजनर कस्बे के पैलेस में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में टिहरका धाम के महंत सत्यनाथ महाराज ने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि समाज के सभी उलझे और सुलझे प्रश्नों का एकमात्र उत्तर एकता में ही निहित है। उन्होंने कहा कि जब हिंदू समाज संगठित होगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। कार्यक्रम में जिला प्रचारक सौरभ ने भारत माता की जय के जयकारों के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की और उपस्थित जनसमूह को हिंदुत्व का पाठ पढ़ाते हुए राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। वहीं टिकरिया धाम के संत रामपाल महाराज ने भी अपने वक्तव्य में धर्म,




संस्कृति और सामाजिक समरसता पर विचार रखे। इस अवसर पर सह जिला कार्यवाहक बृजेंद्र सिंह, जिला बौद्धिक प्रमुख प्रदीप, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जैतपुर बृजेंद्र द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन राजपूत, महामंत्री लालचंद्र सागर, अंकित दुबे, प्रवेश राजपूत, सहकारी समिति अजनर के अध्यक्ष राकेश दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान जयकारों और नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति और धार्मिक उत्साह से ओतप्रोत हो गया।

# एसपी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली

- पुलिस अधीक्षक ने परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता पर दिया विशेष बल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई। परेड का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त अधि0/कर्मचारियों की ड्रिल का गहन निरीक्षण किया गया। परेड में कदमताल, ड्रिल मूवमेंट, टर्नआउट एवं एकरूपता की बारीकी से समीक्षा करते हुए महोदय द्वारा आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस परेड में जनपद महोबा के विभिन्न थानों एवं समस्त शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मी के साथ-साथ आर टी सी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षी भी सम्मिलित हुए, जिन्होंने अनुशासन एवं समर्पण के साथ परेड में सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान ड्यूटी व्यवस्था, गार्द डिटेल एवं अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को ड्यूटी में सतर्कता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नियमित परेड से पुलिस बल में अनुशासन, एकजुटता, शारीरिक फिटनेस एवं कार्यकुशलता का विकास होता है, जो कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं जनता को बेहतर एवं प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### एसआईआर व जनजीवन मिशन कार्य में लापरवाही पर ग्राम पंचायत अधिकारी निलम्बित



**महोबा।** एसआईआर एवं जल जीवन मिशन कार्य में लापरवाही करना ग्राम पंचायत अधिकारी को उस समय महंगा पड़ गया जब लापरवाही के आरोप में जिला पंचायत अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित कर दिया। एस आई आर व जल जीवन मिशन के कार्यो में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरु हो गई है। कार्यो में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित किया गया है। निलंबन की कार्रवाई से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इन दिनो जल जीवन मिशन के कार्य सुर्खियों में है चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने जल जीवन मिशन के कार्यो में लापरवाही को लेकर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला रोक नाराजगी जाहिर की थी जिसके बाद मंत्री द्वारा बीस दिन के अंदर समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया है। अधिकारियों ने एस आई आर एवं जल जीवन मिशन के कार्यो में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत अधिकारी विष्णु माथुर को निलंबित किया है। जिला पंचायत राज अधिकारी चंद्रकिशोर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपित ग्राम पंचायत अधिकारी पर जल जीवन मिशन के कार्यो में लापरवाही बरतने सहित बैठकों में हिस्सा न लेने व एसआईआर सर्वे के कार्यो में लापरवाही के आरोप हैं। शिकायतों के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# त्योहारों को आपसी भाईचारे, परम्परागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें: जिलाधिकारी

- डीएम की अध्यक्षता व एसपी की मौजूदगी में सम्पन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी धार्मिक पर्व शिवरात्रि , होली, रमजान एवं ईद आदि त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्रीमती गजल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शिवरात्रि होली एवं ईद के त्यौहारो को आपसी भाईचारे, परंपरागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। धार्मिक स्थलों पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। धार्मिक उत्सवों में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की मॉनिटरिंग पहले ही कर ली जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय लाऊड स्पीकरों से बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र गीत संगीत का प्रयोग करते हुए ना मिले। डीजे संचालको की सूची तैयार कर ली जाए। उनके साथ बैठक कर उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के दिये गए ध्वनि संबंधी गाइडलाइन से अवगत करा दिया जाए। कोई भी सार्वजनिक



कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। परंपरागत तरीके से उत्सव मनाया जाए। होली के त्योहार पर किसी भी प्रकार का बदलाव/नई परंपरा करने से पहले प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार के संवेदनशील फेक आडियो, वीडियो और फोटो आदि को वायरल ना करे। ऐसी कोई भी सूचना मिलने पर प्रशासन को तुरंत अवगत कराएं। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालो पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करता रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहे। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्यौहारों के बीच विद्युत आपूर्ति होती रहे तथा जो भी विद्युत तार अस्त व्यस्त हो उसे ठीक करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग खाने पीने के समानों की अभी से सेम्पलिंग करना शुरू कर दे। मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए। जिससे कि लोग मिलावटी खाने-पीने के सामान खरीदते समय सावधानी बरते। अग्निशमन विभाग हर समय तैयार रहे। आगजनी की घटना होने पर तुरन्त कार्यवाही करें। यातायात नियमों का पालन कराये। सार्वजनिक मार्गो को धार्मिक उत्सवों के समय बाधित ना किया जाए। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर की लाइट व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और कूड़ा पॉइंट्स ज्यादा फोकस किया जाए और नियमित साफ सफाई कराई जाए। बिजली ,पानी, पर्याप्त व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि आपसी समन्वय बनाकर शहर की सभी रोड निरीक्षण कर लिया जाए कहीं पर भी रोड बाधित न हो अगर सड़क में गड्ढे हो तो तत्काल गड्ढा भरने का कार्य का कार्य शीघ्र ही किया जाए। उन्होंने सभी लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि आपके जीवन में जो प्रेरणादायक पुस्तक थी उन पुस्तकों को पुस्तकालय में दान करें जिससे छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में आपकी पुस्तक मददगार साबित होगी और क्षेत्र के कलाकारों को एक बेहतर मंच मिले और अपनी कला का प्रदर्शन करके देश-विदेश में महोबा का नाम रोशन करें।

### माहौल खराब करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन हमेशा आपकी मदद के लिए तत्पर है त्योहार को पूरे हर्षोल्लाह के साथ शिवरात्रि व होली का पर्व मनाएं और शांति व्यवस्था को कायम रखे। जुलूस निकालने में शांति व्यवस्था बनाकर रखना हम सब की जिम्मेदारी है। आप सभी लोग आपसी समन्वय बनाकर उल्लास पूर्ण त्यौहार को मनायें। हमेशा की तरह इस बार भी सौहार्द पूर्ण त्यौहार को मनायें और शांति व्यवस्था बनाए रखें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय सहित समस्त थानो के थाना प्रभारी एवं सभी धर्मों के धर्म गुरु/समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता, दाऊ तिवारी, डॉ हरगोविंद सिंह तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्तिथ रहे।

## अवसानेश्वर मंदिर की चोरी का पुलिस ने किया अनावरण

# पौने पांच किलो चांदी के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



स्वाट एवं सर्विलांस व थाना हैदरगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे/निशांदेही से चोरी की 04 किलो 769 ग्राम चांदी व 07 हजार रुपये नकदी व घटना में प्रयुक्त औजार बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा जनपद में हुई चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण करने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। स्वाट, सर्विलांस व थाना हैदरगढ़ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना हैदरगढ़ पर पंजीकृत मु.अ.सं. 40/2026 धारा 305(डी) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम कछवा थाना सुबेहा, 2. जय विश्वकर्मा पुत्र कृष्णानन्द विश्वकर्मा मदारपुर तिराहा थाना कोठी हालपता देवीगंज भिटरिया रोड थाना असन्द्रा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/ निशांदेही से चोरी की 04 किलो 769 ग्राम चांदी (गलाये गये छत्र की चांदी 579 ग्राम व अरघा की चांदी 4.19 किलोग्राम) व 07 हजार रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त कटर, प्लास बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम कछवा थाना सुबेहा शातिर किस्म का चोर है तथा मंदिरों की रेकी करने बाद चिन्हित मंदिर में रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम देता है, अभियुक्त वीरेन्द्र मंदिर से चोरी किये गए चांदी आदि कीमती सामान को देवीगंज स्थित ज्वैलर्स की दुकान पर जय विश्वकर्मा पुत्र कृष्णानन्द को सस्ते दाम पर बेंच देता है। अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार द्वारा बीते तीन फरवरी की रात्रि को थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत अवसानेश्वर मंदिर का ताला तोड़कर मन्दिर के अन्दर से चांदी का छत्तर व अरघे पर मढ़ा हुआ चांदी का पत्तर चोरी किया गया था, दिनांक 04/05.01.2026 की रात्रि थाना असन्द्रा के ग्राम जरौली स्थित हनुमान मंदिर से 02 चांदी के मुकुट चोरी किया था, 30-31.01.2026 की रात्रि को थाना रामसनेहीघाट स्थित रामसनेही बाबा मंदिर से इनवर्टर, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, एलईडी टीवी व सीसीटीवी कैमरा चोरी किया गया था। उक्त घटनाओं के सम्बन्ध में क्रमशः थाना असन्द्रा पर मु.अ.सं.-04/2026 धारा 305(डी) बीएनएस व थाना रामसनेहीघाट पर मु.अ.सं.-44/2026 धारा 305 (ई) / 331(4) बीएनएस पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तगण आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए यह काम करते हैं। अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार आस पास के क्षेत्र के मन्दिरों से चोरी करता है, उसमें जो चांदी आदि के सामान मिलते हैं, ज्वैलर्स की दुकान पर सस्ते दामों में बेच देता है।

## कस्बे में ओवरलोड ट्रक निकलने से हादसे का खतरा बढ़ा

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर मे बड़ी बाजार स्थित प्रकाश बुक डिपो के सामने एक लोडेड ट्रक पलटने से बाल-बाल बचा। यह घटना जल निगम की कथित लापरवाही के कारण हुई। स्थानीय लोगो ने शुक्रवार करीब साढ़े नौ बजे बताया कि जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की पटरी को ठीक से नहीं भरा गया था। केवल मिट्टी डाल देने से सड़क कमजोर हो गई है,जिससे भारी वाहनों के गुजरने पर ऐसे हादसे होने का खतरा बना रहता है। इस घटना ने सड़क सुरक्षा और जल निगम के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए है। नागरिको ने प्रशासन से ऐसी लापरवाहियो पर ध्यान देने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# डीएम-एसपी ने दिए महादेवा मेले की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश



**रामनगर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लोधेश्वर महादेवा के पावन शिवधाम मे गुरुवार से शुरु हो चुके फाल्गुनी मेले का जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने स्थलीय निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अधिकारियो ने मंदिर परिसर,स्नान घाटों,दर्शन पथ और प्रमुख आवागमन मार्गो पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को पाच जोन और नौ सेक्टरो में वाटा गया है।प्रत्येक जोन में जोनल मजिस्ट्रेट तथा प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। प्रमुख स्थलों पर मजबूत बैरिकेडिंग नियंत्रित प्रवेश निकास व्यवस्था तथा निरंतर निगरानी की व्यवस्था की गई है।

# प्राथमिक विद्यालय में जांची गई भाषा व गणित की दक्षता



> यह सफलता हमारे विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है : महताब खान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अमावां विकास क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय वसालत नगर ने शैक्षिक गुणवत्ता के मामले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की टीम द्वारा भाषा व गणित की दक्षता का आंकलन कर शैक्षणिक प्रगति को सुनिश्चित किया गया। डीएलएड प्रशिक्षु वन्दना वर्मा एवं ने पूनम साहू ने निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया। कक्षा 1 में नामांकित 03 छात्र और कक्षा 2 में नामांकित 09 छात्रों के सापेक्ष 09 छात्रों का आकलन किया गया जिसमें कक्षा एक से 03 के सापेक्ष 03 छात्र एवं कक्षा 2 में आंकलित 09 छात्रों के सापेक्ष सापेक्ष 09 छात्र आकलन में दक्ष/निपुण पाए गए। आकलित कुल 12 विद्यार्थियों में 12 छात्रों की भाषा व गणित की दक्षता का आंकलन किया गया जिसमें की स्कूल की बेहतरीन शैक्षिक गुणवत्ता को प्रमाणित करता है।

विद्यालय के प्रधान अध्यापक महताब खान के अनुसार यह सफलता हमारे विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है इस उपलब्धि में विद्यालय की शिक्षिका सरिता सोनकर एवम रीता देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही यह परिणाम विद्यालय में चल रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्यक्रम के सफलता को दर्शाता है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ओवरटेक करने के दौरान फिसला बाइक सवार, महिला की मौत



**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय बाइक के फिसल जाने से उस पर सवार महिला की ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबकर मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।जनपद बहराइच थाना जरवल रोड के ग्राम भिज्जू पूरवा निवासी 55 वर्षीय नगीना पत्नी शिवचरण शुक्रवार को अपने पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर महादेवा बिंदौरा परसपुर मार्ग से घर वापस जा रही थी।जब वह बिंदौरा परसपुर गाँव पहुंची उसी समय ईंटा लादकर सामने चल रहे ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय सड़क मार्ग के किनारे कीचड़ में बाइक फिसल गई।जिससे बाइक सवार महिला का सर ट्रैक्टर ट्राली के पहिए नीचे कुचल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।गनीमत रही उसका पुत्र बाल बाल बच गया।सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय,चौकी इंचार्ज अभिनंदन पाण्डेय,एसआई अजय कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरु कर दी।

# चार दिन से गायब महिला का शव नहर से बरामद

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



> मृतका के पुत्र ने बताया कि गायब होने के बाद से लगातार की जा रही थी मां की तलाश

चार दिनों से गायब महिला का शव नहर में मिला। शुक्रवार को सुबह शारदा सहायक नहर कसरैला झाल में एक महिला का शव उतराता देख कर ग्रामीणों में हलचल मच गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना बदोसरांय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर उसकी पहचान कराई। शव की पहचान के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम चमारनपुरवा मजरे भवानीपुर ददरौली निवासी 75 वर्षीय महिला कल्पवती पत्नी स्वर्गीय कल्लू 2 जनवरी को दिन में करीब 1 बजे घर से दवा लेने के बहाने निकली थी। उसके बाद घर वापस नहीं लौटी थी। परिजनों ने उसकी दो दिनों तक संभावित स्थानों पर तलाश किया। काफी तलाश के बाद पता न चलने पर 4 फरवरी को बदोसरांय थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। 6 फरवरी को सुबह पुलिस को नहर में महिला के शव की सूचना मिलने पर परिजनों को मौके पर बुलाया गया तो मृतका की पहचान कल्पवती पत्नी स्वर्गीय कल्लू निवासी ग्राम चमारन पुरवा भवानीपुर ददरौली के रुप में हुई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय अजीत विद्यार्थी उपनिरीक्षक सालिक राय आदि ने नहर से शव को बाहर निकलवा कर पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पर भिजवा दिया है। इस सम्बन्ध में मृतका के पुत्र राजेश कुमार, राकेश कुमार, मुकेश कुमार ने बताया कि गायब होने के बाद से लगातार मां की तलाश की जा रही थी किन्तु कहीं पता नहीं चल रहा था। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि महिला की पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# महिला थाना प्रभारी के प्रयास से जोड़ा साथ रहने को हुआ राजी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु शुक्रवार को कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए एक साथ रहने के लिए समझाया गया।

जिसमें एक विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उसे आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू , महराजगंज, रायबरेली में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ,प्रधानाचार्य एनएसपीएस त्रिपुला एसएल प्रजापति, प्रधानाचार्य सलेथू राजीव सिंह एवं उप -प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

सरस्वती मां की पूजा के पश्चात कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने सभी गणमान्यों, शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं कक्षा -12 के छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया।




इस अवसर पर कक्षा -11 के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा -11 के छात्र खुशी, आस्था, प्रज्ञा,समीक्षा, प्रांजुल, नैमिष,सिद्धांत, के द्वारा किया गया। कक्षा -12 के विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ कक्षा-11 के विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह व टाइटल भेंट कर विदाई दी गई। तत्पश्चात कक्षा -12 के छात्रों द्वारा प्रबंधक महोदय को स्मृति- चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर प्रबंधक महोदय डॉ. शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाता है इसलिए हमेशा परिश्रम करते रहना चाहिए, शिक्षा ही वह सफलता की कुंजी है जो हर खुशियों के द्वार को खोल देती है। आप जब आगे बढ़ते है।

> शिक्षा ही वह सफलता की कुंजी है जो हर खुशियों के द्वार को खोल देती है: प्रबंधक

तो बहुत से लोग आप को नकारात्मकता की ओर ले जाने का प्रयास करेंगे लेकिन आपको इन सभी चीजों से दूरी बनाते हुए आगे बढ़ना है, उम्मीद करता हूं कि आगे भी आप सभी ऐसी ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य करते रहेंगे और आगे चलकर नई -नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे और साथ ही इस स्कूल का नाम भी रोशन करेंगे।

# लालगंज व्यापार मंडल ने दिया सुपर मार्केट के दुकानदारों को समर्थन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सदर क्षेत्र के सुपरमार्केट में दुकानो के ध्वस्तीकरण को लेकर व्यापारियों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। जिसे लेकर लालगंज व्यापार मंडल ने भी मोर्चा खोल दिया है। ज्ञात हो कि रायबरेली शहर के बीचोबीच स्थित सुपर मार्केट को जर्जर बताते हुए नगर पालिका ने दुकानदारो को खाली करने का नोटिस दिया था।

दुकानो के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की आशंका के चलते वहां सालो से दुकान चला रहे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो सकता है। लालगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने व्यापारियों को समर्थन देते हुए कहा कि जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था न हो तब तक दुकानो को न गिराया जाये। वही वहां दुकान कर रहे व्यापारियों ने बताया कि पूरी बिल्डिग जर्जर नही है बल्कि छज्जा व कुछ भाग ही जर्जर है जिसे ठीक कराये जाने की आवश्यकता है।

प्रभारी राकेश पटवा ने कहा कि लालगंज व्यापार मंडल हर कदम पर सुपर मार्केट के पीडित व्यापारियों के साथ है। उनके साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती होने पर आंदोलन भी किया जायेगा।

व्यापारी नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि बिल्डिंग की दुबारा किसी ऐजेसी से जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाये जिससे व्यापारियों को न्याय मिल सके।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई आईजीआरएस की बैठक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक प्रत्येक दशा में जनसुनवाई कर उसका विधिवत अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें तथा सप्ताह तक के प्राप्त व निस्तारित मामलों की समयबद्ध समीक्षा करें।

उन्होंने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की रुकावट अथवा अन्य अपरिहार्य स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल अपने उच्चाधिकारियों से संपर्क कर कार्य को पूर्ण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार के दबाव में आकर न तो कार्य किया जाए और न ही भ्रामक अथवा तथ्यहीन रिपोर्ट प्रेषित की जाए। उन्होंने आईजीआरएस की रैंकिंग को जनसेवा की गुणवत्ता का महत्वपूर्ण मानक बताते हुए सभी विभागों को इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्राओं को जागरूक कर पुलिस ने की संदिग्धों की चेकिंग

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में ÷मिशन शक्ति÷ अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा बालिकाओं को 1090, 181, 108, 1076, 112, 1098, 102 आदि विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में



जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस की एण्टीरोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

# डीएम ने निर्माणाधीन परियोजनाओं के संबंध में ली बैठक

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अपने निर्धारित समय से विलम्ब से चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी बेहतर समन्वय स्थापित करते हुये परियोजनाओं की प्रगति में सुधार करें। कोई भी परियोजना अधिक समय तक लम्बित न रहे। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग



द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों को त्वरित गति कराये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यों को आकर्षक ढंग से कराया जाये, जिससे पर्यटकों को अधिक सुविधा प्राप्त हो सके। ओवरब्रिजों में रेलवे के स्तर पर लम्बित कार्यों हेतु नियमित रूप से पत्राचार किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि परियोजनाओं को त्वरित पूर्ण कराने हेतु आवश्यक भूमि नियमानुसार कार्यदायी संस्था उपलब्ध करायी जाये। बैठक के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने जन चौपाल का किया आयोजन विभागों से संबंधित आई शिकायतें

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कसमंडा की ग्राम पंचायत बलोइया में जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही, शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत विकास खंड कसमंडा की ग्राम पंचायत बलोइया में निर्माणाधीन मध्यान्ह भोजन (एम.डी.एम.) शेड के कार्यों का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है, जिसे अत्यंत गंभीरता से लिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा इस संबंध में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं के दृष्टिगत निर्माण कार्य के लिए उत्तरदायी संबंधित ग्राम पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायक के विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, सीतापुर को प्रदान किए गए।

साथ ही, खंड विकास अधिकारी, कसमंडा को निर्देशित किया गया कि एम.डी.एम. शेड के निर्माण कार्य में केवल मानकानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाए तथा निर्माण कार्य की निरंतर एवं प्रभावी निगरानी की जाए।

निर्माण कार्य को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना से संबंधित आधारभूत संरचनाएं सीधे तौर पर बच्चों के हित से जुड़ी हैं, इसलिए इनके निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में यदि इस प्रकार की कोई भी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सभी विकास खण्डों में स्थापित होंगे पशु औषधि केन्द्र

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण शुक्ला ने बताया कि पशुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पशु औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर पशु औषधि केन्द्र स्थापित किये जायेगें। प्रत्येक विकास खण्ड में एक पशु औषधि केन्द्र खोला जायेगा, जिससे पशुपालकों को पशुओं के उपचार हेतु दवाएं किफायती दरों पर सुलभ हो सकें। उन्होंने बताया कि पशु औषधि केन्द्र खोलने के लिए आवेदन करने वाले आवेदक को फार्मासिस्ट का नाम एवं उसका वैध पंजीकरण विवरण, दुकान हेतु न्यूनतम 120 वर्ग फुट स्थान का प्रमाण पत्र तथा ड्रग लाइसेन्स का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं इस योजना के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियों से जुडे योग्य लाभार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी तथा यह योजना भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियत्रंण कार्यक्रम के अर्न्तगत संचालित की जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सरिकापुर सरैया वि.ख. महोली सीतापुर

पत्रांक-मेमो/निविदा/2025-26/ दिनांक 05.02.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से अयोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्न लिखित कार्यों हेतु रजिस्टर्ड फर्मों एवं विक्रेताओ से उच्चकोटि की गुणवत्ता युक्त सागगी कार्यस्थल पर आपूर्ति करने हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 09.02.2026 को 2:00 तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जमा की जायेगी। उसी दिन 3:30 निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के संभवा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री धनराशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सरिकापुर सरैया के सिविलियन विद्यालय में एम.डी.एम शेड का निर्माण कार्य | 275649 | 5500.00 | 500.00 |

**निविदा की शर्तें-**

1. निविदा फार्म कय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 500 रुपये निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. किसी भी वाद-विवाद की दिशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**सरोज कुमारी**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सरिकापुर सरैया**
**वि.ख. महोली, सीतापुर**

**जीतेन्द्र कुमार**
**ग्रा.वि.अधि./ग्रा.पं.अधि.**
**ग्राम पंचायत सरिकापुर सरैया**
**वि.ख. महोली, सीतापुर**

# पीड़ित परिवारों से मिले अखिलेश ने जताई शोक संवेदना, क्रिकेट में की बॉलिंग

## तिर्वा के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करने वाले अखिलेश ने प्रेस वार्ता के दौरान बीजेपी पर साधा निशाना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और कन्नौज जिले के सांसद अखिलेश यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यक्रम के दौरान जहां पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की, वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट टीम के खिलाड़ी की बैटिंग पर बॉलिंग भी की। प्रेस वार्ता में अखिलेश बीजेपी पर हमलावर दिखे। पीड़ित परिवारों के यहां शोक संवेदना जताने पहुंचे अखिलेश ने केवल अकेले में ही पीड़ित परिवारों से वार्ता की, और दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी,वहीं सुरक्षा कर्मियों की ओठ लेकर मीडिया से दूरी बनाए रखी। तिर्वा नगर के कॉलेज छात्रावास मैदान पर पहुंचे अखिलेश के पहुंचते ही सैकड़ों समर्थकों की भीड़ बेकाबू हो गई, जिस कारण बड़ी अव्यवस्था देखने को मिली। यहां मीडिया कर्मियों से भीड़ ने जमकर धक्का मुक्की की गई। एक सपा नेता के यहां भी समर्थकों की भीड़ ने अपने नेता से मिलने की चाहत में कुर्सियां तक तोड़ दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव दोपहर सवा दो बजे अपने काफिले के साथ तिर्वा नगर पहुंचे। यहां से सबसे पहले तिर्वा नगर के अन्नपूर्णा नगर स्थित नोटरी अधिवक्ता दिवंगत परमानंद तिवारी के आवास पर पहुंचे, यहां परिजनों से वार्ता की और उनकी कुशल क्षेम पूछ कर दिवंगत अधिवक्ता के चित्र पर श्रद्धांजलि दी।



इसके बाद अखिलेश इलाहाबाद बैंक के सामने जवाहर नगर मोहल्ले में स्व. अंकित कटेरिया के आवास पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। यहां के बाद अखिलेश तिर्वा नगर के ही लोहिया नगर स्थित सपा कार्यकर्ता संगीता पांडे के आवास पर पहुंचे। यहां हादसे में मौत का शिकार हुए सपा नेत्री के दिवंगत पुत्र प्रथम को श्रद्धांजलि दी। अपने कार्यक्रम के चलते अखिलेश उपरोक्त कार्यक्रम के बाद सपा नेता अंशुल गुप्ता के यहां पहुंचे और उनके दिवंगत पिता उमेश चंद्र गुप्ता को श्रद्धांजलि दी। अपने उपरोक्त कार्यक्रम के बाद सपा प्रमुख तिर्वा नगर के डीएन इंटर कॉलेज छात्रावास स्थित मैदान पर तिर्वा चैलेंजर क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम में पहुंचे। यहां क्रिकेट खिलाड़ियों से अखिलेश ने परिचय किया। इससे पहले कि अखिलेश यहां बॉलिंग और बैटिंग कर पाते, सैकड़ों की संख्या में मौजूद समर्थकों की भीड़ सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर क्रिकेट की पिच पर पहुंच गई, जिस कारण बड़ी अव्यवस्था हावी हो गई। अखिलेश ने भारी भीड़ के बीच से ही जैसे तैसे कई राउंड बॉल पहले मैदान के उधर उधर फेंकी, और उसके बाद क्रिकेट खिलाड़ी को भी दो बार बालिंग की। यहां सपा प्रमुख ने क्रिकेट के खेल की तारीफ की और खिलाड़ियों को बधाई दी। अखिलेश यादव का काफिला तिर्वा कन्नौज मार्ग स्थित वी के ग्रांड पैलेस में आयोजित संजय पाठक/वंदना पाठक की पुत्री सलोनी और राम दीक्षित/स्वीटी दीक्षित के पुत्र विशाल के वैवाहिक समारोह में पहुंचे और वर वधू को शुभकामनाएं दीं।

बताते चलें कि करीब अपने पांच घंटे के कार्यक्रम के दौरान सपा समर्थकों का हुजूम देखते ही बनता नजर आ रहा था। कार्यक्रमों के दौरान उपरोक्त कॉलेज मैदान और एक सपा नेता के यहां पहुंचने के दौरान जमकर अव्यवस्था का दौर हावी दिखाई दिया। बड़ी संख्या में सपाई नेताओं की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष कलीम खान, जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी, अनिल पाल, अंशू पाल, अंशुल गुप्ता, दिलशाद हुसैन, दिनेश बॉथम, सदाकत हुसैन, बउअन तिवारी, कल्यान सिंह दोहरे, इंद्रेश यादव, सनी यादव, श्याम सिंह यादव, सहित जिले के कई सपा नेता मौजूद रहे।

## फॉर्म-7 से नाम कटने की बात भ्रामकः एसडीएम



**छिबरामऊ, कन्नौज।** उप जिलाधिकारी एवं एआरओ ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर से 4 फरवरी तक एईआरओ के प्रशिक्षण एवं समीक्षा कार्य संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि ईआरओ की वेबसाइट के आंकड़ों के अनुसार, फॉर्म-6 (नाम जोड़ने) के 15,873 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि फॉर्म-7 (नाम कटाने) के मात्र 968 और फॉर्म-8 (नाम संशोधन) के 4,385 आवेदन आए। यह स्पष्ट है कि नाम जोड़ने के आवेदनों की तुलना में नाम हटाने के फॉर्म नगण्य हैं। अतः फॉर्म-7 से बड़े पैमाने पर नाम काटे जा रहे हैं, यह अफवाह पूरी तरह भ्रामक एवं निराधार है। द्विवेदी ने कहा कि प्रक्रिया पारदर्शी है और कोई भी नाम बिना उचित प्रक्रिया, नोटिस एवं सुनवाई के नहीं काटा जा सकता। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देकर आधिकारिक प्रक्रिया के तहत आवेदन करने की अपील की।

# राजकीय पुस्तकालय को सौंपी प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

> पुस्तकालय समाज के हर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए है ज्ञान का केंद्र

श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज बिशुनगढ़ के शिक्षक अनुज कुमार द्विवेदी ने राजकीय पुस्तकालय, कन्नौज को प्रतियोगी परीक्षाओं की बहुमूल्य किताबों का संग्रह भेंट किया। इन किताबों में टीजीटी, पीजीटी, एसएससी, पीसीएस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री शामिल है। अनुज द्विवेदी ने कहा कि ये किताबें छात्रों को अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। पुस्तकालय समाज के हर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों का पुस्तकों से बेहतर कोई साथी नहीं होता। विशेष रूप से मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए ये महंगी किताबें वरदान साबित होंगी, क्योंकि वे इन्हें खरीदने में असमर्थ रहते हैं। इस निस्वार्थ योगदान की सभी ने खुलकर सराहना की और इसे सामाजिक दायित्व का बेहतरीन उदाहरण बताया। यह प्रयास स्थानीय स्तर पर शिक्षा और ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# व्यापारियों ने मंत्री असीम अरुण का किया स्वागत

> छिबरामऊ में नए बाईपास की स्वीकृति पर उत्साह

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं किराना एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने श्रीराम रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, विधायक अर्चना पांडेय और भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

मुख्य आकर्षण अलीगढ़ कानपुर हाईवे पर नया बाईपास स्वीकृत होने की उपलब्धि था, जिसके लिए सभी ने बधाई दी। राज्यमंत्री असीम अरुण ने बाईपास स्वीकृति का श्रेय विधायक अर्चना पांडेय, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू और प्रदीप गुप्ता को देते हुए कहा कि हाईवे के बेहतर होने से भारी वाहनों की संख्या तीन गुना बढ़ गई है। ऐसे में नया बाईपास अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह दो ढाई वर्ष में बन जाएगा। मंत्री ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा गडकरी जी के पास कोई मांग लेकर जाओ, वे कभी मना नहीं करते। वे कहते हैं–मेरे पास बजट भरपूर है, जो चाहिए मिलेगा। उन्होंने बताया कि नए बाईपास जैसी छोटी मांग भी पूरी हुई। आगे और योजनाओं पर विचार किया जाएगा। साथ ही हाईवे किनारे रेस्ट एरिया बनाने की योजना बताई, जहां बस, ट्रक और कार चालक रुककर खाना-पीना कर सकें। इसके लिए जल्द भूमि अधिग्रहण शुरू होगा। कार्यक्रम में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने नवीन मंडी के सामने बने पुल पर तेज रफ्तार वाहनों से होने वाले हादसों का जिक्र किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा नए बाईपास से ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं में कमी की उम्मीद है। नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने फर्रुखाबाद चौराहा, पूर्वी बाईपास तिराहा और पश्चिमी बाईपास तिराहा पर ट्रैफिक लाइट लगवाने का सुझाव दिया। महामंत्री अनिल यादव ने इन तीनों प्रमुख जंक्शनों के विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुशील दुबे, जिला संयुक्त महामंत्री संजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, हार्डवेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर, खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, प्रसिद्ध ऑर्थो सर्जन डॉ एस. चंद्रा, आनंद गुप्ता महिंद्रा ट्रैक्टर्स, अमित भारतीय, प्रभाकर गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, अबली गुप्ता, अमोघ गुप्ता राम, अनुपम वर्मा व पंकज शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### रविवार को कन्नौज में बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**छिबरामऊ, कन्नौज।** यहां स्थित 220 केवी उपकेंद्र के एसडीओ ने बताया 132 केवी उपकेंद्र कन्नौज पर 132 केवी मेंन बस प्रथम एवं द्वितीय के जम्फर टाइटिंग एवं मेंटीनेंस का कार्य 8 फरवरी को किया जाएगा। जिसके कारण सभी 33 केवी फीडर 33 केवी मकरंद नगर, 33 केवी बहादुरपुर, 33 केवी जसपुरापुर, 33 केवी मेडिकल कॉलेज, 33 केवी जिला न्यायालय, 33 केवी बेहरीन, 33 केवी मानपुर, 33 केवी ठठिया, 33 केवी गुगरापुर एवं 33 केवी तिर्वा की सप्लाई 8 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 13 बजे तक बाधित रहेगी।

### बाइक सवारों को कार ने रौंदा, एक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रूखाबाद के घटियाघाट से अंतिम संस्कार से लौट रहे दो युवकों को शाहजहांपुर के पास तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में गौरव पुत्र लेजम सिंह (रामखेड़ा निवासी) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुबीन यादव पुत्र शंभू दयाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सुबीन को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। दोनों युवक घर वापसी के दौरान इस हादसे का शिकार बने। गौरव की पत्नी शालिनी और 1 साल की एक मासूम बेटी है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अज्ञात कारणों से महिला लिपिक ने लगाई फांसी

**जगम्मनपुर (जालौन)।** अज्ञात कारणों के चलते पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय की महिला क्लर्क ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर स्थित पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय में रेनू पत्नी प्रवीण कुमार वर्मा उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी राजेंद्र नगर उरई क्लर्क पद पर कार्यरत है उनके पति प्रवीण कुमार भी एसकेडी पब्लिक स्कूल जगम्मनपुर में शिक्षक पद कर तैनात है। गुरुवार को अज्ञात समय रेनू ने डिग्री कॉलेज के हॉस्टल के रूम नंबर 20 में पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली है। गुरुवार को क्लर्क महिला के पति शिक्षक प्रवीण कुमार ने हॉस्टल में रहने वाले आकाश नामक छात्र से रेनू मैडम से बात करने को कहा छात्र द्वारा शाम करीब 7.40 बजे रेनू के कमरे पर गया तो उसने उसे फांसी पर लटके देखा। इसकी सूचना छात्र ने डिग्री कॉलेज के स्टाफको दी। बताया जाता है कि मृतका रेनू का अपने पति से आपस में प्रेम विवाह हुआ था। मृतका रेनू के पति लगभग डेढ़ माह से विद्यालय जगम्मनपुर नहीं आए हैं। रेनू डिग्री कॉलेज हॉस्टल में अकेली रह रही है। मृतका रेनू के 4 वर्षीय एक पुत्र भी है जो अपने पिता के साथ उरई में रह रहा है। घटना की सूचना पाकर क्षेत्राधिकार माधौगढ़ अंबुज यादव, रामपुरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए हैं। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना के संबंध में साक्ष्य संकलित किये हैं।

### मोटर साइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल

**जगम्मनपुर (जालौन)।** रामपुरा-जगम्मनपुर मार्ग पर शुक्रवार अपराह्न करीब 2 बजे चिलर के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी 92 एल 1496 और यूपी 92 एयू 0931 नंबर की मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गईं। हादसे में विनोद पुत्र बिटई (उम्र लगभग 50 वर्ष), निवासी ग्राम बुढ़ेरा थाना रामपुरा के पैर में फ्रैक्चर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरी बाइक पर सवार मिथुन पुत्र कालका प्रसाद (उम्र लगभग 25 वर्ष), निवासी ग्राम जमलापुर थाना कुठौंद के हाथ की उंगलियों सहित शरीर में कई स्थानों पर गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल उरई के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सामान्य कराया गया।

# युवती की हुई पहचान, गांव के युवक पर लगा हत्या का आरोप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आलू के खेत में एक 19 वर्षीय युवती का जला हुआ शव मिलने की सूचना के बाद जांच पड़ताल को जुटी पुलिस के हांथ सफलता हांथ लगी है। युवती के शव की पहचान कन्नौज कोतवाली के ही अहमदपुर रौनी गांव निवासी महिला रेशमा ने अपनी 19 वर्षीय बेटी महक के रूप में की है।

बताते चलें कि बीते दिन कन्नौज कोतवाली के बलही गांव निवासी रामबाबू कुशवाहा का एक खेत रिजगिर में हाईवे से करीब 3 सौ मीटर दूर है। बीती सुबह रामबाबू के भाई अमर सिंह खेतों की ओर गए तो खेत पर कुछ कुत्तों का झुंड मंडराते हुए नजर आया। मौके पर पहुंचे अमर सिंह ने जब करीब पहुंचकर देखा तो वहां एक युवती का जला हुआ शव



पड़ा था। युवती के शरीर पर केबल से चेहरा ही बिना जली अवस्था में था। घटना की सूचना गांव में फैली तो बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जुट गई। मामले की सूचना पर जिले के पुलिस कप्तान विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार, सदर कोतवाल जितेंद्र प्रताप, एसओजी , सर्विलांस टीम,फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायट, सहित पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया था। शुरुआती जांच में

> शव को देखकर ऐसा लग रहा था कि, उसको किसी ज्वलनशील पदार्थ से जलाया गया

पुलिस को युवती के बारे में पहचान करना मुश्किल हो रहा था। शव को देखकर ऐसा लग रहा था कि, उसको किसी ज्वलनशील पदार्थ से जलाया गया और इसके बाद कहीं और उसकी हत्या कर दी गई होगी, इसके बाद उपरोक्त स्थान पर युवती के शव को फेंक दिया गया होगा। जांच पड़ताल में युवती के अत्यधिक जली अवस्था के कारण जहां पुलिस को कई जगहों पर पूंछताँछ के दौरान युवती की पहचान में उठापटक करनी पड़ रही थी, वहीं गुरुवार को पुलिस की तलाश रंग लाई। युवती की चेहरे की फोटो आखिर घटनाक्रम के खुलासे में रंग लाई। बीती शाम कन्नौज सदर कोतवाली के अहमदपुर रौनी गांव की एक महिला रेशमा देवी कोतवाली पहुंचती हैं, और जली अवस्था में मृत पाई गई युवती की पहचान अपनी 19 वर्षीय बेटी महक के रूप में करती हैं।

मृतक महक की मां रेशमा ने पुलिस को यह भी बताया कि, उनके पति आशिफ आली का निधन हो चुका है। उनका एक बेटा रफ्तार कानपुर की जेल में बंद है, जबकि दूसरा बेटा अपने परिवार के साथ अलग रहता है। पूरे मामले की जांच पड़ताल और परिजनों से मिली जानकारी के बाद एसपी विनोद कुमार ने बताया कि, आरोपी युवक की तलाश शुरू करवा दी गई है, जल्द ही उसको गिरफ्तार करके घटनाक्रम का पर्दाफाश किया जाएगा।

# रोबिन यादव ने रविता शास्त्री व आयोजकों को किया सम्मानित



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम खोजीपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोबिन यादव ने मुख्य कथावाचक रविता शास्त्री एवं उनके पूरे स्टाफ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही आयोजक अनिल यादव और आदित्य यादव (मोनू) को भी शॉल प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। रोबिन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भागवत कथा हमें धर्म, सत्य और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। पाप कितना भी बड़ा क्यों न हो, अंत में सच्चाई की ही विजय होती है। इसलिए हमें हमेशा सत्य का साथ देना चाहिए और उसी मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर आरपी ठाकुर, देवेश यादव, अंकित यादव, रिंकू यादव, अलोक यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# डीडीओ ने किया छात्र-छात्राओं के शैक्षिक स्तर का अवलोकन

> पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर की व्यवस्थाओं से गदगद हुए डीडीओ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



निरीक्षण के दौरान मौजूद डीडीओ व प्रधानाध्यापक

पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर की शैक्षिक व भौतिक व्यवस्थाओं का शुक्रवार को डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पठन-पाठन से लेकर मिड-डे मील, आईसीटी, स्मार्ट क्लास, साफ-सफाई और खेलकूद की व्यवस्थाएं देखीं।

डीडीओ ने कक्षाओं में जाकर छात्रों के शैक्षिक स्तर का अवलोकन किया। मिड-डे मील में परोसी जा रही पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण तहरी को देखकर संतोष जताया। एलबीड़ी, आईसीटी एवं स्मार्ट क्लास में छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर पर कार्य करते देख उन्होंने प्रशंसा की। विद्यालय परिसर की साफ- सफाई और मूलभूत सुविधाओं को भी बेहतर बताया। खेलकूद सामग्री की जांच के दौरान छात्रों को टेबल टेनिस खेलते हुए देखा और उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही छात्रों द्वारा बनाई गई कला एवं क्राफ्ट की कृतियों की भी सराहना की। डीडीओ ने एमडीएम, आईसीटी, स्मार्ट क्लास, एलबीड़ी, खेलकूद सामग्री के समुचित संचालन के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेन्द्र सक्सेना, शिक्षक राम किशोर सिंह सहित समस्त स्टाफ के प्रयासों की सराहना करते हुए इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

# बस स्टैंड जमीन का डीएम ने किया निरीक्षण, जल्द होगा निर्माण

> अधिकारियों को राजस्व व तकनीकी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश
> यातायात सुधार, जाम से राहत और रोजगार बढ़ाने पर जोर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने ग्राम बलाई में प्रस्तावित बस स्टैंड निर्माण के लिए चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने भूमि की भौगोलिक स्थिति, क्षेत्रफल, पहुंच मार्ग, यातायात संपर्क और आसपास की सुविधाओं का जायजा लेते हुए भविष्य की जरूरतों पर भी चर्चा की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि से जुड़ी सभी राजस्व व तकनीकी औपचारिकताएं प्राथमिकता से पूरी कर निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि नए बस स्टैंड से शहर में यातायात का दबाव कम होगा, जाम की समस्या घटेगी और यात्रियों को सुरक्षित व आधुनिक सुविधा मिलेगी। इससे स्थानीय व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली, अर्पित कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 13 तक चलेगा 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान'

## नि:शुल्क उपचार और भ्रांतियां दूर करने पर जोर, 116 मरीज उपचारित: सीएमओ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




जनपद में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि आशा, एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें घर-घर जाकर लोगों को रोग के लक्षण, बचाव और निःशुल्क उपचार की जानकारी दे रही हैं। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह उपचार योग्य है और मल्टी ड्रग थेरेपी (स्ष्ठञ्ज) सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त उपलब्ध है। अभियान का लक्ष्य प्रारंभिक अवस्था में रोग की पहचान कर दिव्यांगता रोकना है। त्वचा पर सुन्न दाग, नसों का मोटा होना, हथेलियों-तलवों में सुन्नता व आंखों की समस्या प्रमुख लक्षण बताए गए हैं। फिलहाल जनपद में 116 मरीज उपचाराधीन हैं। लोगों से संदिग्ध लक्षण दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क की अपील की गई।

## परिवार रजिस्टर की नकल के लिए रुपये मांगने का आरोप



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिघौली में परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने को लेकर 2 सौ रुपए प्रति व्यक्ति मांगे जाने का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। महिलाओं का आरोप है कि पंचायत घर माधोनगर गांव में स्थित होने के कारण नकल तैयार कराने के नाम पर उनसे प्रति व्यक्ति 200 रुपये की मांग की गई है। पैसे न देने पर काम टालने और अनावश्यक देरी करने का भी उन्होंने आरोप लगाया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने बताया कि इस दौरान पंचायत सचिव की कथित टिप्पणी से वे काफी आहत हुईं। विरोध में शामिल शीतला, रीता, सोनी देवी, रेशमा देवी, सोनी, पूजा, राधा, रामदेवी, सीमा और पार्वती ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पंचायत सचिव बन्नाम सिंह ने सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और आधारहीन करार दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन में महिलाओं की अधिक संख्या के कारण कुछ अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसे नियंत्रित करने के लिए उन्होंने महिलाओं से शांत रहने और अनावश्यक विवाद न करने की सलाह दी थी।

## घर में घुसकर भाई-बहन से मारपीट करने का लगाया आरोप

**कोंच,जालौन।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर में गुरुवार की रात घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता तरन्नुम पत्नी सोहिव ने तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि आरोपियों ने जबरन घर में घुसकर हमला किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला आजाद नगर निवासी एक युवक और उसकी बहन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसी क्षेत्र के तीन लोग देर रात उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर दोनों के साथ मारपीट की।

# संस्कृत विद्यालय में बटुकों का उपनयन संस्कार हुआ संपन्न

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



श्री कृष्ण उ0माव्यमिक इटौरा में 21 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत वैदिक रीति से संपन्न कराया गया। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में बटुकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार होने से उनमें हिन्दू संस्कार उत्पन्न होते हैं। आचार्य दिलीप तिवारी ने बटुकों को वैदिक रीति से गणपत्यादि पूजन,मातृ पूजन, दीक्षा,दान,काशी भ्रमण आदि कार्यक्रम द्वारा संपन्न कराया। अवनीश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि सभी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यों को अपने बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार जरूर कराना चाहिए। बालक संस्कारों के बाद द्विज कहे जाते हैं। विद्यालय के कोषाध्यक्ष परसुराम तिवारी ने कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार के बाद ही बटुकों को गायत्री मंत्र का उपदेश दिया जाता है। उपस्थित राजेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार के बाद ही बटुकों को वेदाध्ययन करने का अधिकार होता है।

# महिला की मौत, परिजनों ने लगाया गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी नहीं हुए। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव पिलखना निवासी रामनरेश अपनी 50 वर्षीय पत्नी मुनीशा को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर आए थे। मुनीशा को सांस लेने में तकलीफ थी और शुगर का स्तर भी काफी बढ़ा हुआ था। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि मुनीशा ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत होते ही पति रामनरेश और बेटियां मीरा व पूनम बिलख पड़ीं। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में तैनात स्टाफ ने गलत इंजेक्शन लगा दिया। जिससे महिला की हालत और बिगड़ गई और उसकी जान चली गई। हंगामे की सूचना पर कस्बा चौकी प्रभारी सोमवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली। अस्पताल के डॉक्टर विपिन कुमार ने बताया कि महिला के फेफड़ों में पानी भरा था और शुगर का स्तर काफी अधिक था। परिजनों ने यहाँ लाने से पहले किसी झोलाछाप से इलाज कराया था। अस्पताल में केवल गैस का इंजेक्शन दिया गया था और तत्काल रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने परिजनों को पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी, लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं हुए। चौकी प्रभारी ने बताया कि मेमो के आधार पर जांच की गई थी। परिजनों की सहमति के बाद पंचनामा भरकर शव उन्हें सौंप दिया गया। मृतका अपने पीछे चार पुत्रियां और तीन पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। जिसमें दो पुत्र और तीन पुत्रियों की शादी हो चुकी है।


अस्पताल में रोती बिलखतीं मृतका की पुत्रियां

# सीएमओ ने 1.81 करोड़ रुपये के भुगतान का दिया भरोसा, मिले 52 लाख

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल 15 दिसंबर से जारी है। वे अपनी 14 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रही हैं। इस बीच आशा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात की। सीएमओ ने उन्हें 1.81 करोड़ रुपये के शीघ्र भुगतान और स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। शुक्रवार को भी आशा कार्यकर्ता धरने पर रहीं। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत लगभग 1600 आशा कार्यकर्ता प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों पर आंदोलन कर रही हैं। गुरुवार को सीएमओ कार्यालय में आशा कार्यकर्ताओं और सीएमओ के बीच वार्ता हुई थी। शुक्रवार को धरने पर बैठी आशाओं ने बताया कि सीएमओ ने 1.81 करोड़ रुपये के भुगतान के लिए निदेशालय को प्रस्ताव भेजा था। इसमें से 52 लाख रुपये प्राप्त हो चुके हैं और भुगतान प्रक्रिया में हैं। यह धनराशि ब्लॉकों को भेजी जा चुकी है। सीएमओ ने जानकारी दी कि पूर्व से बकाया चल रहे भुगतान के वाउचर निदेशालय भेजे जा चुके हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि दो-तीन दिनों में धनराशि आते ही सीधे आशा कार्यकर्ताओं के खातों में पहुंच जाएगी। हालांकि आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह आंदोलन तभी पूरी तरह से समाप्त होगा जब उन्हें प्रदेश नेतृत्व से हड़ताल समाप्त करने के निर्देश मिलेंगे।

आशाओं की हड़ताल जारी....


धरने पर बैठी आशा कार्यकर्ता

## वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। थाना कादरीगेट पुलिस ने थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 23/2026 धारा 64/69/115(2) बी.एन.एस. में नामजद/वांछित अभियुक्त रवि कुमार पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम नगला गोदाम बरझाला थाना शमशाबाद को गिरफ्तार कर लिया है।

बताते चलें कि पीड़िता ने थाना केशवपुरम पश्चिम दिल्ली में जीरो एफआईआर 02/2025 धारा-64/69/ 115 (2) बी.एन.एस. पंजीकृत करायी थी। जिसके क्रम में उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार संबंधित थाने पर 23/2026 धारा 64/69/115 (2) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया था।

# दो पक्षों में विवाद, चार का शांतिभंग में चालान


पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग के आरोप में चालान किया है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि दोनों पक्ष आपस में झगड़ा कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच.पड़ताल के बाद चार आरोपियों को हिरासत में लिया। उपनिरीक्षक सत्यदेव ओझा ने बताया कि प्रथम पक्ष से कुलदीप (25) पुत्र कन्हैया और संजीव (32) पुत्र कन्हैया निवासी बिरसिंहपुर थाना राजेपुर को गिरफ्तार किया गया।

द्वितीय पक्ष से गौरव (25) पुत्र रतेंद्र, जितेंद्र (53) पुत्र कंचन सिंह और अवनीश (22) पुत्र जितेंद्र, निवासी बिरसिंहपुर थाना राजेपुर को हिरासत में लिया गया। इन सभी को 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय अमृतपुर भेजा गया है। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने पुष्टि की कि दोनों पक्ष विवाद कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार कर शांतिभंग के आरोप में चालान किया गया है।


चोरी के बाद खोखे में बिखरा पड़ा सामान

## कादरीगेट थाने के सामने रखे खोखे से हजारों की चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आवास विकास स्थित अस्थायी थाना कादरीगेट के सामने चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए एक खोखे का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। मजे की बात यह है कि थाना कादरीगेट पर हर समय पुलिस मौजूद रहती है, इसके बावजूद भी चोरी होना पुलिस की संदिग्ध कार्यप्रणाली को दर्शाता है। जानकारी के अनुसार आवास विकास स्थित अस्थायी थाना कादरीगेट के सामने राजेश डेविड का खोखा रखा हुआ है। जिसमें वह पान, मसाला, सिगरेट, बिस्कुट, अगरबत्ती आदि सामान की बिक्री करते हैं। बीती रात करीब ९ बजे वह खोखे को बंद कर अपने घर बैंडीपुरा कालोनी अपने घर चले गये थे। जब वह सुबह पहुंचे, तो देखा कि खोखे का ताला टूटा पड़ा था और खोखे से पान मसाला, बिस्कुट के पैकेट, अगरबत्ती व सिगरेट की डिब्बी गायब थीं। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# नवाबगंज-मंझना मार्ग पर बघार के समीप सड़क के किनारे धंसी मिट्टी

## गहरा गड्ढा होने से कभी भी हो सकता है कोई बड़ा हादसा, लोगों में रोष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सड़क के किनारे मिट्टी धंसने से गहरा गड्ढा हो गया। जिससे निकलने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गड्ढे से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज-मंझना मार्ग पर बघार के समीप सड़क के किनारे मिट्टी धंस गयी है। जिससे गहरा गड्ढा हो गया है।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) द्वारा मिट्टी धंसने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे स्थानीय लोगों में काफी रोष है। आसपास के गांवों के निवासी राहुल कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, रामविलास राजपूत और करन सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि पीडब्लूडी को सूचना देने के बावजूद अभी तक किसी अधिकारी ने कोई कार्य नहीं किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस लापरवाही के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोग बताते हैं कि गड्ढा काफी गहरा है। जिससे कभी भी कोई वाहन गिर सकता है और कोई बड़ा होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद भी विभाग हाथ पर हाथ धरे किसी बड़ी अनहोनी घटना का इंतजाम कर रहा है।


सड़क धंसने से हुआ गड्ढा

## खबरें एक नजर में

### सीओ के नेतृत्व में कस्बे में चलाया सघन चेकिंग अभियान


कस्बे में पैदल मार्च करते सीओ व थानाध्यक्ष आदि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्राधिकारी ने थाना प्रभारी निरीक्षक के साथ कस्बे में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को हिदायत दी। थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज चौराहे पर मोहम्मदाबाद क्षेत्र अधिकारी अजय कुमार वर्मा तथा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें दो पहिया, चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी। पैदल रूट मार्च कर शराब की दुकानों के आसपास अवैध तरीके से चल रहीं दुकानों की भी तलाशी ली गयी। जिसमें सभी दुकानदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी दुकानदार अपनी दुकानों में शराब ना पिलाए। ऐसा करते पाए गए तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने चेकिंग अभियान के दौरान कई लोगों को रोककर जामा तलाशी ली। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, दरोगा राम सिंह, कांस्टेबिल हर्षित कुमार, सुधांशु चौहान, किरण सिंह, कमल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### मनरेगा में घोटाला, मृतकों के फर्जी जॉबकार्ड बनाकर धन का किया गया आहरण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मनरेगा में एक घोटाला सामने आया है। जिसमें मृतकों व डुप्लीकेट जॉबकार्ड के नाम से पैसे की निकासी की गयी है।

विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत सिनौली में मनरेगा द्वारा ग्राम रोजगार सेवक द्वारा रामवीर के खेत से गंगा जी तक चकरोड का निर्माण कार्य वर्ष 2021-2022 में कराया गया था। जिसमें मृतकों व डुप्लीकेट जॉब कार्ड के माध्यम से धन का आहरण किया गया। जैसे मृतक महेश पुत्र कृपाल जिनकी मृत्यु दिनांक 16.5.2020 को हो चुकी थी और उनके नाम से दिनांक 21.07.2021 व 25.07.2021 को पैसा निकाला गया। महेश पुत्र कृपाल की जॉबकार्ड संख्या-यू.पी.-34,001,069,001,19113 है और मस्टर रोल संख्या-3861 व 4164 है व उनकी पत्नी राजवती के दो-दो जॉब कार्ड बनवा रखे थे। पैसा निकालने के बाद जॉब कार्ड को डिलीट करवा दिया गया है। राजवती पत्नी महेश की जॉबकार्ड संख्या-यू.पी.-34, 001, 069, 001, 19113 व 34,001,069,005,19116 है जो कि रामवीर के खेत से गंगा जी तक चकरोड निर्माण कार्य कर रहे श्रमिक के एक ही काम पर दो जॉब कार्डे में पैसा डाला गया। जिसमें एक जॉबकार्ड सिनौली व दूसरा पुन्थर देहामाफी का है। जिसकी जांच कराकर कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र व आधार कार्ड व मास्टर रोल की छायाप्रति संलग्न है। वहीं इस संबंध में जब डीपीआरओ राजेश चौरसिया से बात की गयी, तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच करायी जायेगी। इसमें जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# महिला व उसकी पुत्रवधू को पीटने के मामले में मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला व उसकी पुत्रवधू को मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा चिकन वाली गली निवासी गोपाल देवी पत्नी रंजीत ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 4 फरवरी को अपने घर में काम कर रही थी, तभी मोहल्ले के ही दबंग आरोपीगण आए और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त दबंगों ने पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान बचाने आई पीड़िता की पुत्रवधू नन्हीं देवी पत्नी शिवम राठौर को भी जमकर मारपीटा।तब पीड़िता अपनी पुत्रवधू को लेकर थाने आयी और थाना पुलिस को नामजद आरोपीगणों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपी शिवलोक पुत्र नरेंद्र कश्यप, आनंद कश्यप पुत्र नरेंद्र कश्यप, रोहित पुत्र नामालूम, अनिल कश्यप पुत्र नरेश कश्यप निवासी चिकन वाली गली थाना नवाबगंज के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मामा के साथ बाइक से जा रहे बालक की सड़क हादसे में मौत, मामा घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मार्ग दुर्घटना में मामा के साथ बाइक से जा रहे 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि उसका मामा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम तरा नगला निवासी अखिलेश राजपूत का 10 वर्षीय पुत्र इंद्रेश अपने मामा सुआलाल पुत्र बुधपाल निवासी ग्राम बसोला थाना शमशाबाद के साथ बाइक से ननिहाल जा रहा था। इंद्रेश कक्षा चार का छात्र था और तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। बताया गया कि ग्राम रूनी चुरसई के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में इंद्रेश और उसका मामा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से दोनों को तत्काल लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने इंद्रेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं मामा सुआलाल का इलाज अस्पताल में जारी है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।बालक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद मृतका की मां नन्हीं देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।


लोहिया अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक के परिजन

## स्कूल गयी छात्रा वापस नहीं लौटी, पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों स्कूल गई छात्रा के वापस न लौटने पर पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छात्रा की खोजबीन शुरु कर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक निवासी युवक ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री जो घर से अपनी मां से सुबह 11:00 बजे स्कूल जाने की बात कहकर चली गई। जो शाम तक लौटकर वापस नहीं आई। जिसकी काफी खोजबीन भी की गई, लेकिन कहीं पता न चलने पर पीड़ित पिता ने गांव के ही आरोपी युवक विशाल कुमार पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जन चौपाल में जनता की समस्याओं से रुबरु हुए अधिकारी


जन चौपाल में मौजूद ग्रामीण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जन चौपाल में विकास खंड अधिकारी तथा क्षेत्रीय विधायक के अलावा पर्यावरण के अधिकारियों ने लिया भाग। इस दौरान ग्रामीणों की समस्यायें सुनीं गयीं तथा उनका निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिलसंडा में शुक्रवार को उच्च अधिकारियों के निर्देशन में शासनादेश के अनुसार जन चौपाल का आयोजन किया। जिसमें अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनीं। कायमगंज की क्षेत्रीय विधायिका सुरभि ने चौपाल में पहुंचकर जनता की समस्याओं से रुबरु हुईं। जन चौपाल में विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा प्रधानमंत्री आवास फैमिली आईडी आदि की जानकारी ली गई। वन पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने जनता से पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की बात कही। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक सुरभि, वन पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन, विकास खंड अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी सुखदेव सिंह, एडीओ एग्रीकल्चर रविंद्र सिंह, एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप राजपूत, पंचायत सहायक सुनीता, सीएचओ मनु गंगवार, आंगनबाड़ी मीरा देवी तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

## युवक को भगाने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवती को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में अभियुक्त को पुलिस ने दबोच लिया। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने दिनांक 1 फरवरी को पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा था कि उसकी पुत्री को सलमान पुत्र चन्दा निवासी रुदायन थाना कम्पिल बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना कम्पिल पर सलमान के विरुद्ध मु0अ0सं0 18/2026 धारा-87 बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था। शुक्रवार को पुलिस ने अभियुक्त सलमान को दबोच लिया।

## एसआईआर के तहत जोड़े गये नये मतदाता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के विशेष चरण में बीएलओ ने नवीन मतदाताओं को जोड़ने का कार्य किया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शक्ति केंद्र नोनियमगंज बूथ संख्या-188, शक्ति केंद्र दत्तू नगला बूथ संख्या-126 पर फॉर्म 6 भरकर 10 नए वोट बनवाने का कार्य किया गया। बूथ पर बीएलओ विमल कुमार, कल्पना सक्सेना, अखलेश शर्मा ने नवीन मतदाताओं के जोड़ने का कार्य संपन्न कराया। इस दौरान कई ग्रामीण ने एसआईआर से संबंधित अपनी समस्याओं का निराकरण कराया।


बूथ पर काम निपटातीं बीएलओ

बीएलओ ने अन्य मतदातओं से भी अपील की कि वह एसआईआर से जुड़ी अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान करा लें।

# एसपी ने किया पुलिस लाइन की शाखाओं का निरीक्षण

- चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए पुलिसकर्मियों की कराई दौड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई।

परेड में पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण यातायात शाखा, पुलिस लाइन में नियुक्त कर्मचारीगण पुलिस कर्मियों व रिक्रूट आरक्षी को शारीरिक व मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए दौड़ कराई गई।

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवचयनित आरक्षीगण की पीटी/ परेड का निरीक्षण कर अनुशासननियमों हेतु ब्रीफ किया गया। परेड निरीक्षण के उपरांत डायल-112, कैंटीन, मेस, परिवहन शाखा, बैरक, क्वार्टर गार्ड आदि का निरीक्षण एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस की नौकरी में हिट फिट रहना बहुत जरुरी होता है। इसलिए आप लोग सुबह वर्कआउट अवश्य करें, ताकि शरीर स्वस्थ्य रह सके और आप लोग अपनी डियूटी का निर्वहन ठीक प्रकार से कर सकें। उन्होंने स्वस्थ्य रहने के आवश्यक टिप्स भी दिये।


पुलिस लाइन ग्राउंड पर मौजूद पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

# नगर में खुलेआम हो रही है नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोशिएशन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को भेजे गये ज्ञापन में कहा है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की अनदेखी से कायमगंज में मिलावटी खाद्य सामग्री की जमकर बिक्री हो रही है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। अधिक मुनाफा कमाने की होड़ में दूध, दही, पनीर, सरसो का तेल, मिठाइयां और नमकीन कचरी और देशी घी ब्रांडेड खुले आम नकली बेचे जा रहे हो पूजा मे उपयोग होने वाला मिलावटी घी 200 से लेकर 400 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। जिससे धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ हो रहा है। नकली निलावटी पनीर 240 रुपये से लेकर 260 रुपये में बेचा जा रहा है। जिसकी खपत शादी समारोह में हो रही है। इस पर रोक लगाया जाना आवश्यक है। इसके अलावा ग्राम पंचायत लोधीपुर मजरा मनिकपुर में सूरज के घर से अम्बेडकर की मूर्ति तक शीशी रोड बनवाया जाये, ग्राम पंचायत लोधीपुर मजरा मानिकपुर में पाइप लाइन पेयजल के लिए डाली गई थी। आज तक पाइप लाइन मे पेयजल नहीं आ रहा है जो की पानी की टंकी और गाँव की दूरी करीब 4 किलोमीटर है। ज्ञापन पर सुनील कुमार दुबे, रामवीर जाटव, मुन्नालाल सक्सेना सहित अन्य के हस्ताक्षर हैं।

# विद्युत शिविर में 50 हजार जमा हुआ राजस्व, कटे 46 कनेक्शन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग ने शुक्रवार को नवाबगंज क्षेत्र के गांव खिनमिनी में बिजली बिल राहत शिविर लगाया। इस दौरान विभाग ने समाधान योजना के तहत लगभग 50000 रुपये का राजस्व एकत्र किया। शिविर में 46 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए, जबकि 14 उपभोक्ताओं ने वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना का लाभ उठाया।

यह शिविर बिजली बिल राहत योजना के तहत आयोजित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य बकाया बिलों की वसूली करना और उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना था। समाधान योजना के माध्यम से विभाग ने यह राजस्व एकत्र किया। शिविर में उपस्थित नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने सरकार द्वारा संचालित योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल के ब्याज में शत-प्रतिशत 100 प्रतिशत छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त मूल बकाया राशि में भी 20 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। शिविर के सफल आयोजन में नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा के साथ वीर सिंह, गौरव सिंह, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, मंजेश कुमार और हुकुम सिंह सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि बकाया भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।


ग्राम खिनमिनी में लगा विद्युत शिविर

# जीएसटी की समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**समस्या के निराकरण का मिला आश्वासन**



ज्ञापन सौंपते व्यापारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार व्यापारियों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। जिसको लेकर जीएसटी के अन्तर्गत 6 सूत्रीय जीएसटी प्रमुख सचिव कामिनी रतन सिंह व कमिश्नर जीएसटी अमित बंसल को फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा के नेतृत्व में व्यापारियों ने सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि जनपद को अधिकरण आगरा के क्षेत्राधिकार में शामिल किया जा रहा है। कन्नौज आदि जनपदों का माल एवं सेवाकर अधिकरण लखनऊ के क्षेत्राधिकार में शामिल किया जाना व्यापारियों के हित में है। कर अवधि 2017-18, 2018-19, 2019-2020 में आरोपित व्याज, अर्थदण्ड माफी योजना को कर अवधि सन् 2023-24 तक आगे लागू किया जाय। कर अवधि 2017-18, 2018-19, 2019-2020 में गलती से जीएसटीआर 2ए में प्रदर्शित आईटी का जीएसटी 3बी क्लेम न किये जाने के कारण व्यापारियों को आर्थिक क्षति हो रही है एवं उनके विरूद्ध वसूली की कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है, यदि जीएसटीआर 2ए में प्रदर्शित आईटीसी का लाभ दे दिया जाता है तो अनावश्यक विभागीय कार्यवाही भी रूकेगी एवं व्यापारी को दोहरे टैक्स से बचाया जा सकेगा। अनेक व्यापारी जिनका व्यापार सन् 2020-21 से है उनके पास आय का पर्याप्त साधन भी नहीं हैं उनके विरूद्ध वसूली कार्यवाही की जा रही है। यदि जीएसटीआर 2ए में प्रदर्शित आईटीसी लाभ दिया जाना न्यायोचित है।

जीएसटीआर 2ए प्रदशित आईटीसी लाभ दिये जाने से ऐसे व्यापारी जिनका व्यापार बन्द है आय का कोई पर्याप्त साधन भी नहीं, उन्हें व उनके परिवार को आर्थिक कष्ट से बचाया जाना चाहिये। यह मानवीय आधार भी है साथ ही प्राकृतिक न्याय सिद्धांत से भी जिसने कर भुगतान आईटीसी के रूप में किया है उसे आईटीसी का लाभ प्राप्त होना चाहिये। एडीशनल कमिश्नर (ग्रेड-2) अपील इटावा को जनपद स्तर पर माह में एक बार कैम्प कर अपीलों की सुनवाई हेतु निर्देशित किया जाय। जीएसटी अधिकारियो द्वारा जो नोटिस व आदेश जारी किये हैं वह व्यापारियों के संज्ञान में तब आये हैं जब उनके विरूद्ध वसूली कार्यवाही प्रारम्भ हेतु अधिकारी उनसे सम्पर्क में आये है। ऐसे व्यापारी जिसका पंजीयन निरस्त किये जाने के उपरान्त नोटिस जीएसटी पोर्टल पर जारी किये हैं जो व्यापारियों के संज्ञान में नहीं आये ऐसे नोटिसों की तामीला विधिवत मानते हुये उपधारा-73 में आदेश जारी किये गये हैं एवं विधि विरुद्ध ढंग से आधारहीन तर्को पर धारा-74 के अर्न्तगत आदेश जारी कर भारी कर ब्याज एवं अर्थदण्ड आरोपित किया गया है जो न्यायसंगत नहीं है, आदि मांगें शामिल है। इस अवसर पर व्यापारी मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 18 फरवरी से प्रारम्भ होने वाली वर्ष 2026 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं नामित जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जनपद में निर्धारित 78 परीक्षा केन्द्रों के स्टेटिक मजिस्ट्रेट, की बैठक सम्पन्न हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी उपस्थित स्टेटिक मजिस्ट्रेट को केन्द्र पर आधारभूत सुविधाओं यथा-फर्नीचर, वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरा/हाईस्पीड इण्टरनेट/पेयजल, शौचालय/विद्युत की स्थाई एवं वैकल्पिक व्यवस्था तथा स्ट्रांग रूम की स्थापना, जिसमें 04 डबल लॉक युक्त अलमारी की व्यवस्थाओं को परीक्षा तिथि से पूर्व उपस्थित होकर किये जाने, डबल लॉक युक्त अलमारी में शासनादेश में तथा परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार परीक्षा प्रश्नपत्रों को रखे जाने एवं चतुर्थ अलमारी जिसमें रिजर्व प्रश्नपत्रों के सेट रखे जाने हेतु उसकी उसके प्रथम लॉक की एक चाभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास तथा दूसरी चाभी केन्द्र व्यवस्थापक के पास तथा दूसरे लॉक की चाभी सम्बनिधत थानाध्यक्ष अथवा उनके द्वारा नामित इंस्पेक्टर की अभिरक्षा में रखी जायेगी, से अवगत कराया गया। स्ट्रांग रूम हेतु लॉग बुक तैयार की जाये, जिसमें स्ट्रांग रूम के खोलने का समय एवं बन्द किये जाने का समय एवं खोलने तथा बंद करने वाले अधिकारी/कर्मचारी का विवरण भी अंकित किया जाये। लॉग बुक केन्द्र पर तैनात पुलिस बल की अभिरक्षा में रखा जायेगा। सभी उपस्थित मजिस्ट्रेट को शासन द्वारा परीक्षा को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्गत निर्देशों का अध्ययन करते हुये परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा को सकुशल नकलविहीन सम्पादित कराये जाने से अवगत कराया गया। अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये सभी मजिस्ट्रेट को सचेत रहते हुये परीक्षा सम्पादित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

# विद्यार्थियों से बोले पीएम, प्रसन्नचित्त रहकर करें अध्ययन

**प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को छात्राओं ने देखा**



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के अंतर्गत लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ की बोर्ड की छात्राओं ने विद्यालय में सामूहिक रूप से गंभीरता के साथ देखा और सुना। कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने परीक्षा से संबंधित अपने प्रश्न पूछे। बताया गया कि नियमित अभ्यास से प्रश्न याद रहते हैं, जबकि तनाव लेने से उनके उत्तर भूल जाने की संभावना बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रसन्नचित्त रहकर अध्ययन करने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा परीक्षा को जीवन का स्वाभाविक हिस्सा मानने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जो कार्य खुशी और सकारात्मक सोच के साथ किया जाता है, वह लंबे समय तक स्मरण रहता है। कार्यक्रम में जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश भी दिया गया। विद्यालय की छात्राओं ने कार्यक्रम को पूरी एकाग्रता के साथ सुना और समझा। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत द्वारा छात्राओं से फीडबैक लिया गया, जिसमें छात्राओं ने बताया कि इस कार्यक्रम से परीक्षा को लेकर उनका तनाव दूर हुआ है और अब वे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। इस अवसर पर प्रवक्ता ऋचा तिवारी, अर्चना गुप्ता, ज्योति, आरती यादव, सरिता बाजपेयी एवं गुलशन जहाँ उपस्थित रहीं।



परीक्षा में भाग लेते छात्र

## भारतीय पाठशाला इं.का. में रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। दो दिनों से सम्पन्न हुई प्रयोगात्मक परीक्षा में 78 छात्र उपस्थित रहे। वहीं 4 छात्र अनुपस्थित रहे। इक्जामनर रमेश नारायण शुक्ला जनता इंटर कालेज लघुचर लखीमपुर ने छात्रों से रसायन विज्ञान के प्रश्नों का बायवा लिया। विद्यालय में छात्रों ने अपनी क्षमता दिखाते हुए इक्जामनर द्वारा पूछे गये प्रश्नों का अधिकतर सटीक उत्तर दिया। विद्यालय के रसायन विज्ञान प्रवक्ता डॉ. बृजमोहन कुशवाहा ने प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रवक्ता पुष्पेन्द्र शर्मा, प्रवक्ता अविलाश शंखवार आदि शिक्षकों ने भी सहयोग किया।

# विहिप की बैठक में संगठन का हुआ विस्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।




बैठक में मौजूद पदाधिकारी

विश्व हिंदू परिषद जिला की बैठक चांदपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। आगामी कार्यक्रम राम उत्सव, हिंदू सम्मेलन एवं संगठन विस्तार पर चर्चा हुई।

संगठन विस्तार के रूप में जिला सह संयोजिका दुर्गा बाहिनी बहन रुनझुन दुबे, नगर संयोजिका मातृ शक्ति सिमरन सिंधी, प्रखंड कांपिल्य संयोजक अजबेंद्र यादव, सह संयोजक अंकित कुमार, किशन, प्रखंड सहसंयोजक जय कश्यप, बढ़पुर प्रखंड सह संयोजक आकाश प्रजापति, राजेंद्र, एवं दुर्गा बाहिनी नगर टोली का गठन हुआ। सभी ने अपने दायित्व का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विभाग अध्यक्ष योगेश, विभाग संगठन मंत्री रिषभ, विभाग संयोजक अभिषेक, जिला अध्यक्ष मुकेश बाथम, जिला मंत्री अखिलेश मिश्रा, जिला कार्याध्यक्ष अनिल, जिला संयोजक सुदीप, जिला सह संयोजक रोहन मिश्रा, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी विधि सिंह, मातृशक्ति जिला संयोजिया हेमलता मिश्रा, जिला सुरक्षा प्रमुख आकाश, जिला गौ रक्षा प्रमुख योगेंद्र, जिला बल उपासना प्रमुख अनुज, जिला मिलन केंद्र प्रमुख श्रवण, अंकुल, नगर मंत्री सिद्धांत, नगर अध्यक्ष इंद्रजीत यादव एवं सहमंत्री प्रवीण अवस्थी, जिला कोषाध्यक्ष रुक्मंगल, जिला उपाध्यक्ष शिवकांतजी, जिला विशेष संपर्क प्रमुख राहुल, प्रवीण सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परीक्षा पे चर्चा: प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के बच्चों ने देखा लाइव प्रसारण



टीवी पर लाइव प्रसारण देखते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के बच्चों के साथ परीक्षा पे चर्चा का सजीव प्रसारण बच्चों को दिखाया। बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब बड़े ही धैर्य से दें रहे थे और स्कूल के बच्चे कौतूहल के साथ सवाल-जवाब सुनकर खुश हो रहे थे। उन्होंने बच्चों को एआई तकनीक का प्रयोग करने पर बल दिया। बच्चों ने कार्यक्रम को देखकर सराहना की और अच्छी मेहनत कर परीक्षा में ज्यादा अंक लाने का प्रधानाध्यापक को भरोसा दिलाया। प्रसारण देखने के दौरान बच्चों के अंदर उत्साह दिख रहा था, जो अपने आप में एक आत्मविश्वास पैदा करने का जज्बा व जोश था।

# बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रहने की दी गई सलाह

**मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत ब्लाक स्तरीय बैठक सम्पन्न**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



शपथ दिलाते बीडीओ

खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में मोहम्मदाबाद ब्लॉक में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक, बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बाल संरक्षण के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए गाजियाबाद में 3 बालिकाओं द्वारा मोबाइल की लत के कारण आत्महत्या की घटना को दुःखद बताया और कहा कि प्रत्येक माता पिता को अपने छोटे बच्चों को मोबाइल के अधिक प्रयोग से बचाना चाहिए, जिससे कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सभी को शपथ दिलायी और बाल विवाह होने की जानकारी तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं 112 पर देने को कहा।

बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बाल विवाह के दुष्परिणामों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की और बताया कि बाल विवाह करने अथवा कराने पर 01 लाख रुपये जुर्माना एवं 2 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नवजात बच्चों के पास मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए और न ही उनके पास मोबाइल रखकर सोना चाहिए, क्योंकि मोबाइल से खतरनाक रेडिएशन से नवजात बच्चों को खतरा हो सकता है। इस अवसर पर विधि सह परिवीक्षा अधिकारी गिरजा, सहायक विकास अधिकारी एग्रिकल्चर सुरेन्द्र सिंह, खंड चिकित्साधिकारी डॉ0 जितेन्द्र यादव, शिक्षा विभाग से गुरदीप सिंह, आशी मिश्रा, प्रियंका राठौर, प्रवीण गुप्ता, उत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

## जनपद का नाम बदलने को लेकर कचहरी में भी चला हस्ताक्षर अभियान



हस्ताक्षर करते अधिवक्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद का नाम बदलकर पांचाल नगर करने का हिन्दू समाज पार्टी का हस्ताक्षर अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को जनपद न्यायालय/कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में हिन्दू समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें अधिवक्ताओं व आम जनमानस ने हस्ताक्षर किये। प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान को जनपद का व्यापक समर्थन मिल रहा है, इससे ये संभावना प्रबल होती जा रही है की जनपद का नाम अवश्य बदलेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेन्द्र मोहन अग्निहोत्री टिल्लू भईया, शिवम् त्रिपाठी, रंजन एडवोकेट, शिवेंद्र मोहन मिश्रा एडवोकेट, दिवाकर द्विवेदी एडवोकेट, गौरव यादव एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को डाक विभाग योजनाओं की दी गई जानकारियां



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कमालगंज के ग्राम गदनपुर देवराजपुर में इन्डिया पोस्ट बैंक एव पोस्ट आफिस द्वारा जनजगरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आये हुए अतिथियों का शाखा डाकपाल चन्द्रपाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। एएसपी प्रकाश चन्द ने डाक विभाग की योजनाओं का बिन्दुवार वर्णन किया।

जैसे शुकन्या योजना बीमा, आरडी, किसान सम्मान निधि के बारे में भी विस्तार से ग्रामीणों को समझाया। कार्यक्रम में ओवरसीयर अजय यादव ने आधार कार्ड से केवाईसी की बिस्तार से जानकारी दी। अध्यक्षता ग्राम प्रधान दिलीप कुमार यादव व सूरज यादव ने की। सचालन पोस्टमैन सुरेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री गुरुचरन आजाद, पुलिस सेवानिवृत्त रोशन लाल, समाजसेवी राजीव गुप्ता, पप्पू लाला, अनिल कुमार पाल, डॉ. मलिखान सिंह, शुमेन्द पाल, गल्लामन्डी समित अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, निर्जेश कुमार शंखवार आदि उपस्थित रहे।

## इग्नू ने फैब्रिक और अपैरल डिजाईन में लॉन्च किया बी.एससी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने डीएन कॉलेज फतेहगढ़ स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र 2729 के कॉर्डिनेटर डॉ0 आर0एन0 सिंह को जानकारी देते हुए बताया किअब इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने अपने स्कूल ऑफकंटिन्यूइंग एजुकेशन एसओसीई के माध्यम से जनवरी 2026 प्रवेश सत्र के लिए चार-वर्षीय अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम एफवाईयूपी के तहत फैब्रिक और अपैरल डिजाइन में बी-एससी लॉन्च करने की घोषणा की है। मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा ओपन और डिस्टेंस लर्निंग ओडीएल मोड में पेश किया जाने वाला यह क्रिएटिव प्रोग्राम यूजीसी के करिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुसार डिजाइन किया गया है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के अनुरूप है। फैब्रिक और अपैरल डिजाइन में बी-एससी प्रोग्राम का लक्ष्य सीखने वालों को टेक्सटाइल साइंस, फैशन डिजाइन और गारमेंट कंस्ट्रक्शन में एक मजबूत नींव और प्रैक्टिकल स्किल्स से लैस करना है। प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थी विज्ञान के साथ 10+2 पास होना चाहिए। कार्यक्रम हेतु शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है और लागू पंजीकरण और विकास शुल्क के साथ शुल्क 11 हजार प्रति वर्ष है।

# जरुरतमंद ग्रामीणों को यूनुस अंसारी ने बांटे कंबल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कंबल वितरित करते यूनुस अंसारी

समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद यूनुस अंसारी ने कई ग्रामसभा में कंबल वितरित किये।

धर्मपुर कटरी पहुंचकर बुजुर्ग व महिलाओं के बीच कंबल बांटे। 425 गरीब व असहाय लोगों को कंबल दिये और कहा कि इस पुण्य कार्य के लिए काफी दिनों से मन था। जिसको मैंने पूरा किया।

डॉ. पंकज गुप्ता, रईस भूरी आदि ने सहयोग किया। यूनुस अंसारी ने कहा कि क्षेत्र में आना-जाना रहता है। काफी दिनों से लोगों के बीच गया। वहां हाड़कपाऊ ठंड में लोगों को सिसकते देखा, जिसके लिए मैंने मन बनाया और कंबल वितरित कर लोगों की सेवा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य आगे भी करता रहूंगा। इस मौके पर जाहिद उर्फ जुम्मन राजा, गुड्डू, ताज बाबू, फहमुद्दीन, वारिस, सैमुद्दीन, रिजवान अहमद ताज, शाकिर मंसूरी, हाजी अलादीन, मजहर मोहम्मद खान आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत ली बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक लेते डीएम

विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 27 अक्टूबर 2025 से 5 फरवरी तक प्राप्त फार्मो के बारे में अवगत कराया कि अब तक कुल फार्म-6-41116, फार्म-7-952 तथा फार्म-8-12039 प्राप्त हुए हैं। डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मैनुअल ऑन इलैक्टोरल रोल्स मार्च 2023 के पैरा-25.2.2 बूथ स्तर के एजेंट की जिम्मेदारियां की प्रति उपलब्ध कराते हुए अवगत कराया कि एक बूथ लेवल एजेन्ट एक बार में कुल 10 फार्म तथा पूरे अभियान में कुल 30 फार्म बी.एल.ओ. को प्राप्त करा सकता है। फार्म प्राप्त कराते समय बी.एल.ए. को घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। डीएम ने बताया कि वर्तमान में समस्त विधानसभाओं में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान नो मैपिंग तथा लॉजिकल डिस्पेन्सरीज वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई का कार्य चल रहा है। इस कार्य में किसी भी मतदाता को काई कठिनाई न हो इस बात का पूरा ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में भाजपा से जिला महामन्त्री डी.एस. राठौर, सपा से जिला उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शाक्य, बसपा से रामरतन गौतम, आम आदमी पार्टी से जिला सचिव अंकुश सिंह उपस्थित रहे।

## नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत प्राकृतिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नेशनल मिशन ऑफ़नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम शमशाबाद में गौशाला में आयोजित किया गया। जिसमें जिला उप कृषि निदेशक अरविंद मिश्रा, पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन, नूतन चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे। कृषि निदेशक ने बताया कि किस प्रकार प्राकृतिक खेती किसानों के लिए लाभकारी है। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने कहा कि प्राकृतिक खेती के मूलभूत सिद्धांत, बदलते मौसम में फसल और मिट्टी का किस प्रकार रख रखाव किया जाता है। उन्होंने किसानों को बीजामृत, जीवामृत, धन जीवामृत, दस्पर्णी किस प्रकार बनाये तथा फसल चक्र, मृदा स्वास्थ्य पर चर्चा की, साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती आसान तरीको के बारे मे जानकारी प्रदान की।

# पांच दिवसीय स्काउट गाइड के जांच शिविर का हुआ समापन

**अनुशासन, सेवा, टीम भावना आदि के सिखाये गये गुर**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



समापन अवसर पर मौजूद स्काउट गाइड

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में 2 फरवरी से प्रारंभ हुई तृतीय सोपान जांच शिविर का शुक्रवार को समापन जिला मुख्यायुक्त प्रधानाचार्य द्वारा किया गया। पांच दिन तक चले इस जांच शिविर में स्काउट एवं गाइड प्रतिभागियों ने अनुशासन सेवा और टीम भावना का अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए स्काउटिंग की सच्ची भावना को जीवंत कर दिखाया।

विद्यालय के प्रवक्ता संजीव त्रिवेदी व अखिलेश पाण्डेय ने स्काउट गाइड के प्रतिभागियों में जिम्मेदारी, निष्ठा व राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रबल बनाता है। जिला मुख्यायुक्त ने स्काउट गाइड के शिविर में विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर तथा अच्छे नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित किया। जिला संगठन कमिश्नर गाइड ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट गजेन्द्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को अच्छा नागरिक बनने के लिए तैयार किया। प्रशिक्षक पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को आत्म बल तथा नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक तरुण शुक्ला, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर स्काउट ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत विकास में स्काउट गाइड शिविर के महत्व को समझाया।

इस अवसर पर गाइड कैप्टन सुनीता पाण्डेय, पूजा ने जांच शिविर में सहयोग किया। शिविर का समापन जिला मुख्यायुक्ता स्काउट गाइड दिनेश कुमार वर्मा ने किया।

## खबरें एक नजर में

### पारिवारिक विवाद में महिला से मारपीट, केस दर्ज, लाठी-डंडों से हमला, सिर व नाक में चोट, जान से मारने की धमकी का आरोप

**उचौलिया (खीरी)।** थाना उचौलिया क्षेत्र के ग्राम नयागांव जाट में पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नयागांव जाट निवासी रेखा पत्नी बलवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे गांव की ही सीमा पत्नी सूरजपाल उसके घर आई। आरोप है कि पारिवारिक बातों को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद सीमा ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के दौरान उसके सिर पर तसला लग गया, जिससे माथे और नाक पर चोटें आई हैं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी और कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सीमा निवासी ग्राम नयागांव जाट, थाना उचौलिया, जिला खीरी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रामलाल सोनकर को सौंपी गई है।

### नगर पालिका गोला की सफाई व्यवस्था को मिला संसाधनों का बल



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर पालिका परिषद गोला में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 15वें वित्त योजना के अंतर्गत नए वाहनों की खरीद की गई है। योजना के तहत दो ट्रैक्टर, एक ट्रैक्टर फ्रंट लोडर सहित, एक ट्रिपर तथा एक जेटिंग कम सक्शन मशीन नगर पालिका में शामिल की गई। गुरुवार दोपहर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने सभी नए वाहनों का विधिवत पूजन कराया। आचार्य लवकुश शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराई। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने बताया कि इन वाहनों के शामिल होने से कूड़ा निस्तारण, चोक नालों-नालियों की सफाई तथा कूड़ा उठान का कार्य और अधिक तेजी व प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि गोला के विकास के साथ-साथ स्वच्छता बनाए रखना भी पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा ने कहा कि नए संसाधनों के आने से सफाई व्यवस्था को गति मिलेगी और कार्य क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर सभासद राजेश वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, लेखाकार मोहित अवस्थी, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, जेई जलकर आदर्श मिश्रा, जेई सिविल अनिल कुमार यादव, विजय मिश्रा, धीरज बाजपेयी सहित अन्य पालिकाकर्मी मौजूद रहे।

### सीओ ऑफिस के पास मछली मंडी मार्ग बदहाल, जलभराव से बढ़ी दिक्कतें



**पलिया कलां खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले की पलिया तहसील स्थित सीओ ऑफिस के निकट बनी प्रख्यात मछली मार्केट की सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। सड़क पर जलभराव, कीचड़ और गंदगी के कारण स्थानीय लोगों, व्यापारियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पलिया की इस मछली मंडी में करीब 50 से 60 दुकानें संचालित हैं, जहां मांस, मछली और मुर्गे की बिक्री होती है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग यहां खरीदारी करने आते हैं। लेकिन सड़क पर भरे गंदे पानी और कचरे के कारण मक्खियां पनप रही हैं, जिससे खाद्य सामग्री में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसके बावजूद खरीददार और जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को नजरअंदाज करते दिखाई दे रहे हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ और बदबूदार पानी जमा होने से राहगीरों की आवाजाही भी मुश्किल हो गई है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं गुजरते हैं। जर्जर सड़क के कारण बच्चों को स्कूल पहुंचने में अधिक समय लग रहा है और फिसलन के चलते हादसों की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं और पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। वहीं सड़क किनारे खुले में मछली और मीट की बिक्री होने से दुर्गंध फैल रही है, जिससे राहगीरों को गुजरने में परेशानी होती है। कई लोगों की तबीयत खराब होने की भी शिकायत सामने आई है। नगर पालिका के ईओ विजय बहादुर यादव ने बताया कि मछली मंडी रोड को कार्य योजना में शामिल कर लिया गया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### गोला-लखीमपुर मार्ग हादसा, अज्ञात ट्रक चालक पर केस दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला-लखीमपुर मार्ग पर बीती 5 फरवरी की अलसुबह घने कोहरे में हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर थाना कोतवाली गोला में अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मुकदमा दर्ज होने के साथ ही पुलिस ने हादसे की विस्तृत जांच तेज कर दी है और फरार वाहन की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में बहराइच जनपद के ग्राम धर्मकुंडा निवासी रमेश सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह ने बताया कि उनके परिजन दिल्ली से बहराइच वैगनार कार संख्या HR58E5556 से तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। कार जब गोला क्षेत्र के जलालपुर के पास पहुंची, तभी ट्रक संख्या UP25CT8145 का अज्ञात चालक तेज रफ्तार व लापरवाही से उल्टी दिशा में वाहन चलाते हुए आया और कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में संतोष सिंह, सुनील सिंह और सुधा सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल मुकेश सिंह ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रवेश सिंह तथा मासूम बालिका मानवी घायल हुए, जिनका उपचार कराया गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई थी और राहगीरों व ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पहुंचकर राहत-बचाव कार्य में जुटे थे। अब इस प्रकरण में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार कोरी को सौंपी गई है।

### चहल कदमी करते हुए 9 फीट का मगरमच्छ पहुंचा बस्ती में, वन विभाग की टीम ने पकड़ कर मेजा डैम में छोड़ा



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में गुरुवार को 7 बजे रात्रि में नौ फीट के मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया मगरमच्छ को बस्ती में देखकर ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को सूचना दिया है मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित मेजा ददरी डैम में छोड़ दिया है भटवारी गांव निवासी विजेंद्र बहादुर सिंह, संजय सिंह, कमला मौर्या के घर के बगल में करीब नौ फीट का मगरमच्छ को ग्रामीणों ने देखकर मगरमच्छ के मुँह पर जूट का बोरा फेंककर सूचना रेंजर संतोष कुमार राय को दिया रेंजर के निर्देश पर वन दरोगा सूरज पाण्डेय फॉरेस्ट गार्ड शीतला बक्स सिंह, अंकुर शुक्ला, शिवम सिंह टीम के साथ पहुंचकर मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर मगरमच्छ को ददरी डैम में सुरक्षित छोड़ दिया है सुसुआड़ नाले से निकल कर भोजन की तलाश में बस्ती में पहुंचा होगा इस संबंध में रेंजर संतोष कुमार राय ने बताया सूचना मिली है टीम को मौके पर पहुंची टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर मगरमच्छ को सुरक्षित मेजा ददरी डैम के जलाशय में छोड़ दिया गया है।

### निःशुल्क सहायक उपकरण के लिए शिविर लगाकर किया गया पंजीकरण



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर द्वारा राष्ट्रीय व्योश्री योजना के अंतर्गत शिविर लगाकर विकास खंड के 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों को नित्य दैनिक जीवन के सहायक उपकरण यथा छड़ी, वाकर, व्हीलचेयर, कान मशीन, छड़ी सीट सहित व्हीलचेयर कमोड सहित सिलीकान फोम तकिया, नी ब्रेस, स्पाईनल स्पोर्ट सर्वाइकल कालर इत्यादि उपकरण के वितरण के लिए पंजीकरण किया गया है जानकारी मिलने पर ग्रामीण ग्राम प्रधान के साथ मुख्यालय पर पहुंचकर शिविर में उपकरण के लिए पंजीकरण कराया है। इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ समाज कल्याण राजेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि रमाकांत पटेल, गुलाब बहादुर पटेल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि काशी प्रसाद मिश्रा, ग्राम प्रधान रमेश मौर्या, पंचायत सहायक राम लोचन मौर्य, दिनेश मौर्य सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# गोला कॉरिडोर परियोजना का अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

**छोटी काशी कॉरिडोर कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए समयसीमा में पूर्णता के निर्देश**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग, उत्तर प्रदेश अमृत अभिजात अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे। जनपद आगमन पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

इसके उपरांत अपर मुख्य सचिव ने गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर विधायक अमन गिरी, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सरकार की



महत्वाकांक्षी छोटी काशी गोला कॉरिडोर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना से संबंधित नक्शों का अवलोकन करते हुए स्थल की वास्तविक स्थिति का बारीकी से अध्ययन किया तथा कार्यों की वर्तमान प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोला के पर्यटन विकास एवं छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर से जुड़े कार्यों को मिशन मोड में तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसे समयबद्ध ढंग से पूर्ण करना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों, सड़क मार्गों, पर्यटक सुविधाओं तथा मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्यों का भी जायजा लिया। यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाए तथा पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही प्रत्येक चरण की नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा, ताकि किसी प्रकार की विलंबता न हो। इस अवसर पर एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, उपनिदेशक पर्यटन डॉ. कल्याण सिंह, यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन के जीएम राकेश वर्मा, सहायक परियोजना प्रबंधक ऋत्यक मिश्रा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अंजू चौधरी, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला तथा सीओ रमेश कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर शुरू

**'गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा' के तहत तीन दिवसीय चिकित्सा सेवा अभियान**

**निघासन खीरी।** भारत-नेपाल सीमा से सटे निघासन तहसील क्षेत्र के गांवों में 'गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0' के तहत तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन शुरू हो गया है। यह शिविर 6, 7 और 8 फरवरी तक विभिन्न सीमावर्ती व ग्रामीण गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल ने लद्दुआ व चौगुर्जी गांवों में शिविरों का शुभारंभ किया। इस दौरान विभाग संपर्क प्रमुख नीरज, जिला कार्यवाह संजीव, प्रेम सोनी, जितेंद्र, आदर्श, डॉ. आशीष गुप्ता, प्रभाकर ब्रह्म मिश्रा, सुनील सत्यार्थ व विधायक शशांक वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पहले दिन बेलापरसुआ, कड़िया, भूलनपुर, गंगानगर, टांडा, जसनगर, रायपुर, सुथना बरसोला, हरद्वाही, बनवीरपुर, चौगुर्जी, लद्दुआ व खखरौला समेत कई गांवों में जांच व दवा वितरण किया गया। शनिवार को अन्य गांवों में शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को धर्मसभा इंटर कॉलेज, लखीमपुर में विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन होगा। शिविरों में निःशुल्क जांच, परामर्श व दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आयोजन नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन व श्रीगुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में, सेवा भारती सहित कई सहयोगी संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजकों ने ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की है।

## देय भुगतान में लापरवाही पर सीडीओ सख्त, लिपिक मनोज शुक्ला निलंबित

**10 ब्लॉकों के सफाई कर्मियों के स्थापना कार्य में देरी पर विकास भवन में हड़कंप**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** सफाई कर्मियों की देयताओं के निस्तारण में अनावश्यक विलंब का मामला गंभीर मानते हुए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। पंचायती राज विभाग में तैनात लिपिक मनोज शुक्ला को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। कार्रवाई की सूचना मिलते ही विकास भवन में हलचल तेज हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 10 विकास खंडों में कार्यरत सफाई कर्मियों के स्थापना संबंधी कार्यों की जिम्मेदारी मनोज शुक्ला के पास थी। लंबे समय से वेतन एवं अन्य देयताओं के निस्तारण में देरी को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। पूर्व में उन्हें चेतावनी जारी करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश भी दिए गए थे, किंतु अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं संज्ञान लिया। प्रारंभिक जांच में लापरवाही की पुष्टि होने पर निलंबन की कार्रवाई अमल में लाई गई। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि कर्मचारियों की देयताओं से जुड़े प्रकरणों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।सीडीओ के कड़े रुख से विकास भवन के कर्मचारियों में भी स्पष्ट संदेश गया है कि कार्यों का निष्पादन समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से करना अनिवार्य है। सूत्रों के अनुसार विभागीय कार्यों की समीक्षा अब और सख्ती से की जाएगी, ताकि कार्मिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उल्लेखनीय है कि कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सीडीओ द्वारा एक विशेष दिवस भी निर्धारित किया गया है, जिसमें संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतें सुनकर समाधान सुनिश्चित करते हैं।

## निघासन पुलिस का 'मोबाइल रिकवरी' अभियान सफल



23 गुम व चोरी के मोबाइल बरामद, रु. 3.90 लाख के फोन स्वामियों को लौटाए

**निघासन, खीरी।** निघासन कोतवाली पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और सतत अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। अलग-अलग स्थानों से गुम हुए व चोरी किए गए कुल 23 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिया गया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब ₹3 लाख 90 हजार बताई जा रही है। शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में लगातार मिल रही मोबाइल गुमशुदगी व चोरी की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया। इसके बाद एक विशेष रिकवरी अभियान चलाया गया। तकनीकी सर्विलांस के माध्यम से मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की गई और क्रमबद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों से सभी मोबाइल बरामद कर लिए गए। मोबाइल बरामद होने के बाद पुलिस ने संबंधित स्वामियों को कोतवाली बुलाकर आवश्यक अभिलेखीय सत्यापन कराया और विधिवत उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए। लंबे समय बाद अपने मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कई लाभार्थियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। मोबाइल चोरी व गुमशुदगी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

## एसआईआर अभियान को लेकर पलिया एसडीएम सख्त

**बीएलओ को समयपूर्व मतदाता सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश**



**पलियाकलां (खीरी), समृद्धि न्यूज़।** पलिया तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्र के सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्यक्रम से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक के दौरान एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती के लिए बेहद जरूरी प्रक्रिया है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें, नए मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ें, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाएं और सूची में मौजूद त्रुटियों का तत्काल सुधार सुनिश्चित करें। एसडीएम ने पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखते हुए कार्य करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। बैठक में एसआईआर से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों, ऑनलाइन अपडेट प्रक्रिया और फील्ड वेरिफिकेशन के तरीके पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान तहसील के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## मूकबधिर विकलांग युवती पर जानलेवा हमला

**चाकू से वार के आरोप में चार नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर क्षेत्र में एक विकलांग व मूकबधिर युवती पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आनन्द टाकीज हाथीपुर निवासी कान्ती पत्नी राजकपूर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री पूजा विकलांग व मूकबधिर है और घर पर ही रहती है। घटना 6 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 8 बजे की बताई गई है। उस समय परिवार के अन्य सदस्य मजदूरी के सिलसिले में बाहर गए हुए थे और घर पर मां-बेटी ही मौजूद थीं। आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र राजकुमार, दुर्गा पुत्री राजकुमार, आशा पत्नी सुनील कुमार तथा कुलदीप पुत्र राजकुमार एक राय होकर घर में घुस आए। सभी ने पहले युवती को लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। तहरीर के अनुसार, इसी दौरान सुनील कुमार ने युवती के चेहरे पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। बीच-बचाव करने पहुंची मां कान्ती के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की मां ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक विकास कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के रतेह नेहरी संपर्क मार्ग स्थित सेमरा कला गांव में गुरुवार शाम साढ़े सात बजे के करीब अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।सेमरा कला गांव निवासी नन्द किशोर चौरसिया का 17 वर्षीय पुत्र अंबर कुमार व 14 वर्षीय पुत्र आस्तिक कुमार लालापुर गांव के पास आटा चक्की से आटा लेकर बाइक से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही घर से तीन सौ मीटर पहले पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। चार पहिया की टक्कर से दोनों भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन उपचार हेतु आनन फानन में रतेह चौराहा स्थित जीवन रेखा क्लीनिक ले गए।

## भारतीय स्टेट बैंक राजगढ़ में पासबुक प्रिंटिंग मशीन खराब, उपभोक्ताओं परेशान

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक की शाखा राजगढ़ में खुली हुई है। पासबुक मशीन की छपाई ना होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैसों का लेनदेन का हिसाब भी नहीं मालूम चल पा रहा है क्योंकि महीनो से पासबुक मशीन खराब पड़ी हुई है। इसको बनवाने के लिए बैंक मैनेजर कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। उपभोक्ता भी पैसों का लेनदेन कर रहे है लेकिन पासबुक की छपाई नहीं हो पा रही है। उपभोक्ताओं को सही



जानकारी नहीं दी जा रही है। बैंक में कई बार महीनो से चक्कर लगाया गया।पासबुक की छपाई के लिए लेकिन अभी तक एक हफ्ते 15 दिन में मशीन बन जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मशीन जस की तस पड़ी हुई है बैंक से पैसों की निकासी हो रही है लेकिन मशीन से छपाई नहीं हो पा रही है बैंक मैनेजर उपभोक्ताओं से कहते हैं ग्राहक सेवा केंद्र स्टेट बैंक की शाखा में जाएं वहां से पासबुक छपाई करवा सकते हैं। स्टेट बैंक की में ब्रांच होने के नाते जब यहां की व्यवस्था ऐसी है तो बाहर की क्या होगी। इस संबंध में जब स्टेट बैंक राजगढ़ के बैंक मैनेजर जितेंद्र कुमार जायसवाल से बात हुई उन्होंने कहा कि 15 दिन बाद मशीन सही हो जाएगा। अगर ज्यादा जरूरी है तो स्टेट बैंक की ग्राहक सेवा केंद्र जाकर वहां से छपाई करवा सकते हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों में कोहराम

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में गुरुवार की देर रात कच्चे मकान के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवती ने जान दे दी। युवती के इस कदम से परिजनों में कोहराम मच गया। मड़वा धनावल गांव निवासी संतोष प्रसाद केशरी की 20 वर्षीया पुत्री रागिनी केशरी रात में मां संगीता देवी और छोटे भाई अंकित के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। शुक्रवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर भाई अंकित केशरी ने बहन को दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई। काफी देर तक बहन द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने पर पर भाई ने खपरैल के मकान की छत से कमरे के भीतर झांककर देखा तो बहन बड़ेर में दुपट्टे से लटकी हुई थी।बहन को फंदे से लटकता देख भाई अवाक रह गया। ग्रामीणों ने आनन-फानन में युवती को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों की सूचना पर पहुंचे प्रभारी थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एसआइ मूलचंद वर्मा ने घटना की जांच की। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी घटना की बारीकी से जांच की।

## ग्राम चौपाल में डीपीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्यायें दिया निस्तारण का आश्वासन, शासन की योजनाओं की दी जानकारी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत महेगढ़ी के पंचायत भवन पर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) वाणी वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है जिला कार्यक्रम अधिकारी ने ग्राम सचिव लक्ष्मी शंकर यादव से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की जानकारी किया और जन्म प्रमाण पत्र रजिस्टर का निरीक्षण किया जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी करने का निर्देश दिया है बाल विकास विभाग की मुख्य सेविका से राशन वितरण की जानकारी लिया और निर्देश दिया है की राशन वितरण समय से किया जाय इसमें लापरवाही मिलने पर कार्रवाई किया जायेगा



चौपाल में ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने का आश्वासन दिया है चौपाल में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दिया गया जिला कार्यक्रम अधिकारी ने चौपाल में ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास आदि योजनाओं कि जानकारी दिया गया इसी प्रकार ग्राम पंचायत कोटार के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक के स्थान पर राजकीय हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक राम गोपाल तिवारी ने ग्रामीणों द्वारा आवास, शौचालय, पेंशन, शौचालय पीएम सम्मान निधि के मांग को रखा नोडल अधिकारी ने समस्या को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, ग्राम सचिव संदीप कुमार,लक्ष्मी शंकर यादव खंड प्रेरक स्वच्छता रजनीश कुमार, व मोहम्मद मोहसिन, ग्राम प्रधान सुरेश केशरी, पंचायत सहायक आदेश दुबे, अमरेश कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

